@eksandesh
www.eksandesh.org

हिन्दी दैनिक

# एक संदेश

उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

हर खबर पर नजर

वर्ष 10 | अंक 71 | लखनऊ | मंगलवार, 21 जनवरी 2025 | पृष्ठ- 12 | मूल्य 3.00 रुपए




विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश, कहा..

# परियोजनाओं में श्रमशक्ति बढ़ाएं, काम में तेजी लाएं



**गोरखपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स (विकास परियोजनाओं) में मैनपावर बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए। किसी भी परियोजना की गति सुस्त नहीं होनी चाहिए। हर परियोजना समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की ली जाए। हर प्रोजेक्ट की जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर एक निश्चित अवधि पर जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाए। सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारीको उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी समय समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें।

**मुख्य बिंदु**

- हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी, सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : मुख्यमंत्री

**जन समस्याओं के निस्तारण में लाएं तेजी**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करें। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। गीडा में उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने और शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन मशीनरी को मजबूत किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स मीट को व्यावहारिक बनाने की हिदायत देते हुए कहा कि जनपद के सीडी रेशियो को 58 प्रतिशत से 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई का क्रम थमना नहीं चाहिए। सीएम ने गो तस्करों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी हिदायत दी। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग और फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने ट्रैफिक प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सड़कों पर गाड़ियां न खड़ी रहें। सभी वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों। टेम्पो को भी उनके लिए निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो या ई रिक्शा की स्टीयरिंग नाबालिगों के हाथ में न हो। सभी स्ट्रीट वेंडर्स को तय वेंडिंग जोन में व्यवस्थित किया जाए।

## वैश्विक स्तर पर ब्रांड यूपी को और सशक्त करेगा महाकुंभ

**लखनऊ, संवाददाता।** तीरथ राज प्रयाग में करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले महाकुंभ से ब्रांड यूपी देश और दुनिया में और सशक्त होगा। यही वजह है कि देश की हर नामचीन कंपनी महाकुंभ में किसी न किसी रूप में खुद की ब्रांडिंग कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये कंपनियां मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही हैं। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, ब्रांड इंडिया को भी वैश्विक स्तर पर और मुकम्मल पहचान देगा। भारत और स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार मिलने का मतलब मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल की ओर एक और मजबूत कदम होगा। उल्लेखनीय है कि विविधताओं से भरपूर उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया में ब्रांड बनाने को लेकर योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी मकसद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सरकार ने वर्ष 2018 में प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला, एक उत्पाद योजना/ वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) लागू की। आज यह सरकार की सबसे सफलतम योजनाओं में से एक है। इस योजना के जरिए हर जिले के कुछ खास उत्पादों के देश और दुनिया में नई पहचान मिली है। सरकार की मदद और ब्रांडिंग से इनसे जुड़े हजारों हस्तशिल्पियों और उनके परिवारों का जीवन बदला है। सरकार के इन्हीं प्रयासों के नाते सिद्धार्थनगर का कालानमक चावल, गोरखपुर के टेराकोटा उत्पाद, कुशीनगर का केला और उससे बने उत्पाद, मुजफ्फरनगर के गुड़ और उससे बनने वाले अन्य उत्पादों का क्रेज तेजी से बढ़ा है। ये तो प्रतीक के तौर पर चंद उदाहरण हैं।

# अमेरिका में फिर ट्रंप सरकार

## डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ



**वाशिंटन वार्ता।** डोनाल्ड ट्रम्प भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने। उन्होंने 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लिया। उनका शपथ ग्रहण समारोह वॉशिंगटन डीसी के यूएस कैपिटल हिल (संसद) के अंदर हुआ। कड़कड़ाती ठंड की वजह से 40 साल बाद शपथ ग्रहण इनडोर में रखा गया है। अभी राजधानी का माइनस 5 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर है। 1985 में रोनाल्ड रीगन का शपथ ग्रहण यूएस कैपिटल हिल में हुआ था। ट्रम्प पत्नी मेलानिया के साथ व्हाइट हाउस पहुंचे। यहां उनका स्वागत राष्ट्रपति जो बाइडेन ने किया। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रम्प को बधाई दी है और कहा है कि वे रूस-यूक्रेन जंग और परमाणु हथियार के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। शपथ ग्रहण में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत 700 से ज्यादा नेता और हस्तियां मौजूद रहीं। उधर, पद छोड़ने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को कई लोगों को अग्रिम माफी दे दी। इनमें डॉ. एंथनी फाउची, जनरल मार्क मिले और 6 जनवरी कैपिटल हिल हमले की जांच के लिए गठित समिति के सदस्य शामिल हैं। ये सभी ट्रम्प के विरोधी माने जाते हैं।राष्ट्रपति जो बाइडेन, प्रथम महिला जिल बाइडेन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति डग एमहॉफ व्हाइट हाउस में एक साथ फोटो खिंचाई।उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस का व्हाइट हाउस में स्वागत किया।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पत्नी जिल बाइडेन के साथ व्हाइट हाउस में बतौर राष्ट्रपति आखिरी सेल्फी ली। अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में करीब 700 अमेरिकियों के सामने डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति की शपथ लिया। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स, डोनाल्ड ट्रम्प और उनके उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस को शपथ दिलायी। इस दौरान ट्रम्प का बायां हाथ बाइबिल पर रहा। शपथ ग्रहण में बाइबिल राष्ट्रपति की पत्नी के हाथों में होती है। ट्रम्प के केस में उनकी पत्नी मेलानिया बाइबिल पकड़े थीं।

## मोदी के विशेष दूत के रूप में शामिल हुए जयशंकर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर आज वॉशिंगटन में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शामिल हुए। इस अवसर जयशंकर प्रधानमंत्री का एक पत्र ट्रंप को सौंपा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह एक सामान्य प्रथा है कि प्रधानमंत्री अपने विशेष दूतों को दूसरे देशों के प्रमुखों के शपथ ग्रहण समारोह में भेजते हैं। इससे पहले अन्य केंद्रीय मंत्री भी दूसरे देशों में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए हैं। साल 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था। इसी तरह नवंबर 2023 में पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने मालदीव के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवमं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जुलाई 2024 में ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था। इसी तरह विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने अक्तूबर 2024 में इंडोनेशिया और मैक्सिको के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

# कोलकाता : ट्रेनी डॉक्टर से बलात्कार-हत्या के दोषी संजय राय को उम्रकैद

अदालत ने कहा, अंतिम सांस तक जेल में रहेगा मुजरिम



**कोलकाता,(हि.स.) ।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपित सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जज अनिर्बाण दास ने आदेश दिया कि संजय को अपनी बाकी की जिंदगी जेल में ही बितानी होगी। सीबीआई के वकील ने इस मामले को रेयर ऑफ द रेयरेस्ट करार देते हुए फांसी की सजा की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया कि पीड़ित एक डॉक्टर थीं, जो ड्यूटी पर थीं। यह न केवल परिवार की, बल्कि पूरे समाज की क्षति है। वहीं, संजय के वकीलों ने फांसी विरोध करते हुए दलील दी कि कानून के तहत दोषी को सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। जज ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि दोषी को उम्रकैद की सजा दी है। इसके तहत दोषी को आपको अपनी आखिरी सांस तक जेल में रहना होगा। आज सियालदह कोर्ट के 210 नंबर कोर्टरूम में सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सुनवाई हुई। जज अनिर्बाण दास ने दोपहर 2:45 बजे अपना अंतिम फैसला सुनाया। इससे पहले संजय ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है। सजा के ऐलान से पहले पीड़ित के माता-पिता कोर्ट पहुंचे।

## सोपोर मुठभेड़ में घायल जवान ने अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम

**सोपोर, (हि.स.)।** सोपोर के जालोरा के गुज्जरपति इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में घायल हुए जवान ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। इलाके में कल देर शाम मुठभेड़ शुरू हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि अंधेरे के कारण कल रात अभियान रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि सोमवार को सुबह की पहली किरण के साथ फिर से अभियान शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों द्वारा भारी गोलीबारी शुरू की गई जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया जिसे तुरंत मौके से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि घायल सैनिक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है।

दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को राजनाथ ने किया संबोधित,कहा..

# एनसीसी कैडेट विकसित भारत के सपने को करें साकार



**नयी दिल्ली (वार्ता)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों को देश के लिए अहम बताते हुए उनसे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया है । श्री सिंह ने सोमवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा , कैडेट, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों, एनसीसी द्वारा उनमें विकसित किए गए 'नेतृत्व', 'अनुशासन', 'महत्वाकांक्षा' और 'देशभक्ति' के गुणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वह स्वयं एक एनसीसी कैडेट रहे हैं। इसलिए, यदि किसी पूर्व एनसीसी कैडेट ने कोई सपना देखा है, तो उसे पूरा करना अन्य सभी कैडेटों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है इसका अर्थ है 140 करोड़ भारतीयों की प्रगति, जो सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद एकता में रहते हैं। हमें अपने साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहिए और जल्द ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।÷ रक्षा मंत्री ने कैडेटों की प्रतिबद्धता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति प्रेम की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक देश के रूप में भारत जो कुछ भी हासिल करने में सक्षम है, वह सभी की कड़ी मेहनत, खासकर युवाओं की बदौलत है। उन्होंने कहा ,÷जब भी मैं एनसीसी कैडेटों से मिलता हूं, तो मुझे उनमें सिर्फ एक कैडेट नहीं दिखता। मैं भारत का प्रतिबिंब देखता हूं, जिसमें कई शरीर हैं लेकिन आत्मा एक है, कई शाखाएं हैं लेकिन जड़ एक है, कई किरणें हैं लेकिन रोशनी एक है। ये कैडेट अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं और अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हैं।

# सिंधिया ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित प्रदर्शनी को देखा



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा दिल्ली के राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी को आज केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दे देखा और इस दौरान उन्होंने बच्चों और कलाकारों से मुलाकात भी की। डाक विभाग ने प्रदर्शनी में भारतीय संविधान और गणतंत्र पर जारी हुए सभी डाक टिकटों को प्रदर्शित किया है। इसी के साथ कई ऐतिहासिक चिट्ठियों को भी प्रस्तुत किया गया है। इन्ही चिट्ठियों में से एक चिट्ठी संविधान के रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर को थी जिसे देखकर सिंधिया भावुक हो गए। इस चिट्ठी को देख उन्होंने सभी को पत्र लिखने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि जो भावना चिट्ठी लिखने में आती है वह ईमेल और मैसेज में नहीं आती। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने संविधान पर डाक विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष पोस्टकार्ड का भी विमोचन किया। उन्होंनेभी नागरिकों को म्यूजियम में आकर प्रदर्शनी देखने का निमंत्रण देते हुये कहा कि संविधान हमारे देश का ग्रंथ है एवं मार्गदर्शक है और आज डाक विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से हम नई पीढ़ी को अपने संविधान को गौरवपूर्ण यात्रा से जोड़ पाएंगे।

# विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषयः ओम बिरला




**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधानसभा में चल रहे 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानसभाओं की बैठकों की घटती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। यह 1954 में एक चुनौती थी और यह आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में मात्र 74 बैठकें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में योजनाबद्ध व्यवधानों की भी निंदा की और राजनीतिक दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया। ओम बिरला ने कहा कि संविधान ने सहकारी संघवाद की अवधारणा को अपनाया है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश विधानसभाएं कागज रहित और डिजिटल हो गई हैं, ताकि सभी बहसों को एक मंच पर लाया जा सके। वर्ष 2025 तक सभी चीजें एक मंच पर उपलब्ध होंगी। अब समय आ गया है कि अन्य लोकतांत्रिक निकायों जैसे पंचायत राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सहकारी समितियों को भी इसमें शामिल किया जाए और राज्य ऐसा कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभाओं को सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का स्थान होना चाहिए और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आकर अपने-अपने दलों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगे

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच के सामने सोमवार को केस लिस्ट था, लेकिन सुनवाई हो नहीं सकी। ताहिर की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने मंगलवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया। इस पर जस्टिस मित्तल ने कहा-इस पर ताहिर के वकील ने कहा कि ताहिर का नामांकन स्वीकार किया जा चुका है। इस पर कोर्ट ने मामले को मंगलवार के लिए लिस्ट कर लिया। आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मुस्तफाबाद सीट से टिकट दिया है।

# जयशंकर ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात



**वाशिंगटन, (वार्ता)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही, क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड सहयोगी एवं ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर बहुत खुशी हुई। उनसे हमेशा की तरह ही विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर आनंददायक चर्चा हुई। श्री ट्रम्प ने श्री मार्को रुबियो को विदेश मंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। डॉ. जयशंकर की श्री रुबियो से भी मुलाकात होने की संभावना है।

# ऋषिकेश का विकास हमारी प्राथमिकता : धामी

**संजय बलोदी प्रखर**



**ऋषिकेश।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम के चुनाव में ऋषिकेश से मेयर प्रत्याशी शंभू पासवान एवं अन्य पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश की जनता ने हमेशा भाजपा का साथ दिया है और इन चुनाव में भी यहां की जनता निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश देवभूमि के साथ ही संपूर्ण भारत की पहचान है। यह स्थान भारत की सांस्कृतिक धरोहर है और यहां का विकास हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों का ही नतीजा है कि आज देवभूमि उत्तराखंड की गिनती देश के अग्रणी राज्यों में हो रही है। सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तराखण्ड पहले नंबर पर है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब भी हम कोई अच्छा काम करते हैं तो कांग्रेस के लोग भ्रम फैलाकर लोगों को तोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाती है कि हम लोगों को उजाड़ देंगे, जबकि हम उजाड़ने पर नहीं बसाने पर विश्वास करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का काम कर रही है वहीं कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए प्रभु श्री राम के अस्तित्व को भी नकार दिया। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार बनने पर ऋषिकेश की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। हमें क्षेत्रवाद और जातिवाद से उठकर राष्ट्र हित में कार्य करने वाली भाजपा को विजयी बनाना है और धर्म संस्कृति का उपहास बनाने वाली कांग्रेस को जड़ से उखाड़ना है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, चुनाव प्रभारी दान सिंह रावत, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, निवर्तमान मेयर श्रीमती अनिता ममगाई, संजय शास्त्री, सुमित पंवार, सुरेश सिंह, कविता शाह, सतीश सिंह, सुरेंद्र मोघा, इंद्रमोहन, सुनीता भंडारी, दिनेश सती, दीपक धमिजा, गौतम, गौरव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कांच उद्योग भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : जितेंद्र सिंह

**कोलकाता,(हि.स.)।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के भविष्य की आर्थिक प्रगति में कांच उद्योग की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कांच उद्योग के विकास के लिए शिक्षाविदों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय और जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे कोलकाता में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांच कांग्रेस में शामिल हुए जिसका आयोजन सीएसआईआर-सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा कि कांच उद्योग में रीसाइक्लिंग क्षमता है, जो इसे स्थिरता के लिए आवश्यक बनाता है। उन्होंने एक संस्थान, एक थीम के दृष्टिकोण को अपनाने का सुझाव दिया।

# संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरीः धनखड़



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। श्री धनखड़ यहां भारतीय विद्या भवन के परिसर में नंदलाल नुआल भारत अध्ययन केंद्र के भवन की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है। अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र के लिए मौलिक हैं। उन्होंने कहा , अगर हमें अभिव्यक्ति का अधिकार नहीं है तो हम लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकते और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संवाद का अभाव सर्वनाश कर सकता है। संवाद का अभाव लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए मृत्यु की घंटी हो सकता है। अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार करना लोकतंत्र का अमृत है। लोकतंत्र भय या उपहास से मुक्त समावेशी संवाद के माध्यम से पनपता है। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय संस्कृति पर एक नजर डालने से पता चलता है कि संवाद मुद्दों को हल करने का केंद्र था। हमारे शास्त्र और इतिहास इस बात पर ज़ोर देते हैं कि संवाद संघर्षों को हल करता है और समाज को बनाए रखता है। श्री धनखड़ ने कहा कि जब कोई सभ्यता स्वदेशी भूमि के माध्यम से अपनी जड़ों को फिर से खोजती है, तो वह न केवल जीवित रहती है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी आलोकित करती है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में विश्व शांति और सद्भाव में योगदान देना हमारी नियति में हैं। यह राष्ट्र वसुधैव कुटुम्बकम में निहित सभी के कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने के लिए विलक्षण तरीके से खड़ा है। उन्होंने कहा कि वेदांत, बौद्ध धर्म और जैन धर्म भारत की समावेशी दार्शनिक परंपराओं को प्रदर्शित करते हैं। वेदांत, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और अन्य दार्शनिक विचारधाराओं ने हमेशा संवाद और सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित किया है। आज की ध्रुवीकृत दुनिया में ऐसे सिद्धांत बहुत ही मूल्यवान हैं।

# शिक्षा और नेतृत्व की शक्ति को किया उजागर

## युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व, नवाचार के प्रति जागरूकता



इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स ने शिक्षा और नेतृत्व की शक्ति को उजागर किया।

लखनऊ। इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। कार्यक्रम ने युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व, नवाचार और उपस्थित लोगों को उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। सुनील मिश्र, सदस्य, गवर्निंग कार्उसिल, कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एडवोकेट मनोज राय, धनंजय सिंह, उप निदेशक, कृषि विभाग, सुनील शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू वाहिनी सर्वेश कुमार पांडे उप निदेशक, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, अयोध्या मंडल शामिल रहे। प्रियांशी श्रीवास्तव, जो सारेगामापा रनर-अप रहीं, उनकी संगीतमय प्रस्तुति और प्रेरणादायक कहानी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने नेतृत्व और नवाचार पर अपने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर चेतन वाकालकर एकेडमिक एडवाइजर इंदिरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट पुणे शामिल रहे। 300 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति में

### दस दिशा नामक संगठन के साथ यूपीएसटीडीसी का हुआ एमओयू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने दस दिशा नामक संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह संगठन स्थानीय इतिहास को दस्तावेज़ीकृत करने और अंतरसांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस साझेदारी के तहत, प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रयागराज की समृद्ध ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के लिए प्रसिद्ध प्रयागराज धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दस दिशा द्वारा परिकल्पित और संचालित हेरिटेज वॉक प्रतिभागियों को संगम, प्रयागराज किला, अक्षयवट, आनंद भवन और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का अनुभव प्रदान करेगा।

# भगवान बुद्ध के सन्देश पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से विश्व- शांति एवं राष्ट्र- निर्माण की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। श्री मौर्य सोमवार को वज्र विद्या इंस्टीट्यूट खजुही सारनाथ वाराणसी के 25 वीं वार्षिक काग्यू शीतकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने भगवान बुद्ध जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया । कहा कि भगवान बुद्ध की इस पावन धरा को प्रणाम करता हूँ। सारनाथ को प्रारम्भ से ज्ञान, शान्ति और अध्यात्मिक चिन्तन के लिये जाना जाता है। व्रज विद्या संस्थान मठीय महाविद्यालय है जो उच्च बौद्ध दर्शन का प्रशिक्षण प्रदान करता है। विश्व शान्ति की कामना के उद्देश्य से व्रज विद्या संस्थान द्वारा जो कदम उठाया गया है वह सराहनीय है। व्रज विद्या संस्थान द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार व शिक्षण संस्थानों के रूप में शिक्षा प्रदान करायी जा रही है।व्रज विद्या संस्थान दूरगामी सोच के रूप में बौद्ध के सन्देश को जन-जन तक पहुँचा रहा है। मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने स्थापित बौद्ध पन्थ के स्तम्भ एवं शिलालेख स्थापित किये। वह बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। देश और विदेश के पर्यटक लाखों की संख्या में हर साल सारनाथ दर्शन करने के लिए आते हैं। जनपद वाराणसी के सारनाथ धाम स्थित वज्र विद्या इंस्टीट्यूट में 25वीं वार्षिक काग्यू शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि व्रज विद्या संस्थान द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार व शिक्षण संस्थानों के रूप में शिक्षा प्रदान करायी जा रही है। व्रज विद्या संस्थान दूरगामी सोच के रूप में बौद्ध के सन्देश को जन-जन तक पहुँचा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को ही जनपद वाराणसी के चिरईगांव में पूर्व सांसद, चंदौली,व वरिष्ठ नेता स्व0 आनंदरत्न मौर्य जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया।कहा कि चंदौली लोकसभा क्षेत्र के लोग उन्हें एक सौम्य और महान सांसद के रूप में याद करते हैं। वह एक प्रकृति प्रेमी थे और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए काम करते थे। उनके द्वारा किए गए कार्यो एवं उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियां के लिए प्रेरणा का काम करेंगे।

# हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित



**लखनऊ।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2012 से चलाए जा रहे वस्त्र एकत्रण एवं वितरण अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, बस्तौली, इंदिरा नगर, लखनऊ में 114 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए । ट्रस्ट के इस प्रयास ने न केवल बच्चों को ठंड से बचाव का साधन प्रदान किया, बल्कि उनके चेहरे पर मुस्कान भी लाई । स्वेटर की उपलब्धता नवीन रस्तोगी, निवासी अलीगंज, लखनऊ के सहयोग से हुई । इस अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ हर्ष वर्धन अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को नववर्ष की बधाई दी तथा मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करके अपने अपने जीवन को सफल बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ. रूपल अग्रवाल, उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मीना यादव, शिक्षिकाओं एवं ट्रस्ट के स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पंडित श्रीनारायण तिवारी को दिया गया डॉ. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जौनपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार पंडित श्रीनारायण तिवारी जी को को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डॉ. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री तिवारी जी जनसत्ता, लोकमत समाचार, दबंग दुनिया व एब्सलूट इंडिया सहित कई समाचार पत्रों में कार्य करने के बाद वर्तमान में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले निष्पक्ष लोकप्रिय हिन्दी दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक है।

ईमानदार पत्रकारिता को जीने वाले श्रीनारायण तिवारी को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डॉ. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान युगप्रवर्तक संस्था द्वारा जोगेश्वरी पूर्व, सेंट मेरी स्कूल के पास बने श्रीराम मंदिर आश्रम हॉल में दिया गया। इस मौके पर श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि डाक्टर राममनोहर त्रिपाठी के बताए आदर्शों पर चलना ही मेरा परम लक्ष्य है। स्व.डॉ. रामनोहर त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, सहित्यनुरागी पंडित बंसीधर शर्मा ने श्रीनारायण तिवारी को पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए शॉल, पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र दे कर उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से समानित किया। इस अवसर श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि डॉ. रामनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह भावुक कर देने वाला पल है। डॉ. राममनोहर त्रिपाठी मेरे लिए पिता तुल्य थे। उनके नाम के सम्मान से जुड़ कर मेरा नाम सफल हो गया। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. राममनोहर त्रिपाठी के सिखाए आदर्शों पर चल कर पत्रकारिता को समृद्ध करता रहूंगा और इसे कलंकित नहीं होने दूंगा। वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि श्रीनारायण तिवारी ने हमेशा लीक से हटकर पत्रकारिता की है। वे बिकाऊ मीडिया के साथ कभी नहीं रहे बल्कि उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जीवनभर निष्कलंक पत्रकारिता की है। दीप प्रज्ज्वलन वरिष्ठ पत्रकार अनुराग राममनोहर त्रिपाठी ने किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य और समाजसेवी पं. वंसीधर शर्मा ने किया। श्रीनारायण तिवारी का पत्रकारिता सफर श्रीनारायण तिवारी ने लोकप्रिय दैनिक जनसत्ता और संझा जनसत्ता में मुख्य संवाददाता, लोकमत समाचार और लोकमत तथा लोकमत टाइम्स में विशेष संवाददाता तथा दबंग दुनिया, एब्सलूट इंडिया, पूर्ण विराम और दैनिक जागरुक टाइम्स में भी कार्यकारी संपादक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्हें खबरों में तीखी धार और समाचार पत्र में नए कलेवर के लिए जाना जाता है, जो आज भी दैनिक यशोभूमि समाचार पत्र में दिखाई देता है।

# महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे गौतम अदाणी



**लखनऊ।** दुनिया के जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी आज मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रृद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त गीता प्रेस के साथ मिलजुल कर अदाणी समूह 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण कर रहा है। सुबह 10ः30 बजे से 11:20 बजे तक स्थान- इस्कॉन मंदिर सेक्टर 19 11:30 पूर्वाह्न- 12:20 अपराह्न स्थान-वीआईपी बोट जेट्टी। 12:25 अपराह्न- 12:45 अपराह्न-स्थल-हनुमान मंदिर 12:45-दोपहर 1 बजे- चेयरमैन सर गीता पैगोडा का दौरा करेंगे। वह गीता पैगोडा के पास मीडिया को संबोधित करेंगे।

## एक नजर

### मोहनलालगंज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस

#### नहीं मिली पेंशन अधिकारियों से गिडगिडा कर रो पडीं वृद्ध दिव्यांग महिला



**मोहनलालगंज लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दोनों पैरों से पूर्ण रूप से दिव्यांग 70 वर्षीय निगोहा के नहर खेड़ा की रहने वाली सरवन कुमारी दोनों हाथों से घिसटते हुए अधिकारियों के समक्ष पहुंची तो तहसील दिवस पटल पर जनसुनवाई कर रहे एसडीएम बीके वर्मा तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय पटल छोड़कर नीचे आए और पूछा क्या बात है तो सरवन कुमारी फफक कर रो पड़ी और बोली साहब पूरा साल गुजर गया विकलांग पेंशन मेरे खाते में नहीं आई जिसके चलते मैं भुखमरी के कगार पर आ गई हूं पेंशन ही एक जीने का सहारा था वह भी विकलाग विभाग ने छीन लिया। इतना सुनते ही तहसीलदार ने उसे किसी तरह चुप करा कर कुर्सी पर बैठाया और एक कंबल भेंट करते हुए एडीओ समाज कल्याण को फटकार लगाते हुए विकलांग कल्याण विभाग से संपर्क कर वृद्ध महिला की पेशन समस्या को दूर करने के आदेश दिए। विकलांग कल्याण विभाग की एक अधिकारी ने बताया की सरवन कुमारी के खाते में बीते जून माह में पेंशन 6 माह की भेजी गई थी लेकिन बैंक की त्रुटि के कारण वह पेंशन वापस आ गई जिसे बैक में दुरुस्त कराकर जल्द ही उसके खाते में भेज दिया जाएगा। तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में जहां एक और अधिकारियों की उपस्थिति में कमी रही वही शासन स्तर से नामित जिला स्तरीय एडीएम सिविल सप्लाई ज्योति गौतम समाधान दिवस में 1 घंटे देर से पहुंची।

### राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ का उत्तर प्रदेश प्रभारी का खुला कार्यालय



**लखनऊ।** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ का प्रदेश प्रभारी कार्यालय स्थापित किया गया है। वृंदावन स्थित सेक्टर 3-12, कैलाश नगर में उत्तर प्रदेश प्रभारी ब्रह्मदेव द्विवेदी के निवास पर यह कार्यालय स्थापित किया गया है। इस अवसर पर ब्राह्मण सेवा संघ के संस्थापक पंडित चंद्र लाल शर्मा ने कहा कि श्री द्विवेदी प्रदेश प्रभारी के रूप में अपना कार्यभार समुचित रूप से अवश्य निभा पायेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि पूर्व में भी मथुरा में प्रदेश कार्यालय स्थापित हो चुका है। वृंदावन में प्रदेश प्रभार कार्यालय स्थापित होना राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के लिए निश्चित रूप से नया आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित पाराशर ने कहा के आदरणीय ब्रह्मदेव द्विवेदी प्रदेश प्रभारी के रूप में नियुक्ति होने से समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। जिला अध्यक्ष पंडित सुनील कौशिक ने कहा कि अतिशीघ्र जिला कार्यकारिणी की घोषणा होगी इसमें गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, कोसी, मांट, राया, बलदेव, रावल सहित संपूर्ण जिले के पदाधिकारी नियुक्त होंगे साथ ही सदस्यों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। प्रदेश प्रभारी के रूप में पंडित ब्रह्मदेव द्विवेदी ने कहा कि पूरे प्रदेश में अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। एस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वंशी तिवारी, कोषाध्यक्ष जेपी सारस्वत, अवसर पर महानगर अध्यक्ष पंडित रसिक शास्त्री, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा, ब्रह्मचारी विमल चैतन्य महाराज, मीडिया प्रभारी नीरज गौड महानगर महामंत्री पंडित विनीत द्विवेदी, बृजेश शर्मा, तपेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

### ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने रकाबगंज में लगाया कृत्रिम अंग,चश्मा और कंबल वितरण शिविर

लखनऊ। नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र के साथ ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, बैसाखी,छड़ी, कान की मशीन व कम्बल वितरण महाअभियान की श्रंखला में आज लखनऊ के आर0 के0 पैलेस रकाबगंज चौराहे में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों मातृ शक्तियों, बुजुर्गो को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर माननीया सुषमा खरकवाल ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा नारायण सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट इस तरह के विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर जरूरतमंदों पर सेवा एवं सहायता के ममता की बारिश निरंतर कर रहीं है, मुख्य अतिथि के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

# विकसित उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास का योगदान : डॉ दिलीप अग्निहोत्री



लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार विकसित उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास का योगदान है। इसके दृष्टिगत जन सूचना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करना चाहिए। जिससे पारदर्शिता के साथ समग्र गांवों का विकास होगा। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि निर्धारित समय पर आवेदकों को सूचना देना अपरिहार्य है। इसके साथ ही जन सूचना अधिकारियों को प्रदेश की विकास यात्रा में भी अपने स्तर से योगदान करना चाहिए। सूचना का अधिकार लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था की भावना के अनुरूप है। प्रत्येक अधिनियम इसी भावना से प्रेरित होते है। सूचना के अधिकार को भी इस व्यापक दृष्टि से देखना होगा। सूचना प्रदान करने के साथ ही लोगों की समस्याओं के समाधान पर भी ध्यान देना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री फतेहपुर तहसील के पर्वतपुर निवासी प्रवीण वर्मा के विवाह समारोह में शामिल हुए। बाराबंकी के साई गेस्ट हाउस पहुंच कर उन्होंने वर कन्या को शुभाशीष दी।

# मौनी अमावस्या पर कुंभ में होगा 34 वें विशेषांक का लोकार्पण : आचार्य गोविंद शर्मा



**लखनऊ/प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर कुंभ पर केंद्रित शास्त्रीय अधिकृत साहित्य से सुसज्जित संस्कृति पर्व के विशेष अंक का लोकार्पण कुंभ में ही होने जा रहा है। इस अंक की सभी को प्रतीक्षा थी। इस पत्रिका के प्रधान संपादक जान गुण सागर श्री हनुमान जी ही हैं। दंडीस्वामी पूज्य जीतेंद्रानंद जी सरस्वती के मार्गदर्शन में संयोजित यह अंक कुंभ के अधिकृत साहित्य के रूप में उपलब्ध हो रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री हनुमान जी की असीम कृपा और प्रेरणा से वर्ष 2018 में शुरू हुई संस्कृति पर्व के सनातन आंदोलन की यात्रा के 6 वर्ष पूरे हो चुके। गत प्रयाग कुंभ में ही इसके प्रथम चार अंकों का लोकार्पण श्री गंगामहभा के मंच से सभी पूज्य शंकराचार्यों और जगद्गुरुओं के पावन कर कमलों से संपन्न हुआ था। इस बार प्रयाग पूर्ण कुंभ के अवसर पर संस्कृति पर्व ने एक अतिविशिष्ट अंक की योजना बनाई गई थी जिसमें कुंभ से संबंधित विशिष्ट एवं दुर्लभ सामग्री संयोजित की जा रही है। इसके लिए अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री पूज्य स्वामी जीतेंद्रानंद जी सरस्वती, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पूज्य स्वामी रविन्द्र पुरी जी, श्री काशी विद्वत्परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य गोविंद शर्मा, महामना जी के स्थापित पुष्प श्री गंगा महासभा के साथ ही देश के ख्यातिलब्ध विद्वानों के सहयोग और परामर्श से सामग्री का चयन किया गया है। जैसा कि सर्वविदित है, पत्रिका के प्रधान संपादक श्री हनुमान जी ही हैं। संपादकीय संरक्षक पद्मश्री आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी जी हैं। मुख्य संरक्षक श्री शिवप्रताप जी शुक्ल, महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश हैं। प्रबंध संपादक प्रख्यात समाजसेवी श्री बी के मिश्र जी हैं। संपादक आचार्य संजय तिवारी हैं। श्री श्री हनुमान जी की कृपा और प्रेरणा से हम सभी संपादकीय परिषद के सदस्य निमित्त मात्र हैं। संस्कृति पर्व की इन 6 वर्षो की यात्रा में सामान्य अंकों के अलावा 33 विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं। संस्कृति पर्व के महामना अंक का लोकार्पण देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने किया था। अभी अक्टूबर नवंबर के संयुक्तांक का लोकार्पण हिंदी साहित्य परिषद के 47वें अधिवेशन में बुंदेलखंड विश्व विद्यालय में किया गया जिसमें अनेक विद्वानों के साथ ही उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री की विशेष उपस्थिति रही। गत 22 जनवरी को संस्कृति पर्व ने चक्रस्थ अयोध्या के नाम से एक बहुत महत्वपूर्ण अंक का प्रकाशन किया था जिसको श्री अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसारित किया गया। कुंभ पर केंद्रित यह 34वाँ विशेषांक है जो शीघ्र प्रकाशित होने जा रहा है। इस अंक का मूल्य 200 रुपए है। इसकी सवा लाख प्रतियां कुंभ के लिए ही प्रकाशित करने की योजना बनाई गई है। सनातन प्रेमियों और अन्वेषकों के लिए यह अंक बहुत ही महत्वपूर्ण होने जा रहा है। कुंभ में यह विशेष अंक श्री गंगामहसभा के शिविर में उपलब्ध होगा। विक्रय के लिए यह अंक यूनिवर्सल बुक , हजरत गंज, लखनऊ में उपलब्ध होगा।

# सांस्कृतिक संरक्षण और शिक्षा के प्रकाश स्तम्भ के रूप में उभर रहा रामायण सांस्कृतिक केंद्र

## चंद्रशेखर बावनकुले की पहल रामायण सांस्कृतिक केंद्र में मनायी जा राम मन्दिर निर्माण की पहली वर्षगांठ




**लखनऊ।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनरुद्धार की शुरुआत करने वाले अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को बने ऐतिहासक राम मन्दिर के शुभारम्भ के एक वर्ष पूर्ण होने पर चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से स्थापित नागपुर के कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र में विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय भजन मंडलियों ने प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाया। भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदिर के विश्वस्त मंडळ की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्तों को राम मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। दर्शनार्थियों के लिए कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र इमर्सिव प्रदर्शनियों, इंटरैक्टिव प्रतिष्ठानों और शैक्षिक कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की कालातीत शिक्षाओं को जीवंत करता है। यह केंद्र क्षेत्रीय विकास और भारत के नए पर्यटन स्थल का एक अभिन्न अंग भी बन गया है, जो दुनिया भर से पर्यटकों और विद्वानों को आकर्षित कर रहा है। सांस्कृतिक संरक्षण और शिक्षा के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभर कर भगवान राम के मूल्यों और आदर्शों को सम्मान देने के लिए तैयार रामायण सांस्कृतिक केंद्र का अनुभव करने और आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जानने के लिए पर्यटक जा रहे हैं। चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से बना यह केंद्र रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाते हुए सभी क्षेत्रों से आने वाले आगंतुकों, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को रामायण में निहित शिक्षाओं और मूल्यों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अत्याधुनिक तकनीक को पारंपरिक कहानी सुनाने को साथ जोड़कर, केंद्र आगंतुकों, विशेष रूप से युवाओं को आधुनिक और सार्थक तरीके से प्राचीन पाठ से जुड़ने के लिए एक अनूठा स्थान प्रदान करता है। रामायण सांस्कृतिक केंद्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का एक असाधारण स्थान है, जिसका ध्यान कला और कहानी सुनाने के माध्यम से रामायण को प्रदर्शित करने पर है। केंद्र में रामायण दर्शनम हॉल है, जिसमें रामायण के दृश्यों को दर्शाने वाली 120 से अधिक विस्तृत आयल पेंटिंग हैं, जो आगंतुकों के लिए महाकाव्य को जीवंत बनाती हैं। सांस्कृतिक शिक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रामायण सांस्कृतिक केंद्र राम मंदिर की विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आने वाली पीढ़ियाँ रामायण की शाश्वत शिक्षाओं से प्रेरणा लेती रहेंगी। आने वाले वर्ष में, रामायण सांस्कृतिक केंद्र निरंतर फलता-फूलता रहेगा, जो अपनी विरासत को संरक्षित करने, एकता को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगा। नागपुर के निकट कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 2023 में किया था, जिसका उद्देश्य न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करना है, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटन और अन्य विकास कारकों को बढ़ावा देना भी है। रामायण सांस्कृतिक केंद्र भारतीय विद्या भवन के उपाध्यक्ष और ट्रस्टी श्री बनवारीलालजी पुरोहित की खोज है।

# धर्मपाल सिंह ने मिल्कीपुर में कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र

लखनऊ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर कार्यकताओं को जीत का मंत्र सौंपा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ को जीतने की रणनीति बनाकर काम करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व की प्रदेश व केंद्र की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं ऐतिहासिक निर्णय लेकर हमे हर घर तक पहुंचना है। समग्र परिश्रम से ही चुनाव में जीत सुनिश्चित होती है। इसलिए सभी मिलकर योजनाबद्ध होकर बूथ विजय की अभेद्य रणनीति पर काम करें। चुनाव की जीत में बूथ के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सभी बूथ के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संवाद और संपर्क सुनिश्चित करें तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि मोर्चो, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाकर लोगो तक पहुंचे। सभी को अपने बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए प्रत्येक घर पर पहुंचकर हर मतदाता से सम्पर्क करना आवश्यक है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। सभी पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ समितियों की बैठकें रोजाना होनी चाहिए। वार्ड के पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर सक्रिय रहें। पार्टी के कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। मिल्कीपुर में बड़े अंतर से भाजपा जीतेगी और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से कमल खिलेगा।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

कुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., बिलबिला जं., खुन्दौर, सुल्तानपुर, कूरेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, बनकटा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुन्दनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्द्रिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, बिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम विश्वनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरहिंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरु सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबुर, अरक्कोणम जं., कटपडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पुर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापलम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोझिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णूर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कासरगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | सेन्ट्रल चेन्नै | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:50 | फाफामऊ जं. | 21:50 | जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ जं. एवं ऊँचाहार जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.01.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, जुकेही, कटनी जं., रिठी, बंदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नारिओली, खुरै, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छाबड़ा गुगोर, अटरू, बारन एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर सेंट्रल, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:45 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बसोदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. औड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखापट्टनम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी जं., उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चंपा जं., रायगढ़, झारसुगुडा रोड, संबलपुर सिटी, रैराखोल, बौंदा, अंगुल, ढेंकनाल, नाराज मर्थापुर, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 06001 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली, न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं. मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद जं., हापुर जं., गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद जं., रामपुर, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

**दिनांक 23.01.2025 (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं.,छायापुरी एवं आणंद जं. |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबैदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदा पुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.,देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., जुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं. मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बनापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, खंडवा जं., भुसावल जं., तलवड़िया, जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर सेंट्रल स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बसोदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, रुड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धूरी, बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें



# राजभवन में बैडमिंटन के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले कलर बॉल और 100 मीटर दौड़ के मुकाबले हुए आयोजित



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता-2025 के 17वें दिन आज राजभवन में बैडमिंटन के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले के साथ-साथ कलर बॉल और 100 मीटर की दौड़ के मुकाबले भी आयोजित किए गए।

बैडमिंटन के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट तकनीक और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए खेल के उच्चतम मानकों को प्रस्तुत किया। सेमीफाइनल में खिलाड़ियों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने फाइनल को और अधिक रोचक बना दिया। फाइनल में खिलाड़ियों ने अद्भुत खेल कौशल और अनुभव का प्रदर्शन किया। कलर बॉल और 100 मीटर की दौड़ के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इन खेलों में प्रतिभागियों ने अपनी चुस्ती, फुर्ती और संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को प्रभावित किया। राज्यपाल के नेतृत्व में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य परंपरागत और आधुनिक खेलों को प्रोत्साहन देना है। इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनते हैं, बल्कि उनमें सहभागिता से समाज में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने में भी मदद मिलती है। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी/कर्मचारीगण, प्रतिभागी और अध्यासितगण उपस्थित रहे।

## बिजली के निजीकरण के विरोध में 23 जनवरी को सभी प्रान्तों में विरोध प्रदर्शन होंगे



**लखनऊ (संवाददाता)।** नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने उप्र और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। इधर उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरे सप्ताह बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। 21 जनवरी को भी काली पट्टी बांधने का अभियान जारी रहेगा। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के निर्णय के अनुसार उप्र में निजीकरण हेतु होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को देश के सभी प्रांतों की राजधानियों में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन कर प्रेस कांफ्रेंस कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेंगे। इसी प्रकार 1 फरवरी को चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने की योजना के विरोध में 31 जनवरी को देश के समस्त प्रांतों में जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स में आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, आल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन,आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन, आल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन प्रमुख अखिल भारतीय फेडरेशन हैं। आज से शुरू सप्ताह के पहले दिन उप्र के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया। समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर भोजन अवकाश या कार्यालय समय के उपरान्त विरोध प्रदर्शन किए गए। मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मुरादाबाद, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, ओबरा, पिपरी, अनपरा, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, बांदा,आगरा, कानपुर में बड़ी सभाएं हुईं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने राजधानी लखनऊ में लेसा, मध्यांचल मुख्यालय, पारेषण भवन, एसएलडीसी, उत्पादन निगम और शक्ति भवन मुख्यालय पर सभाओं को संबोधित किया। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने हेतु प्री बिडिंग कांफ्रेंस को तत्काल रद्द किया जाय। बिजली कर्मी प्री बिडिंग कांफ्रेंस का प्रान्त भर में प्रबल विरोध करेंगे।

## दबंगों ने सिपाही को पीटा, गलत साइड में चला रहे थे कार, टोकने पर हमला किया

### बीचबचाव कर वहां के लोगों ने सिपाही को बचाया

**लखनऊ (संवाददाता)।** राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद इलाके में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से मना करने पर दबंगों ने सिपाही को पीट दिया। सड़क पर जाम लग रहा था। सिपाही ने कार बैक करने को बोला था, जिसके बाद आरोपी भड़क गए और मारपीट करने लगे। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है। अमीनाबाद थाने में तैनात सिपाही रनवीर सिंह ने बताया कि उनकी नाइट ड्यूटी है। रविवार रात करीब 11.30 बजे गश्त करते हुए नजीराबाद चौकी के समाने से गुजर रहे थे। तभी एक कार चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा से आ रहा था। जिसकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। जाम की स्थिति बन गई थी। इस पर रनवीर ने कार के अंदर बैठे लोगों से ट्रैफिक नियम का पालन करते हुए गाड़ी को सही तरफ से लाने के लिए कहा। कार पीछे करने के लिए बोला, जिससे जाम खुल जाए। तभी कार में बैठे सभी लोग गाली गलौज करने लगे और चौकी में घसीटकर मारने की बात कहने लगे। इस सिपाही ने जाम लगने का हवाला देते हुए समझाया, लेकिन तीनों कार सवार बाहर निकले और गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देख आस-पास भीड़ जमा हो गई। बीचबचाव कर वहां के लोगों ने सिपाही को बचाया। इंस्पेक्टर अमीनाबाद का कहना है कि अकरम (26) पुत्र फारूख, अदनान (23) पुत्र अजीम, ताबिज सिद्दीकी (28) पुत्र इल्फत सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया। ताबिज कोर्ट में प्रेक्टिस कर रहा है। तीनों आरोपियों का 151 में चालान करके जेल भेज दिया गया है।

## कैसरबाग बस अड्डे पर चालक की पिटाई, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कैसरबाग बस अड्डे के गेट पर पेशाब कर रहे दबंगों ने हार्न बजाने पर बस ड्राइवर की पिटाई कर दी। बस में मौजूद कंडक्टर बीच बचाव करने आया तो उससे भी मारपीट कर बस का शीशा तोड़ दिया। ड्राइवर और कंडक्टर की आंख में चोट आई है। पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अनुबंधित बस चालक इरफान खान ने बताया कि रविवार रात 12 बजे वह कैसरबाग स्थित कार्यशाला से बस लेकर निकल रहे थे। उनके साथ बस में कंडक्टर अजय सिंह भी थे। बस लेकर गेट नंबर एक पर पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद छोटा बऊआ, मनु सोनकर और पांच अज्ञात लोग गेट पर ही पेशाब कर रहे थे। इस पर इरफान ने जब उन्हें हटने के लिए हार्न बजाया तो दबंग आग बबूला हो गए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। फिर बस का दरवाजा खोलकर ड्राइवर को नीचे उतार लिया और ईट-पत्थर से पीटना शुरू कर दिया। इरफान को मार खाता देख साथी अजय सिंह बीच बचाव करने पहुंचे। इस पर दबंगों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया और बस का आगे का शीशा तोड़ दिया। मारपीट होती देख वहां भीड़ जमा हो गई। तब आरोपी बस की चाभी खींचकर भाग निकले। दबंगों की पिटाई से इरफान और अजय की आंख में चोट आई है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि आरोपी छोटा भऊआ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर ठगी,एक खाता ब्लॉक किया तो दूसरे से निकले रुपए

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में साइबर ठगों ने बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित को टेक्स्ट मैसेज भेजने के बाद वॉट्सऐप पर लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही दो बार में रुपए कट गए। पीड़ित ने जब उस नंबर पर कॉल किया तो जालसाज बोला अभी तुम्हारे अकाउंट से सारे पैसे निकल जाएंगे। पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है। इंदिरा नगर निवासी कमल कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि रात 10.30 बजे आपके घर की बिजली काट दी जाएगी। आपका बिल अपडेट नहीं है।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ई.एन.एच.एम. एण्ड डी.एम.) लखनऊ के द्वारा ई–टेंडर संख्या 08-Mech-EnHM-LKO के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **10.02.2025, 15:00 बजे** है जो उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल **through online payment mode** जो कि ireps पर उपलब्ध है जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट आफ होलमैट्रो मेक हायड्रोलिक रेस्क्यू डिवाइस (एच.आर.डी.) टू कम्प्लीट सेट ऐट ए.आर.टी. लखनऊ एण्ड टू हायड्रोलिक कटर्स ऐट ए.आर.टी. एण्ड ए.आर.एम.वी./अयोध्या कैण्ट डिपोज आफ लखनऊ डिवीजन फार द पीरियड आफ थ्री इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 10.02.2025 15.00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 21.01.2025 |
| प्री बिड मेल/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | रु. 48,02,600.00 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर (ई.एन.एच.एम. एण्ड डी.एम.) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच सिंगल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबाव/बिलो/एट पार |
| बयाना राशि (रु.) | रु. 96,100.00 | आफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | शून्य | कार्य की अवधि | 60 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 27.01.2025 | | |

सं.: 08-Mech-EnHM-LKO दिनांक: 18.01.2025 209/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डी.एम. की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुसार पारित हो : डी एम



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील कादीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस में समय पर उपस्थित न होने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर ठंड के दृष्टिगत उचित पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 195 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 132, पुलिस विभाग के 17, विकास विभाग से सम्बन्धित 26 एवं अन्य 20 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिनमें 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अवशेष 185 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये गये। इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतें सुनी गयी और सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, उप जिलाधिकारी कादीपुर उत्तम कुमार, सीओ कादीपुर विनय गौतम, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक सिंह, उप निदेशक कृषि रामाश्रय यादव सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# बढ़ती खाई को पाटने का एक मात्र जरिया है खेल का मैदान : वरुण मिश्र

**सुल्तानपुर ।** समाज में बढ़ती खाई और एक दूसरे के प्रति नफरत को खत्म करने का एकमात्र जरिया खेल के मैदान हैं,ये बातें कांग्रेस नेता और नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कही,शहर के डिहवा वार्ड में आयोजित रात्रकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता ÷युवा कप÷ के उद्घाटन में पहुंचे कांग्रेस नेता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया यहां बड़ी संख्या में उपस्थित शहर के नौजवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं इसलिए भी जरूरी हैं कि उनसे आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है उन्होंने नौजवानों को शोशलमीडिया के संभावित खतरे से भी आगाह किया इस अवसर पर मोईद अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आवेश अहमद, व वारिस हाशमी, शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश गौतम, पूर्व सभासद प्रत्याशी श्यामलगन कोरी, प्रतियोगिता के आयोजक फैजान अहमद, अर्शलान अहमद मोहम्मद आरिफ,खुर्शीद अहमद, आकाश शुक्ल, अंकुर तिवारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, उद्घाटन मैच चौहानी एवं खैराबाद के बीच खेला गया।

# लावारिश शिशु का शव कूड़े के ढेर में पड़ा मिला

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली नगर के लक्ष्मण पुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत बाई पास रोड से प्रयागराज रोड को मिलाने वाली सड़क के किनारे कूड़े के ढेर में एक नवजात का शव लोगों ने देखा।सौरमऊ, नारायन पुर वार्ड नंबर 2 के सभासद अखिलेश मिश्रा ने बताया कि उनके घर के पास स्थित अरहर की खेत में कूड़े के ढेर में एक नवजात का शव पड़ा हुआ देखा गया।संभवतः किसी ने लोकलाज के भय से उक्त नवजात को यहां फेंक गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी लक्ष्मण पुर प्रभारी को सूचित कर दिया गया है,किंतु अभी तक कोई आया नहीं है।मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस अधीक्षक ने थाना तरबगंज का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक निर्देश



**गोण्डा।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा थाना तरबगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा थाना परिसर को साफ सुथरा रखने तथा कार्यालय में सफाई के साथ रिकार्डो को अद्यावधिक रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक तरबगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने के साथ-साथ भोजनालय कक्ष में पोषण युक्त भोजन तैयार करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों से महोदय द्वारा वार्ता कर घरेलू हिंसा एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं की काउंसलिंग के समय उनकी क्या भूमिका रहेगी के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की गयी तथा शिकायतकर्ताओं को किस प्रकार सुना जायेगा, शिकायत पर किस प्रकार कार्यवाही की जायेगी, नए कानून को किस प्रकार से अमल में लाया जाएगा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। श्री जायसवाल द्वारा अपराध रजिस्टर चेक कर प्रभारी निरीक्षक तरबगंज को अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस गश्त तेज करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही एचएस चेकिंग, लम्बित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक तरबगंज विवेक त्रिवेदी, पीआरओ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बजाज शुगर कुन्दरखी ने पेराई सत्र 2023-24 का किया सम्पूर्ण गन्ना भुगतान

**गोण्डा ।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि0, कुन्दरखी ने गत पेराई सत्र 2023-24 में खरीदे गये गन्ने का समस्त अवषेष गन्ना मूल्य का भुगतान बैंको के माध्यम से किसानों के बैंक खातों मे कर दिया है। जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बजाज चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में कुल 85.19 लाख कु0 गन्ना खरीद किया था। जिसका वाजिब मूल्य 3 अरब 10 करोड़ 07 लाख रूपया होता है। जिसे सम्बन्धित कृषकों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। बजाज चीनी मिल के इकाई प्रमुख पी0एन0 सिंह ने बताया कि गत पेराई सत्र का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। इसी सप्ताह से नये पेराई सत्र 2024-25 में खरीद किये गये गन्ने का भी भुगतान प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उन्होने किसानो से अपील किया कि चीनी मिल को अधिकाधिक गन्ना आपूर्ति कर सहयोग प्रदान करें।

## दो नफर वारण्टी पुलिस के हत्थे चढ़े

**गोंडा ।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक थाना-धानेपुर के कुशल नेतृत्व मे थाना हाजा एनसीआर संख्या -152/20 धारा -323/504 भादवि से सम्बन्धित 1 नफर अभियुक्ता 1.वितना पत्नी साहब अली उम्र करीब 40 वर्ष निवासी भदईपुरवा मौजा डेबरीकला थाना धानेपुर जनपद गोण्डा व एनसीआर सं0-137/13 धारा 323/504 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 1.राजेन्द्र ग्वाले पुत्र ननकऊ उम्र करीब 38 वर्ष निवासी खीरभारी थाना धानेपुर जनपद गोण्डा कुल 2 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को थाना हाजा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार कर्ता टीम में उपनिरीक्षक परशुराम सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार यादव, हेड कांस्टेबल इन्द्रासन यादव, हेड कांस्टेबल अखिलेश राय एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका मिश्रा शामिल रहीं।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला: पुलिस की कार्रवाई पर सवाल, 24 घंटे बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**गोंडा ।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव के पास में खबर कवरेज करने के लिए जा रहे एक पत्रकार पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब पत्रकार लखन लाल मिश्र, निवासी केशरी पुरवा सरैंया, शाहपुर खबर कवरेज के लिए जा रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने उनकी गाड़ी को जानबूझकर टक्कर मारी और हमला किया। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि आरोपी देवेश कुमार ओझा पुत्र रमेश चंद्र ओझा, संजय ओझा पुत्र राजाराम, दीपू पुत्र त्रिवेणी मिश्रा निवासी उपरोक्त और तीन-चार अन्य अज्ञात लोग बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए। उन्होंने उनको मार डालने की नियत से गाड़ी से टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद दीपू ने हॉकी से पीटना शुरू कर दिया और संजय गन्ना काटने वाला गंड़ासा लेकर दौड़ते हुए बोले इसे जान से मार दो,जिंदा नहीं बचना चाहिए। बहुत पत्रकार बने हैं। किसी तरह पत्रकार ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई और सीधे परसपुर थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। हमलावरों ने उनकी बाईक भी तोड़ दी है। पत्रकार के मुताबिक आरोपी दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। खबर लिखे जाने तक घटना के लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी परसपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या आरोपियों के दबदबे के कारण पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। इस घटना से पत्रकार समुदाय में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। अब देखना यह होगा कि परसपुर पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाती है या यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह दबा दिया जाएगा। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। इस संबंध में जानकारी करने के लिए थाना प्रभारी परसपुर से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को दी हिदायत

चित्रकूट। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वृद्धा पेंशन की प्रगति ठीक न पाए जाने पर एडीओ समाज कल्याण दिनेश कुमार सिंह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों को सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति अधिकारीगण पूरी संवेदनशीलता बरतें। इसमें किसी भी प्रकार से लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भूमि विवाद, अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर समाधान किया जाए। प्रकरणों की गंभीरता से जांच करें। साथ ही जवाबदेह लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर कुछ प्रकरण ऐसे होते है जिसकी शिकायत लेकर कई बार शिकायतकर्ता यह कहते है कि उनकी शिकायत का निस्तारण नही हो रहा है या उनको सुना नही गया है या फिर गुणवत्तापरक निस्तारण नही किया गया है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है। डीएम ने इस संबंध में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें। प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुनें।

# भाजपा नेता द्वारा खुद की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर की गई आत्महत्या

उरई(जालौन)। कोंच कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर निवासी भाजपा नेता आकाश पहारिया ने घर के अंदर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक का अपनी पत्नी से पिछले कुछ समय से विवाद होना बताया जा रहा है।मृतक की पत्नी पिछले दो माह से मायके में रह रही थी। मृतक भाजपा नेता आकाश पहारिया ठेकेदारी का काम भी करता था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अंडा के रहने वाले अवधेश पहारिया अपने 40 वर्षीय इकलौते पुत्र आकाश पहारिया और पत्नी के साथ कोंच के जवाहर नगर में वर्षो से रह रहे थे। उनका पुत्र आकाश ठेकेदारी के साथ भाजपा की राजनीति भी करता था बीती रविवार देर रात को आकाश ने पारिवारिक विवाद के चलते में रात्रि के समय घर के अंदर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर गोली मार ली जिसकी आवाज सुनकर उसके पिता अवधेश व मां ममता जाग गई, जिन्होंने खून से लथपथ अपने बेटे को देखा, उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया।जिनकी आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने खून से लथपथ हालत में आकाश को देखा, तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही कोंच सर्कल के क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे। जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम-एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस पर 50 शिकायतों में से 10 का मौके पर हुआ निस्तारण



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे शिकायकर्ताओं द्वारा कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतो के निस्तारण के लिए पांच विशेष टीमो का गठन कर उन्हें तुरंत मौके पर मुआयना कर शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर शिकायतो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों/चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो राजस्व/पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से हो, शिकायत निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत का निस्तारण माना जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों पर विस्तृत आख्या लगाई जाए, जिससे उसका डाटा कंप्यूटर में दर्ज किया जा सके और फरियादी को कार्यवाही का प्रिंट आउट उपलब्ध कराया जा सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील कोंच का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी कोंच, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एन0डी0 शर्मा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग द्वारा नि:शुल्क चश्मों का किया गया



**उरई(जालौन)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज सुल्तान खान, मुख्य परियोजना प्रबन्धक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सौजन्य से एट टोल प्लाजा पर वाहन चालकों हेतु निश्शुल्क हेल्थ चेकअप एवम् आँखों की जाँच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में महंत गुरु प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद उरई, राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, के0के0 शुक्ला, वरिष्ठ टोल प्रबन्धक, आटा टोल प्लाजा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच से राजेश कुमार निरंजन, जितेन्द्र कुमार, टोल प्लाजा स्टाफ से पंकज कुमार पाल, दीपेन्द्र भार्गव, अफजल खान, देवेश शुक्ला, भोला सिंह, जगदीश महेश्वरी, सतेन्द्र कुमार, दीपक यादव, मथुरा प्रसाद, शिवप्रकाश तोमर की अहम भूमिका रही। उक्त शिविर में 63 चालकों व परिचालकों के स्वास्थ्य व नेत्र की जाँच की गयी कम दृष्टि वाले चालक व परिचालकों को निश्शुल्क चश्मा वितरण किये गये। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा उपस्थित समस्त चालक व परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। उपस्थित सभी जनों को वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, राँग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवम् समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा यह भी अवगत कराया गया कि भारत सड़क दुर्घटनाओं की समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुर्घटनाओं में हताहत होने वालों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उपरोक्त के दृष्टिगत हम सभी की जिम्मदारी है कि हम स्वयं भी जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करने हेतु आग्रह किया गया। अन्त में टोल प्लाजा प्रबन्धक व स्टाफ के सहयोग से अनेकों वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाया गया। विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा सतेन्द्र कुमार प्रवर्तन सिपाही व होमगार्ड के सहयोग से जोल्हूपुर मोड़ पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बिना हेलमेट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में 15 चालान, बिना सीट-बेल्ट के वाहन का संचालन करने में 10 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियाग में 10 चालान एवम् गलत दिशा वाहन का संचालन करने के अभियोग में 05 चालान किये गये। साथ समस्त चालकों व आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेलमेट व सीट-बेल्ट एवम् वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी।

# गोबर का जैविक खाद के रूप में प्रयोग को किया प्रेरित

## प्राकृतिक खेती करें किसान: श्याम बिहारी

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने सोमवार को नरैनाखेरा, रैपुरा व बटखरा गांव की गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। कहा कि गोशाला में मवेशियों को चारा भूसा खिलाया जाए। बजट की कमी नहीं है। गोशालाओं से गोबर लेकर खेतों में जैविक खेती के रूप में प्रयोग करें। इससे प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने पहले नरैनाखेरा स्थित नंदी गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला में गाय को चारा खिलाया। कहा कि गोशालाओं से गोबर को लेकर प्राकृतिक खेती करने में इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने किसानों से मिलकर प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने रैपुरा व बटखरा गोशाला का भी निरीक्षण किया। गोशाला में सफाई रखने व मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलाने के लिए कहा। इस मौके पर नंदी गोशाला नरैनाखेरा के व्यवस्थापक हरिशंकर सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय के डाक बंगले में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में सबसे पहले बूचडखानों को बंद कराया गया है। गोमाता के संरक्षण को सबसे पहले बूचडखानों का सफाया किया। गांव-गांव में गोशाला बनाई जा रही है। प्रयास किया जा रहा है कि गोमूत्र व गोबर से जैविक खेती को बढ़ावा मिले। इसके लिए जैविक खाद बनाने के उपयोग को किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। एसडीएम कालोनी में नाली खंडंजा निर्माण को स्थानीय निवासी प्रद्येंद्र त्रिपाठी, महेश जायसवाल, जितेंद्र ने पत्र भी सौपा है। वहीं सभासद शंकर यादव ने अरछा बरेठी गांव में नदी के किनारों को पक्का कराने की मांग संबंधी पत्र दिया। बताया कि हर साल मंदाकिनी में बाढ़ आने के कारण किनारे बसे लोगों के घर ध्वस्त हो जाते हैं। लोगो के पास रहने को मकान नहीं है। इसके अलावा जनपद में अन्ना गायों की समस्या से निजात दिलाने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की। बताया कि अन्ना गोवंश किसानों के लिए मुसीबत बने हैं। साथ ही सड़क दुर्घटनाएं भी हो

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारित अधिकारी-जिलाधिकारी



गोण्डा । शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शीतलहर के दृष्टिगत जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी तरबगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसीलदार/नायब तहसीलदार तरबगंज अनुराग पांडेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, एसएचओ तरबगंज, नवाबगंज, उमरीबेगमगंज तथा वजीरगंज सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित दो शैल्टर हाउस वृद्धा आश्रम गृहों का औचक निरीक्षण कर दिये गये दिशा निर्देश



**उरई(जालौन)।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विगत दिनांक 20 जनवरी 2025 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 113 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। संवासियों की चिकित्सा/ प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु0 लहरियापुरवा में लखनऊ के एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में रात्रिकालीन स्टाफ को छोड़कर समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित उपस्थित नहीं मिला। यहां के कमरों का निरीक्षण करने पर मकड़ी के जाले एवं धूल मिली, एक दीवान टूटा हुआ मिला। जिसके बारे में पूछे जाने पर आश्रय गृह प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई का कार्य चल रहा हैं। निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम शिवकुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज राजीव सरन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे शामिल रहे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो-डीएम



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रित में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज सक्सेना, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रित में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 30 शिकायतों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महोली में प्राप्त 17 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## चेयरमैन की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न

महमूदाबाद/सीतापुर।नगर पालिका बोर्ड बैठक पालिका सभागार में चेयरमैन मोहम्मद अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभासदों ने सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव रखे। शासन द्वारा वार्डो में कराए जा रहे मकान सर्वे में सभासदों की भी भूमिका रखे जाने की मांग हुई। संगत किला में तीन करोड़ 15 लाख की कीमत से बारात घर बनाए जाने के लिए शासन द्वारा धन स्वीकृत किया गया है। सुंदौली वार्ड में ओपन जिम बनाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।सोमवार को पालिका सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में उक्त जानकारी देते हुए ईओ शैलेंद्र दुबे ने गत माह की आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया।

# जिला कारागार में निरुद्ध बंदियोंको वितरित किये कंबल



सीतापुर। छैल बिहारी ट्रस्ट तथा अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के लिये कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल सुपरिटेंडेंट सुरेश कुमार सिंह तथा जेल प्रशासन की मौजूदगी में नवीन द्विवेदी अध्यक्ष अन्नपूर्णा सेवा संस्थान तथा राहुल त्रिवेदी एडवोकेट अध्यक्ष छैल बिहारी ट्रस्ट सीतापुर व संस्था के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सीतापुर जिला कारागार में 100 से अधिक मानसिक विक्षिप्त, बीमार तथा वृद्धि बंदियों को कंबल वितरित किए गए.इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि वे सभी संस्थाएं बधाई की पात्र हैं जो समाज सेवा के साथ-साथ जेल में बंद समाज का एक ऐसा वर्ग जिससे अधिकतर लोगों ने मुंह मोड़ लिया हो उस वर्ग का भी खयाल रखते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का कार्य करते हैं। राहुल त्रिवेदी एडवोकेट ने कहा किसी जरूरतमंद की सहायता करके मन को जो शांति मिलती है वह किसी अन्य कार्य में नहीं मिलती। हमें समाज के हर गिरे पड़े वर्ग का खयाल रखना चाहिए। नवीन द्विवेदी अध्यक्ष अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने कहा अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि हमारे समाज में कोई भी वर्ग भूखा, नंगा और शिक्षा से वंचित न रहे। हम लोग आज भी अपने उसी उद्देश्य पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर आशीष सिंह गौड़ एडवोकेट, राजेश शर्मा, आशीष सक्सेना, आदर्श गुप्ता, प्रवीण कुमार मेहरोत्रा, अजय प्रकाश शर्मा, कौशल कुमार, यासीन इब्ने उमर, नितिन रस्तोगी तथा डिप्टी जेलर विजयलक्ष्मी गुप्ता, चीफ वार्डन लोकेंद्र शर्मा व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। कंबल पा कर बंदियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कैंप लगाकर किया गया हड्डी जोड़, नस रोग एवं स्पाइन का इलाज




गोरखपुर। विश्व विख्यात डॉ विक्रम शाह शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद की जोड़ प्रत्यारोपण की टीम गोरखपुर में हॉलमार्क वर्ल्ड स्कूल सिटी ब्रांच जटाशंकर चौराहा बबीना रोड कैंप का आयोजन दीपक खट्टर एवं सिंधी समाज के द्वारा गोरखपुर में लगभग 369 मरीजो का हड्डी जोड़ एवं जोड़ नस रोग एवं स्पाइन से रिलेटेड मरीजो का हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें निशुल्क परामर्श एवं जांच किया गया, दूर दूर दराज से आए हुए मरीजो ने इसका भरपूर लाभ उठाया एवं कैंप में सीनियर ज्वाइंट फिजियोथेरेपिस्ट डा वैभव अग्निहोत्री के द्वारा बताए हुए अपने घुटनों ,कुल्हा ,कमर दर्द, एड़ी दर्द , स्पाइन से रिलेटेड बीमारियों का एक्सरसाइज जाना एवं एवं घुटनों , कूल्हा प्रत्यारोपण की जानकारी हासिल की, आयोजित कैंप मे डॉक्टर श्रीकुंज पटेल (सीनियर ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ ऋषि द्विवेदी (सीनियर स्पाइन सर्जन) डॉ रंजन पटारिया (ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ वैभव अग्निहोत्री ( सीनियर ज्वाइंट फिजियोथैरेपिस्ट ), डॉ संदीप कुमार शर्मा (फिजियोथैरेपिस्ट) गोरखपुर, नीतीश तोमर ,शशांक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## खबर कोना

### फिल्म अभिनेता धीरज ने फिल्म नगरी में मेडिकल शिविर का आयोजन किया



गाजियाबाद। गाजियाबाद निवासी अभिनेता प्रेम प्रकाश कुमार जो लम्बे समय तक प्रख्यात अभिनेता धीरज के असिस्टेंट रहें हैं ने जानकारी दी है कि गत दिवस फिल्म नगरी मुंबई में रोटरी क्लब के साथ फिल्म इंडस्ट्रीज के लिए एक मेडिकल शिविर का आयोजन किया, जिसमें जरूरत मंद लोगों को व्हील चेयर्स और चश्मे भी बड़ी तादाद में वितरित किए गए और हर रोग की जांच के बाद फ्री दवा भी वितरित की गई। इस शिविर की खास बात यह रही कि इसमेंआर्युवेदिक,होम्योपैथक, एक्युपंचर आदि के साथ -साथ हड्डियों के दुरुस्त करने के भी स्टाल थे और हर विशेष पद्धति की जांच के बाद उसकी दवा भी फ्री में वितरित की गई। चाय नाश्ता के बाद दोपहर के बाद लंच का भी आयोजन किया गया। उसी दौरान सिंटा के कुछ साथियों के साथ का ये पिक्चर है जिसमें गाजियाबाद निवासी अभिनेता प्रेम प्रकाश कुमार भी नजर आ रहे हैं।

### किन्नरों में हुई मारपीट पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज



बीसलपुर। किन्नरों द्वारा कथित किन्नरों से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी परवीन पत्नी शौकत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका लड़का जुनैद व उसके साथ अमन उर्फ टीना दोनों मिलकर नाच गाना करते हैं। इस बात को लेकर प्रेमा किन्नर व शांति किन्नर ऐतराज करते हैं। इसके बदले में आए दिन पचास हजार रुपए की मांग करते हैं। उक्त लोगों ने रंगदारी नहीं देने के विरोध में जान से मारने की धमकी दी। जुनैद व अमन उर्फ टीना द्वारा विरोध करने पर आयशा, शिवानी, नवी, नईम द्वारा दोनों को पकड़ कर अपने घर ले गए और सिर का मुंडन कर शरीर के कपड़े उतार कर अश्लीलता करते हुए कस्बे में जुलूस निकाला। जिसमें जुनैद को नंगा कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आयशा, मधु, शिवानी, नवी नईम निवासी बीसलपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किन्नरों द्वारा की गई मारपीट में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठनों ने कि कार्रवाई की मांग



पीलीभीत। देर रात गौ तस्करों ने मुझा गांव के निकट गोवंशीय पशु की हत्या कर दी।मांस को लेकर मौके से फरार हो गए। अवशेष गेंहू के खेत में फेंक दिए।घटना की जानकारी के बाद मौके पर पंहुचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं हंगामा किया।घटना की जानकारी पुलिस को दी।प्रतिबंध के बावजूद भी पूरनपुर क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं का कटान व गोमांस की तस्?करी के धंधे पर लगाम नहीं लग पा रहि है। रविवार देर रात पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र के गांव मुझा के निकट खेत में गौतस्करों ने गोवंशीय पशु की हत्या कर दी। पशु के अवशेष गेंहू के खेत में फेंक दिए।मांस को लेकर मौके से फरार हो गए।रात्रि गश्त का दावा करने वाली पुलिस को भनक नहीं लगी। सोमवार सुबह गेंहू के खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष की जानकारी पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल के अंचल,हरमीत सिंह,विधिओम सिंह ,विनय आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पंहुच गए।खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष,खून से सनी रस्सी हत्या की घटना बयां कर रही थी। कार्यकर्ताओं ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पड़े अवशेष मिट्टी में दफन कराए। कार्यकर्ताओं की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि नगर के 10 से 12 गौतस्करों का एक संगठित गिरोह लगातार क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं की हत्या कर मांस की बिक्री कर रहे हैं। आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 37 शिकायतों में से 4 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण



बीसलपुर। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 37 शिकायतों में से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बचीं 33 शिकायतों को निस्तारण किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को सौप दिया है। तहसील सभागार में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आ आयोजन किया गया। डीएम ने क्षेत्र से आये पीड़ितों की गंभीरता पूर्वक शिकायतें सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 37 शिकायतों में से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बचीं 33 शिकायतों को निस्तारण किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित न्याय की गुहार लगाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आता है। पीड़ित को हर संभव न्याय मिलना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पलि अधीक्षक अबिनाश पाण्डेय उपजिलाधिकारी नागेन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार कर्मसिंह के अलावा कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम एसपी परिक्रमा पड़ाव स्थल और मार्ग का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख तीर्थ-2025 की तैयारियोंध्व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम दधीचि कुंड पहुंचकर होली परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के आस-पास की दुकानों को कहीं और स्थानान्तरित किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि होली परिक्रमा मेला शुरू होने से पहले साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाये। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा, बैरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था आदि करायी जाये ताकि भीड़ की स्थिति में अव्यवस्था उत्पन्न हो। कुंड की सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

## डिग्री काजेल में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने निकाली जागरुकता रेली



बीसलपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई प्रथम, छात्रा इकाई द्वितीय तथा छात्र इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। सर्वप्रथम तीनों इकाइयों ने लक्ष्य गीत का गान किया। इसके बाद तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई प्रथम चंद्रप्रभा गंगवार, कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई द्वितीय महेंद्र पाल तथा कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई रोहित पटेल के निर्देशन में अपने मतदान जागरूकता रैली निकाली तथा महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक सत्र में छात्रा इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी सात दिवसीय विशेष शिविर की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सुशील कुमार ने सभी स्वयं सेवकों को आशीर्वचन दिए। शिविर के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ कार्यालय अधीक्षक दिनेश बाथम व समस्त कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

# खेत में बरामद हुआ युवक का शव



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला गांधीनगर में लापता युवक का शव खेत से बरामद हुआ था। परिजनों ने पुलिस पर गुमशुदगी दर्ज न करने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया सोमवार को कोर्ट में लंबित दहेज प्रताड़ना के लंबित केस में सुलह समझौता होने के बाद अंतिम संस्कार किया गया है। मोहल्ला गांधीनगर निवासी छोटेलाल के अनुसार उसका पुत्र 17 जनवरी को घर से लापता हो गया था। पुलिस को सूचना दी थी। रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई अगले दिन 18 जनवरी को खेत में मृत अवस्था में पुत्र का शव बरामद हुआ जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा था। 19 जनवरी को शव पोस्टमार्टम हाउस से घर वापस आया था। लड़की के मायके वालों ने पूरे परिवार पर दहेज उत्पीड़न का केस पहले से ही दर्ज करा रखा था जिससे उसका पुत्र परेशान रहता था। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच केस बंद करने पर सहमत बनी जिसके चलते सोमवार को गमगीन माहौल में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की गई है।

## गौरव अभियान के अंतर्गत कस्बा बेहजम के अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम हुआ आयोजन



बेहजम खीरी । गौरव अभियान का आयोजन अंबेडकर पार्क बेहजम मे किया गया इस आयोजन के मुख्य अतिथि अजय शुक्ला, छोटू रहे जिसमें बाबा साहब की पुण्यतिथि पर अंबेडकर पार्क बेहजम में पहुंचने पर वहां देखने को मिला कि राज बहादुर जी 250 से अधिक बच्चों को फ्री में पढ़ाने का काम कर रहे है यह देख कर मन बहुत खुश हुआ लोगों का छोटा सा सहयोग सभी बच्चों को एक कॉपी पेन पेंसिल दे कर शिक्षकों व बच्चों का मनोबल बढ़ाया जा सकता है तथा हर सामाजिक कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले हमारे शिक्षक गुरु राजेश गुप्ता जी ,राकेश गिरी जी कंटंअइस कार्यक्रम में अनिल वर्मा जी ,शिव बालक जी, घनश्याम वर्मा जी, योगेश शुक्ला जी,रविंद्र सिंह, अम्बेडकर एकेडमी के सभी शिक्षक गण,,बच्चे व अभिभावक गण मौजूद रहे।

## बेखौफ चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम



बेहजम खीरी। रविवार की रात मे थाना नीमगांव क्षेत्र के बहादुरपुर गाँव मे चोरो ने पीछे से छत पर चढ़ कर जीने से मकान के अंदर दाखिल होकर घर के तीन कमरों को खांघलते हुए सेफ अलमारी को तोड़ते हुए 20 हजारो की नकदी, लाखो के आभूषण व बर्तन पर हाथ साफ करते हुए घर के कमरों मे रक्खे बक्सो को उठाकर गाँव के बाहर फेंक कर फरार हो गए सुबह ज़ब ग्रह स्वामी ने घर मे बिखरा सामान देख दंग रह गए पीड़ित डायल 112 को सूचना दिया सूचना पर पी आर वी पुलिस मौके पर पहुंच कर जाँच पड़ताल किया। बताते चले की बहादुरपुर गाँव निवासी राजकुमार सिंह उर्फ डिप्टी सिंह के घर मे चोरो ने घुस कर घर के तीन कमरों में रखें सेफ अलमारी और बक्सों से कीमती सामान अग्यात चोरों ने चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। इधर नीमगांव पुलिस का कहना है पुलिस स्टाफ कम है अधिकांश पुलिसकर्मी कुंभ ड्यूटी में लगे हैं जिससे सही तरीके से रात्रि गश्त नहीं लग पा रही है जिससे छोटी मोटी छिटपुट घटनाएं हो रही है । घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी बेहजम सिद्धांत पंवार मौके पर पहुंच कर वारदात की तहकीकात की।

# भारतीय महिला खो-खो टीम के बीच चैंपियन बनने पर ज्ञान इंटरनेशनल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन




पीलीभीत। ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल, पीलीभीत में भारतीय महिला खो-खो टीम के विश्व चैम्पियन बनने पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने टीम के खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी और उनके समर्पण तथा मेहनत की सराहना की। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी और कहा कि कि खेलों में सफलता केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क से भी आती है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खो-खो टीम ने यह साबित किया है कि यदि किसी कार्य में ईमानदारी और कठिनाईयों का सामना करते हुए निरंतर प्रयास किया जाए, उनका मानना था कि यदि हम अपने प्रयासों में निरंतरता और समर्पण बनाए रखें, तो सफलता हमें जरूर मिलेगी। विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि यह खेल टीम वर्क, समर्पण, और मानसिक मजबूती को भी प्रोत्साहित करता है। इस खेल में खिलाड़ियों को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने, एकजुट होकर मुकाबला करने और हर परिस्थिति में सामूहिक रूप से काम करने की भावना का विकास होता है। यह टीम भावना और मानसिक सुदृढ़ता जीवन के अन्य पहलुओं में भी सफलता की कुंजी बन सकती है।

## श्री राधा मनमोहन सेवा ट्रस्ट ने राज्य मंत्री भारत सरकार को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत। वाणिज्य एवं उद्योग तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद को श्री राधा मनमोहन सेवा ट्रस्ट रजि पीलीभीत के अध्यक्ष अभिषेक सिंह पटेल गोल्डी और ट्रस्ट के सचिव शिवम कश्यप एडवोकेट ने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने 05061/05062 टनकपुर पीलीभीत मथुरा एक्सप्रेस के सप्ताह में प्रतिदिन संचालन और स्थाई करने की मांग की साथ ही आला हजरत और इंटरसिटी के पीलीभीत से संचालन के लिए मांग की दिल्ली व्यापारिक दृष्टि महत्वपूर्ण मांग है ।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील बीसलपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न



पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील बीसलपुर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण किया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, उप जिलाधिकारी बीसलपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार बीसलपुर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बीसलपुर। बिहारीपुर हीरा के पास गन्ने से भरे ट्रक से कुचलकर युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव अंडाह निवासी सुभाष चन्द्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका बेटा विपुल कुमार 21 बीसलपुर चीनी मिल से अपनी बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव बिहारीपुरहीरा के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक यूपी 25 एटी 1725 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे विपुल कुमार ट्रक के नीचे गिर गया और ट्रक का अगला पहिया उसके ऊपर से उतर गया। तथा विपुल कुमार पीछे के पहियों में फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# औषधीय पौधा है आक

रमेश सर्राफ धमोरा कुछ पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़-पौधों में आक का पौधा भी है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रुई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है। इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है। पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते है। हरे सफेदी लिए पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद और छोटा होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं, जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है। वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतीली भूमि पर होता है। चौमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है। दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती है, उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता है। राजस्थान के थार मरुस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता है। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता है जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता है। आक का पौधा प्राय हर मौसम में हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता है। आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है। गुणों की दृष्टि से औषध के रूप में दोनों प्रकार के आकों का प्रयोग होता है। दोनों में कुछ समान गुण भी मिलते हैं किन्तु श्वेत अर्क में अधिक उत्तम गुण होने से आयुर्वेद में यह वनस्पति दिव्य औषधि मानी जाती है। लाल आक इसके समान तो नहीं किन्तु यह भी गुणों का भंडार है। जितना लाभ इस पौधे से वैद्यों और भारतीय चिकित्सकों ने तथा रसायनशास्त्रियों ने पहले उठाया था उतना किसी द्वितीय औषध से नहीं उठाया। आक भारत का एक प्रसिद्ध पौधा है जो आयुर्वेद के शास्त्रों में जानी मानी औषधि है। जिसे छोटे-छोटे वैद्य तथा ग्रामीण अनपढ़ लोग भी जानते हैं और औषध रूप में प्रयोग भी करते हैं। भारत में आक के पौधे सब स्थानों पर मिलते हैं पर ऊंचे पर्वतों पर ये नहीं मिलते। आक का पौधा चार फीट से लेकर पन्द्रह फीट तक की ऊंचाई में देखने को मिलता है। यह ऊंची शुष्क मरुभूमि में अधिक होता है। ऊसर भूमि में उत्पन्न होने के कारण अरबी में इसको ऊस्सर कहते हैं। आक के पौधे शुष्क, उसर और ऊंची भूमि में प्रायः सर्वत्र देखने को मिलते हैं। इस वनस्पति के विषय में साधारण समाज में यह भ्रान्ति फैली हुई है कि आक का पौधा विषैला होता है। यह मनुष्य को मार डालता है। इसमें किंचित सत्य जरूर है क्योंकि आयुर्वेद संहिताओं में भी इसकी गणना उपविषों में की गई है। यदि इसका सेवन अधिक मात्रा में कर लिया जाए तो, उल्टी दस्त होकर मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। इसके विपरीत यदि आक का सेवन उचित मात्रा में, योग्य तरीके से चतुर वैद्य की निगरानी में किया जाये तो अनेक रोगों में इससे बड़ा उपकार होता है। आक के पौधों का सबसे बड़ा फायदा है कि ये उनसे हमें ऑक्सीजन गैस प्राप्त होती है। इसके अलावा प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी पेड़-पौधों का सर्वाधिक महत्व है। इनके बिना वातावरण को सन्तुलित किया ही नहीं जा सकता। हर परिस्थिति में हरियाली हमारे लिए फायदेमंद ही है। इन फायदों के साथ ही शास्त्रों के अनुसार कई धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व भी बताए गए हैं। ज्योतिष के अनुसार जिस घर के सामने या मुख्यद्वार के समीप आक का पौधा होता है उस घर पर कभी भी किसी नकारात्मक शक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा वहां रहने वाले लोगों को तांत्रिक बाधाएं कभी नहीं सताती। घर के आसपास सकारात्मक और पवित्र वातावरण बना रहता है जो कि हमें सुख-समृद्धि और धन प्रदान करता है। ऐसे लोगों पर महालक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है और जहां-जहां से लोग कार्य करते हैं वहीं से इन्हें धन लाभ प्राप्त होता है। आक का सूर्य से विशेष सम्बन्ध है। गर्मी में जब पृथ्वी सूर्य के निकट आ जाती है और सूर्य की भयंकर गर्मी से तपने और जलने लगती है, जोहड़, तालाब, बावड़ी सब का जल सूख जाता है। बड़ वृक्ष सूखने लगते हैं, तब यही पौधा है जो मरुभूमि में भी खूब फलता और फूलता है। यह आग्नेय प्रधान पौधा उस भयंकर उष्णकाल में खूब हरा भरा रहता है शास्त्रों अनुसार आक के फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। विद्वानों के अनुसार कुछ पुराने आकड़ों की जड़ में श्रीगणेश की प्रतिकृति निर्मित हो जाती है जो कि साधक को चमत्कारी लाभ प्रदान करती है। आक का हर अंग दवा है, हर भाग उपयोगी है। यह सूर्य के समान तीक्ष्ण तेजस्वी और पारे के समान उत्तम तथा दिव्य रसायनधर्मा है। कहीं-कहीं इसे वानस्पतिक पारद भी कहा गया है विषैली आक की जाति सबसे छोटी होती है अर्थात इसका जो पौधा ऊंचाई में सबसे छोटा होता है उसको विद्वान लोग सबसे विषैला मानते हैं। यह मरुभूमि में ही होता है। अधिक विषैले की पहचान यह है कि उस आक के पौधे का दूध निकालकर अपने नाखून पर उसकी दो-चार बूंदें टपकाएं। यदि दूध बहकर नीचे गिर जाए तो कम विष वाला है और यदि दूध वहीं अंगूठे के नाखून पर जम जाए तो अधिक विषैला है। अधिक विषैले दूध को सीधा खिलाने की औषधि में प्रयोग नहीं करना चाहिए, अन्य भस्म आदि औषध बनाने में इसका प्रयोग कर सकते हैं। आक के फल देखने में आम के तोते की चोंच के समान होते हैं। इसीलिए आक का एक नाम शुकफल है। ये फल ज्येष्ठ मास तक पक जाते हैं। इनके अंदर काले रंग के दाने वा बीज होते हैं और बहुत कोमल रूई से ये फल भरे रहते हैं। इसकी रूई भी विषैली होती है। फल का औषध में बहुत न्यून उपयोग होता है। क्षार बनाने वाले आक के पंचांग में फल को भी जलाकर औषध में उपयोग लेते हैं। चतु रोगों, कर्ण रोगों, जुकाम, खांसी, दमा, चर्मविकारों में, विष्जवर, वात और कफ के रोगों में इसके पुष्प, पत्ते, दूध, जड़ की छाल सभी का उपयोग होता है। इस पौधे के पत्ते को उल्टा कर के पैर के तलवे से सटा कर मोजा पहन लें। रात में सोते समय निकाल दें। एक सप्ताह में आपका शुगर सामान्य हो जाएगा। बाहर निकला पेट भी कम हो जाता है। काफी लोग इस उपयोग से लाभान्वित हो रहे हैं।

## सम्पादकीय

### आन्दोलित किसान वार्ता को राजी

पिछले 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आखिरकार चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी हो गए हैं। श्री डल्लेवाल ने यह मंजूरी तब दी जब केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि आगामी 14 फरवरी को चंडीगढ़ में किसानों से वह बातचीत करेगी। हालांकि जगजीत सिंह डल्लेवाल अब भी इस बात पर अडिग हैं कि वह मांगें पूरी होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पिछले 11 महीनों से आंदोलन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। बैठक के ऐलान के बाद किसान नेताओं ने डल्लेवाल से अनुरोध किया कि वे चिकित्सा सहायता लें ताकि वे इस प्रस्तावित बैठक में हिस्सा ले सकें। श्री डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा है और इस पर अदालत भी चिंता जतला चुकी है, लेकिन सरकार इस बारे में सही में कितनी फिक्रमंद है, यह विचारणीय है। पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन्हें अपनी फसलों के लिए कानूनी एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुई थीं, जो बेनतीजा रही थी। अब एक लंबे अंतराल के बाद फिर से किसानों के साथ बैठक प्रस्तावित हुई है, जिसका क्या नतीजा निकलेगा इस बारे में कुछ भी कहना कठिन है। पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया।

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?

**हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है।**

**- ललित गर्ग-**

---------------

सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है। राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है। यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने



वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं। दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है। सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

# एग्री स्टैक डीपीआईः डिजिटल प्रणाली के जरिए भारतीय कृषि का परिदृश्य बदल रही है

भारत में अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि क्षेत्र है जो अभी अकुशलता, अपर्याप्त ऋण, बाजार तक कम पहुंच और गुणवत्तापूर्ण साधन के अल्?प निवेश और संसाधनों की सीमित उपलब्धता जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान केंद्रित बुनियादी ढांचा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) यानी एग्री स्टैक का आरंभ इस दिशा में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। एग्री स्टैक, व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा निजी नवाचार को बढ़ावा देते हुए किसानों के लिए मापीय, अंतःप्रचालनीय और समावेशी समाधान प्रदान करता है। एग्री स्टैक डीपीआई को शासन, सेवा वितरण और समावेशिता में सुधार लाकर संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शी, कुशल और संवहनीय डिजिटल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है।

**<u>डीपीआई में एग्री स्टैक के प्रमुख घटक</u>**

एग्री स्टैक को कृषि क्षेत्र में अंतर-संचालनीयता, मापनीयता, पुनः-प्रयोज्यता और निजी नवाचार के मूल सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है-

**डिजिटल पहचान प्रणाली**:- एग्री स्टैक में किसान रजिस्ट्री डेटा बेस, भू-संदर्भित ग्राम मानचित्र और बोई गई फसल की रजिस्ट्री शामिल है। इसके अंतर्गत विश्?वसनीय डिजिटल पहचान के लिए 11 अंकों की अनूठी संख्या के किसान आईडी के साथ ही जनसांख्यिकीय जानकारी और उनकी भूमि जोत और मौसमी फसल संबंधी आंकड़े शामिल किए गए हैं। अभी देश भर में 1 करोड़ किसानों के लिए डिजिटल पहचान बनाई गई है। मार्च 2025 के अंत तक 6 करोड़ किसानों को इसमें शामिल करने की योजना है।

**सहायक रजिस्ट्रियां**:- देश भर में कृषि डेटा के समरूप मानकीकरण के लिए फसल रजिस्ट्री, बीज रजिस्ट्री, कीटनाशक रजिस्ट्री आदि सहित 30 से अधिक सहायक रजिस्ट्रियां बनाई जा रही हैं। अभी विभिन्न उपयोगों के लिए फसल बीमा, फसल क्षेत्र अनुमान, फसल खरीद आदि की 14 सहायक रजिस्ट्रियां काम कर रही हैं।



**सहमति प्रबंधकः** सहमति प्रबंधक डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप किसानों की सहमति से इन्?हें साझा करने और रद्द करने संबंधी नियंत्रण रखते हुए सहमति से डेटा साझाकरण सुनिश्चित करता है।

**एकीकृत किसान सेवा इंटरफेसः** एकीकृत किसान सेवा इंटरफेस (यूएफएसआई) विषम प्रणालियों में निर्बाध सूचना आदान प्रदान के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। यह उसी तरह करता है जैसे यूपीआई बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है। प्रत्येक सीबीएस में अलग-अलग संरचना और प्रणालियां हो सकती हैं। यह नीचे दिए गए चित्र में दिखाया गया है-केंद्रीय संरचना पर आधारित, यूएफएसआई सुरक्षित और गोपनीयता रखते हुए डेटा साझाकरण सुनिश्चित करता है। साथ ही यह राज्यों और कृषकों का अपने डेटा पर नियंत्रण सशक्त बनाता है।

**<u>डीपीआई के सिद्धांतों के अनुसार कृषि स्टैक अनुपालन</u>**

एग्री स्टैक का डिज़ाइन डीपीआई के सिद्धांतों का पालन करता हैः-

**1. हितधारकों के बीच उपयोगिताः** किसान रजिस्ट्री और बोई गई फसल संबंधी रजिस्ट्री, ऋण, बीमा, सलाहकार सेवा आदि कई योजनाओं में सहायक है।

**2. डिजाइन द्वारा अंतःप्रचालनीयताः** मानक डेटा और एपीआई के विनिर्देश- सरकार, एग्रीटेक (कृषि प्रौद्योगिकी और तकनीकी नवाचारों का इस्तेमाल) और अनुसंधान संगठनों को निर्बाध डेटा साझा करने में सक्षम बनाएंगे।

**3. राष्ट्रीय प्रभाव के लिए मापनीयताः** लाखों किसानों को कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया, एग्री स्टैक मापनीय है और सटीक कृषि कार्य और बेहतर बाजार पहुंच जैसी पहल को सुविधाजनक बनाएगा।

**4. इसके मूल में समावेशिताः** सहमति और किसान केंद्रित उपायों से इसमें छोटे किसानों, कृषक मजदूरों और महिलाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित की गई है।

**सूचना प्रौद्योगिकी से आगेः** एग्री स्टैक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में

एग्री स्टैक कृषि में प्रणालीगत परिवर्तन को उत्प्रेरित करके पारंपरिक सूचना प्रौद्योगिकी परियोजना से भी आगे बढ़ गया है। ऐतिहासिक रूप से भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रक्रिया चुनौतियों से भरी हुई थी और राजस्व विभाग के लिए इसकी प्रशासनिक अत्यावश्यकता भी नहीं होती थी जिससे पुराने और गलत रिकॉर्ड बन जाते थे जो आर्थिक विकास में बाधक थे। किसान रजिस्ट्री में यह आवश्यक बनाया गया है कि किसानों के स्वामित्व वाली सभी कृषि भूमि को वर्तमान समय के अनुसार अद्यतन किया जाए और और उनके व्यक्तिगत विवरण से जोड़ा जाए क्योंकि कृषि भूमि से जुड़े लाभ, जैसे फसल बीमा, बीज, उर्वरक और सिंचाई- किसान रजिस्ट्री से जुड़े होंगे। इसलिए भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रत्यक्ष और तत्काल आवश्यकता है। इससे किसानों और राजस्व विभाग दोनों को भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। सटीक और अद्यतित भूमि रिकॉर्ड जानकारी से विवादों में कमी आएगी, सेवा वितरण सुव्यवस्थित होगा, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता बढ़ेगी, बाजार तक पहुंच में सुधार होगा और सकल घरेलु उत्पाद बढ़ोत्तरी में यह योगदान देगा।

## आज का राशि फल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

## हादसों की सड़क

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुरूख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए।

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से ?

**आर.के. सिन्हा**

-----------------

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती




है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों-करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहां साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इस विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

## कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात्रि गस्त बढ़ायें: नीरज कुमार




**हरदोई ।(संवाददाता)** तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से गांव के गरीब एवं पात्र लोगों लाभान्वित करें और निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का ध्यान रखें। सरकारी एवं गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नाराजी व्यक्त की तथा उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि गांवों में अवैध रूप से कब्जा की गयी भूमि पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए खाली करायें।

विद्युत, राशन, पेंशन आदि विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण तत्काल प्रभाव से करायें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो से संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय पर करें और निस्तारण की सूचना शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात्रि गस्त बढ़ायें और क्षेत्र के अपराधियों, आराजक तत्वों एवं दबंगों आदि की जानकारी प्रत्येक दिन बीट सिपाही एवं चौकीदारों से तथा भूमि कब्जामुक्त कराते समय राजस्व विभाग की टीम के साथ सहयोग करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार सदर, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, खण्ड विकास अधिकारी, ईओ एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी ने चौरासी कोसी परिक्रमा के सम्बन्ध मे बैठक कर दिये दिशा निर्देश

**हरदोई।(संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी चौरासी कोसी परिक्रमा को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर हरदोई-सीतापुर सीमा पर स्वागत द्वार बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए एक कार्य योजना तैयार कर ली जाए। पड़ाव स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय आदि की उचित व्यवस्था करायी जाए। पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एक जेनरेटर की व्यवस्था करवायी जाए। परिक्रमा मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगवाया जाये। पड़ाव स्थल पर पड़ने वाले मंदिर शिवालय की साफ-सफाई करायी जाये तथा जिस भी भगवान का मंदिर है उनके नाम का बोर्ड लगाया जाये। उन्होंने कहा कि हर पड़ाव स्थल पर एक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जाए, जिसमे महत्वपूर्ण विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगवाई जाए। मार्गो की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए, जिससे श्रधालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह,अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, डीडी कृषि, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।




# सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने सुनी समस्या, 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

**संवाददाता, उन्नाव।** तहसील हसनगंज में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज में डीएम द्वारा विभिन्न विभागों की कुल 180 शिकायतें सुनीं गयीं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।



इस अवसर पर डीएम द्वारा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि बगैर अनुमति के कोई भी अधिकारी तहसील दिवस में अनुपस्थित नहीं रहेगा। समाधान दिवस में बगैर अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डीएम द्वारा क्षेत्र के मत्स्य पालको को पट्टा आवंटन, निर्विवाद वरासत पत्र एवं तहसील परिसर में तैनात कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र आदि वितरित किए गए। इसके साथ ही डीएम द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चन्द्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, सहायक श्रमायुक्त एस0एन0 नागेश, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला कृषि अधिकारी शशांक, जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, एस0ओ0सी0 डॉ0 सुरेश सागर, उप जिलाधिकारी हसनगंज श्री रामदेव निषाद आदि उपस्थित रहे।

## खबर कोना

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 95 जोड़ों का भव्य विवाह समारोह संपन्न




**संवाददाता, उतरौला (बलरामपुर)।** ब्लॉक मुख्यालय उतरौला में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक भव्य विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 95 जोड़ों का विवाह सादगी और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा थीं। कार्यक्रम में 86 हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया, जबकि 9 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना शोएब ने कुरान की आयतों के साथ संपन्न कराया। हर जोड़े को विवाह उपरांत आवश्यक सामग्री, जैसे कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं उपहारस्वरूप दी गई। मुख्य अतिथि सुनीता वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा, ÷मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज में आर्थिक असमानता को समाप्त करने और विवाह को सादगीपूर्ण बनाने की एक सराहनीय पहल है। यह योजना गरीब परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगाती है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा, ÷यह कार्यक्रम न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देता है, बल्कि समाज में भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश भी देता है।

### तहसीलदार ने किया रैन बसेरे का औचक निरीक्षण

**संवाददाता, उतरौला(बलरामपुर)।** तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने रैन बसेरा व नगर क्षेत्र में रात्रि में ठंड से बचाव के प्रबंध का जायजा लिया। रैन बसेरा की समुचित साफ सफाई , साफ सुथरे शौचालय , अलाव की व्यवस्था आदि की व्यवस्थाएं देखी। तहसीलदार सतपाल प्रजापति द्वारा रविवार रात्रि को तहसील क्षेत्र के लोगों को ठंड से बचाव की व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने उतरौला बस स्टेशन में बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। रैन बसेरों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, महिला व पुरुष के लिए अलग अलग साफ सुथरे शौचालय, एवं महिलाओं के लिए अलग से रास्ते का प्रबंध का मुआयना किया। ठंड से बचाव से दृष्टिगत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व आंबेडकर चौराहा, बस स्टेशन, हाटन रोड तिराहा, गोंडा मोड़, डाक बंगला सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था को परखा। इस दौरान तहसीलदार ने जरूरतमंदों में कंबल भी वितरित किया । अम्मार रिजवी, जैन खान आदि मौजूद रहे।

### विधायक प्रतिनिधि शशांक वर्मा ने किया गैलेक्सी पैथोलॉजी सेंटर का शुभारंभ

**संवाददाता, उतरौला (बलरामपुर)।** सोमवार को उतरौला-मनकापुर मार्ग स्थित धुसवा टैक्सी स्टैंड के पास रज़ा नर्सिंग होम के बगल गैलेक्सी पैथोलॉजी सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शशांक वर्मा ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शशांक वर्मा ने कहा, ÷उतरौला और आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी। गैलेक्सी पैथोलॉजी सेंटर इस कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगा। आधुनिक और कंप्यूटराइज्ड सुविधाओं से लैस यह सेंटर समाज में एक नई पहचान बनाएगा।÷उन्होंने यह भी आशा जताई कि यह सेंटर गरीब और असहाय मरीजों को शुल्क में रियायत देकर उन्हें राहत प्रदान करेगा। गैलेक्सी पैथोलॉजी सेंटर के डायरेक्टर मासूम रज़ा ने बताया कि सेंटर पूरी तरह से आधुनिक तकनीक और कंप्यूटराइज्ड मशीनों से सुसज्जित है। यहां हेमेटोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, सीमेन टेस्ट, स्पुटम टेस्ट और अन्य सभी प्रकार की विशेष जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं। शुभारंभ के मौके पर क्षेत्र के कई प्रमुख डॉक्टर और गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डॉक्टर अफजल रज़ा खान, डॉक्टर अमानतुल्लाह खान, डॉक्टर उस्मान खान, डॉक्टर सईद अहमद, शब्बीर खान, उबेद रजा खान, नितेश गुप्ता, दीपक कुमार, आवेश खान, हमीद, तस्लीम, और करन शामिल थे।

### रामलीला मैदान के पास खड़े युवक को दबंगों ने पीटकर किया घायल

**संवाददाता, हमीरपुर/राठ।** कस्बे के रामलीला मैदान के पास खड़े एक युवक के साथ दबंगों ने बेवजह गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित युवक ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं राठ कोतवाली पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के ओंडेरा गांव के निवासी युवक रामजीवन पुत्र रामकुमार ने रविवार सुबह करीब दस बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की शाम करीब 7ः00 बजे वह राठ नगर के रामलीला मैदान के पास खड़ा हुआ था। बताया कि तभी उसी दौरान राठ नगर के निवासी पांच युवक उसके पास आए और बेवजह उसे गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बताया कि घटना के बाद उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया।

### चोरों ने किया दुकान की दीवार तोड़कर लाखो का माल पार

**संवाददाता, हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में गल्ला मंडी के पास शनिवार की अर्धरात्रि चोरो ने एक ट्रेडर्स की दुकान की पीछे की दीवाल तोड़?कर करीब 10 लाख का कीमती सामान उठा ले गये। सुमेरपुर निवासी दिनेश तिवारी पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नवीन गल्ला मंडी के पास उसकी तिवारी ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। बीते शनिवार की अर्धरात्रि चोरो ने उसकी दुकान के पिछली दीवाल पर सेंध लगा दी और दुकान के अन्दर घुसकर वहां रखी कीमती बैट्रीरिया, सोलर पैनल तथा ई रिक्शा का करीब 10 लाख रुपये का सामान उठा ले गये। ट्रेडर्स मालिक ने यह भी बताया दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की जब रिकार्डिंग देखी गयी तो उसमें रात्रि 12 बजकर 3 मिनट पर कुछ व्यक्ति आते दिखायी पड़ रहे है। भुक्तभोगी ने पुलिस से चोरी का पर्दाफाश किये जाने की मांग की है।

# जय श्रीराम के नारों के साथ राम जानकी मंदिर से निकली शोभायात्रा



## मुख्य यजमान अखिलेश सिंह ने किया सप्तनीक पूजन, मंगलवार से श्री राम कथा का शुभारंभ

**हरदोई,(संवाददाता)।** श्रीराम कथा की शोभा यात्रा का भव्य शुभारंभ श्री राम जानकी मंदिर से हुआ। %कीजो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा यो काम,बहारों फूल बरसाओ, मेरे राम जी आए हैं% जैसे भजनों की गूंज और भक्ति भाव से सराबोर भक्तों के बीच श्रीराम जानकी मंदिर से पूजन के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरते हुए श्रीराम जानकी हनुमत धाम पर विश्राम हुई। शोभा यात्रा का नेतृत्व अयोध्या धाम से पधारे परम् पूज्य कथा व्यास सुखनंदन शरण महाराज ने किया। कथा व्यास रघुनंदन शरण महाराज के आगमन ने भक्तों में उत्साह भर दिया। उनके श्रीमुख से मंगलवार को श्रीराम कथा का मंगलाचरण होगा।

शोभायात्रा श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर लखनऊ चुंगी, सिनेमा चौराहा,आनंद टाकीज, जिन्दपीर चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा और खाटू श्याम मंदिर चौराहा होते हुए मंगली पुरवा फाटक स्थित श्रीराम जानकी हनुमत धाम पर समाप्त हुई। इस दौरान भक्तगण झूमते-गाते नजर आए। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश लिए शोभायमान दिखीं। सिर पर पवित्र पोथी लेकर चल रहे भक्तों ने शोभायात्रा को और भी आध्यात्मिक बना दिया। शोभायात्रा के स्वागत में लखनऊ चुंगी स्थित नेक्सा शोरूम के अधिकारी और कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा की। भक्तों का स्वागत करते हुए विभिन्न स्थानों पर भक्तिमय झांकियां सजाई गईं। इस आयोजन में श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों और स्टाफ ने विशेष सहयोग किया। शोभा यात्रा में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा शोभा में सम्मिलित भक्तों को स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। इस शुभ अवसर पर मुख्य यजमान अखिलेश सिंह ने सप्तनीक पूजन किया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों की ऊर्जा और समर्पण देखने लायक था। शोभायात्रा में भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, अनुज कुमार सिंह, अखिल सिंह चंदेल, मुकेश सिंह, भूमिका सिंह, कुबेरलाल जनसेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अम्बरीष द्विवेदी, समाजसेवी कर्ण सिंह राणा, अंश सिंह, अवनीश सिंह, उत्कर्ष सिंह, वैष्णवी त्रिपाठी, वैभव त्रिपाठी, शिल्पी गुप्ता, प्रिया अवस्थी, विनोद गुजराती, मंजू गुप्ता, कमलेश कुमार सिंह, दीपिका सिंह, लक्ष्मी देवी, कविता गुप्ता,अर्पिता सिंह, आरती वर्मा,रवि शुक्ला,भानु प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह, उमाकांत गुप्ता, अजय गुप्ता, पवन गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## नवीन पुल पर आए दिन जाम से जूझते हैं राहगीर

**संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव।** नवीन पुल से कानपुर जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को जाम की समस्या के कारण हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुल कानपुर और आसपास के इलाकों में पढ़ाई, नौकरी और मजदूरी के लिए जाने वालों का एकमात्र मार्ग है। सोमवार को भी संकरे रास्ते और बढ़ते यातायात के कारण सुबह से ही जाम लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते यह जाम कानपुर के झाड़ी बाबा पड़ाव से कैंट आरओबी, नवीन पुल और फोरलेन आनंद नगर तक फैल गया। पुलिस को जाम की सूचना मिलते ही मौके पर भेजा गया, लेकिन वाहनों की भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण पुलिस कर्मियों को इसे हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, लेकिन हालात पर काबू पाने में असफल रहे।

# डीएम व एसपी ने फीता काटकर एचडीएफसी बैंक शाखा का किया शुभारंभ



**संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव।** नवाबगंज कस्बे में सोमवार जिलाधिकारी ने एचडीएफसी बैंक शाखा का फीता काटकर शुभारंभ किया इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक दीपक भूखर भी मौजूद रहे। कस्बे के कुसुंभी रोड तिराहे पर नवनिर्मित में बिल्डिंग में सोमवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूखर ने पहुंचकर एचडीएफसी बैंक का फीता काटकर शुभारंभ किया,वही बैंक प्रबंधक ने दीपक गुप्ता ने सभी को बुके भेट कर स्वागत किया।इस दौरान एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी,पूर्व सभासद रिंकू द्विवेदी ,गौरव गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कस्बे में एचडीएफसी बैंक की शाखा खुलने से कस्बेवासियों सहित क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह है।

## मंत्रोच्चारण,आयतों के बीच सम्पन्न हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**हरदोई, (संवाददाता)।** आरआर इण्टर कालेज परिसर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी एवं जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया तथा नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर आर्शीवाद दिया तथा उपहार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम मुख्यमंत्री का एक बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के गरीब, जरूरतमंद परिवारों के लिए चलायी गयी योजना है, जो बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद देती है। उन्होने कहा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाकर लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से हजारों बेटियों का विवाह कराये गये है और आज 870 बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जिसमें 851 जोडों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से गायत्री पीठ के लोगों तथा 19 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अटूट श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शाहाबाद मे निकली भव्य कलश यात्रा

**शाहाबाद (हरदोई)। (संवाददाता)।** स्थानीय मोहल्ला चौक स्थित महाबीर मन्दिर मे खाटू श्याम बाबा, नीम करोली बाबा तथा सालासर महाराज की मूर्तियों की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विभिन्न आयोजनो का कार्यक्रम आज सोमवार से विधिवत शुरू हो गया जिसके अन्तर्गत सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव से बैंड बाजे के साथ नगर मे भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का प्रारंभ मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां गायत्री मंदिर पर पूर्ण विधि विधान एवं कलश पूजन के साथ हुआ जिसमे सर्वेश गुप्ता डब्बू ने सपत्नीक यजमान की भूमिका अदा की। कलश पूजन के उपरांत यह यात्रा घास मंडी, बाजार शम्भा,घंटाघर, चौक होते हुये महावीर मंदिर पहुंची जहां पर मूर्ति स्थापना स्थल पर पूजा अर्चन के साथ मूर्तियों का जलाधिवास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# नगर पालिका ने चलाया भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान

**संवाददाता, उन्नाव।** नगर पालिका द्वारा भूमाफियाओं के अवैध कब्जे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शेखपुर स्थित बनकी देवी मन्दिर के पीछे लगभग 5 बीघे जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता मिश्रा और सदर एस. डी.एम. क्षितिज द्विवेदी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को पूरी जमीन की मानक अनुरूप पैमाइश कर कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा बताया गया कि इस जमीन का उपयोग चारागाह और गोशाला बनाने के लिए किया जाएगा जिससे नगर को आवारा पशुओं से मुक्ति मिल सके और गोवंशियों के पालन हेतु समुचित चारे इत्यादि की व्यवस्था कराई जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय गौतम , लेखपाल अवनीश तिवारी , लेखपाल अशोक सैनी समेत नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी घायल

**संवाददाता, बिछिया-उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत उन्नाव पुरवा मार्ग तारगांव मोड़ के निकट एक तेज रफ़्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए द्य स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी सीएचसी बिछिया मे भर्ती कराया जँहा चिकित्सक ने पति की हालत गंभीर देख जिलास्पताल रेफर कर दिया वही पत्नी का इलाज चल रहा है। सोमवार दोपहर तारगांव गांव निवासी शिवकांत अपनी पत्नी मधु के साथ उन्नाव से दवा लेकर अपने घर वापस आ रहा था द्य तभी उन्नाव की तरफ से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रक ने जोरदार मार दी द्य जिससे दोनों पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी बिछिया उपचार के लिए भर्ती कराया गया द्य जँहा चिकित्सक ने पति शिवकांत की हालत गंभीर देख जिलास्पताल रेफर कर दिया द्य वही पत्नी का इलाज चल रहा द्य ट्रक को स्थानीय लोगो की मदद से पुलिस ने कब्जे मे कर लिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी ने सुनी जन शिकायतें

## 170 शिकायतों में 3 का मौके पर किया गया निस्तारण

**फतेहपुर संवाददाता ।** सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बिन्दकी के सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान तहसील बिन्दकी में शिकायतकर्ता मो0 इमरान ने ग्राम पुरानी बिन्दकी ने बताया कि सार्वजनिक तालाबी भूमि गाटा सांख्य 235 पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार व ईओ को संयुक्त जांच कर तालाबी रकबे का चिन्हांकन करने के साथ ही अवैध कब्जा धारकों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक पेंशन, वृद्धा, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग का प्रत्येक समाधान दिवस पर एक स्टाल लगाए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए।



पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार प्रकरण में मौके पर जाकर कार्यवाही करे तथा जमीन एवं राजस्व से संबंधित प्रकरणों में राजस्व अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर नियमानुसार कार्यवाही करे।

आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, कृषि, आवास, पेंशन, भूमि विवाद, सिंचाई, नलकूप, शिक्षा, मनरेगा, विकास, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों से संबंधित कुल 170 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमे से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी बिन्दकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसओसी चकबंदी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, नायब तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक, राजस्व लेखपाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाई ज़ाए : डीएम

**फतेहपुर संवाददाता।** जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनपद स्तर में आधार बनाए जाने, नामांकन व अपडेशन की प्रगति से यूआईडीएआई के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया और इस संबंध में विस्तृत चर्चा भी की गई और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि डाक अधीक्षक से जिला कार्यक्रम अधिकारी समन्वय बनाकर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों का कैम्प लगाकर आधार बनवाए। उन्होंने कहा कि जहानाबाद नगर पंचायत अंतर्गत बैंक में आधार बनवाने की किट लगवाई जाय के लिए एलडीएम यूआईडीएआई के प्रतिनिधि से समन्वय कर कार्य करे। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी बनवाने के कार्य में तेजी लाई जाय के लिए खंड विकास अधिकारी व ईओ नगर पंचायत संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न



**फतेहपुर संवाददाता।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस(25 जनवरी)को मनाए जाने की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर मनाया जाएगा, के लिए उपजिलाधिकारी अपने तहसील अंतर्गत कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना बनाकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता व शपथ का कार्यक्रम कराए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यालाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाएं कि वीडियो/फोटो सोशल मीडिया व निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि अपने स्कूलों में मतदाता जागरूकता शपथ के साथ ही ड्राइंग, निबंध आदि की प्रतियोगिताएं कराए, प्रतियोगिता में विजेताओं को जनपद स्तर के कार्यक्रम में पुरस्कृत कराए। उन्होंने कहा कि सतायु मतदाता, 80 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाता जो लगातार 05 निर्वाचनों में मतदान किया हो, को भी पुरस्कृत किया जाय। यह कार्यक्रम जनपद स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मनाया जाना जाय। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर नए मतदाता है, बूथ लेवल अधिकारी जो अच्छा कार्य किए है को जनपद स्तर के कार्यक्रम में सम्मानित कराए। जनपद स्तर का कार्यक्रम प्रेक्षा गृह में आयोजित किया जाएगा।

# निरस्त हुए समाधान दिवस को तहसील प्रांगण में किया आयोजन



**संवाददाता, ऊंचाहार।** शनिवार को स्वामित्व योजना कार्यक्रम के तहत निरस्त हुए समाधान दिवस का सोमवार को तहसील प्रांगण में आयोजन किया गया। आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने फरियादियों की समस्या सुनी। इस दौरान कुल 61 शिकायती पत्र आये,जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, बाकी शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गए।

सांवापुर नेवादा गाँव निवासी रावेंद्र यादव ने ग्राम प्रधान व उनके सहयोगी के विरुद्ध 200 मीटर खण्डजा उखाड़ने का आरोप लगाते हुए शिकायत की,मांधातापुर मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी बिंदेश्वरी तिवारी ने एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित चिन्मया विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री जो कक्षा 10 की छात्रा है, जिसे प्री परीक्षा में थोड़ी देरी पर पहुंचने पर उसे प्रवेश नहीं दिया गया, जिसकी शिकायत समाधान दिवस में की गई,सवैया हसन गाँव निवासी जुबैर खान ने सांवापुर नेवादा स्थित गाटा संख्या 1219 पर बिना निशानदेही अग्निशमन विभाग द्वारा निर्माण को रोके जाने के संबंध में शिकायत की है, खिरोधर गाँव की श्रीमती देवी ने पड़ोसी गाँव के व्यक्ति के विरुद्ध भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा किये जाने की शिकायत की,नगर के वार्ड नं 2 की सभासद ने शाहीन बानो ने अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाते हुए शिकायत की वो अपने वार्ड के प्रमुख विषयों की शिकायत करने के लिए नगर पंचायत कार्यालय गई हुई थी, जहां अधिशासी अधिकारी ने कहा कि घर आकर बैठे कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम सिदार्थ चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# तहसील स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित हुई



**संवाददाता, सलोन (रायबरेली)।** नगर के सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में सोमवार को तहसील स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित हुई। भाषण प्रतियोगिता में सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज की शगुन प्रथम, जी आई सी डीह के अनुराग, जी जी आई सी सलोन की खुशबू रहे। क्विज प्रतियोगिता में जी जी आई सी सलोन की सपना प्रथम, सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज की स्वाती जायसवाल द्वितीय, पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेज कुंवर मऊ के अनमोल साहू तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज के अर्जुन प्रथम, जी जी आई सी सलोन की दिशा द्वितीय स्थान,पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेज कुंवर मऊ की शालिनी मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने सड़क सुरक्षा के नियमों से सभी को बताया और कहा कि सभी इसका पालन आवश्यक रूप से करें। नोडल अधिकारी ललित कुमार बाजपेई ने कहा कि यहां मौजूद बच्चें स्वयं और अपने परिजनों को सड़क सुरक्षा के नियमों से परिचित हो जिससे सड़क पर चलते हुए इन नियमों में का पालन करें ताकि सभी का जीवन सुरक्षित रहे।

इस मौके पर मिथलेश वर्मा, मोनिका दीक्षित, छाया वैश्य, प्रिया शुक्ला मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सभ्यता, संस्कृति व क्रांति की धरा : वंश

## जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न



**शाहजहांपुर (संवाददाता)।** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केन्द्र जम्मू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र युवा विनिमय जम्मू में 5 दिवसीय कार्यक्रम में जनपद के भी पाँच युवाओं ने शिरकत की । कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व हरियाणा के प्रतिभागी भी हिस्सा लेने जम्मू पहुँचे।

ज़िला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने जनपद के सभी युवाओं को बधाई देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के 15 से 29 साल के युवाओं को भेजा गया है जिसमे मोहल्ला खलील शर्की निवासी अधिवक्ता मुकेश श्रीवास्तव व भावना श्रीवास्तव के पुत्र वंश श्रीवास्तव ने टीम लीडर के रूप में जम्मू कश्मीर के महामहिम राज्यपाल मनोज सिन्हा के समक्ष उत्तर प्रदेश की संस्कृति पर संबोधन प्रस्तुत किया। वंश ने बताया कि उत्तर प्रदेश की पावन धरा क्रांति, सभ्यता व संस्कृति की सम्मिलित आबरू है। उत्तर प्रदेश भारत का पर्यटन स्थल बनता जा रहा है। जिससे सकल घरेलू उत्पाद में भी वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में चिनौर निवासी विकास कोली,अभिराज, सावंत कुमार व ग्राम सैजना ददरौल निवासी विशाल वर्मा को भी इस कार्यक्रम में भेजा गया है। और सभी प्रतिभागी बढ़ चढ़ कर हिस्सा भी ले रहे हैं। युवाओं को जम्मू कश्मीर की सभ्यता व संस्कृति से रूबरू भी कराया गया। कार्यक्रम के बाद सभी युवाओं को जम्मू प्रांत की सभी विरासतों व धरोहरों को दिखाया गया ताकि युवा उनसे प्रेरणा लेकर उनके मूल्य को समझ कर अपने आचरण में समाहित कर सकें। वंश श्रीवास्तव की इस सफलता पर पूर्व विधायक प्रत्याशी दिनेश चंद्र श्रीवास्तव,डीपीओ नमामि गंगे विनय कुमार सक्सेना व नेहरू युवा केंद्र की सोनम सचान राकेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, कृष्णा, रश्मि, नितिन श्रीवास्तव, डा. रूपक श्रीवास्तव, पुष्पक निशांत, वंशिका, शुभंशी, अक्षय, व अमित श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# खबर कोना

## राम कथा सुंदर करतारी, संशय विहग उणावन हारी : पं. गोविंद शास्त्री



**संवाददाता, सोनभद्र।** चतरा ब्लॉक के सेहुआं गांव के अंतर्गत चल रहे श्री अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा की आयोजन तृतीय दिवस आजमगढ़ से पधारे राष्ट्रीय वक्त सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोविंद शास्त्री महाराज के द्वारा मानस की चौपाई, राम कथा सुंदर करतारी, संशय विहग उणावन हारी। अर्थात राम कथा में वह ताकत है जो संशय समाप्त करके विश्वास में परिवर्तित कर देती है राम समाज के कदम प्रेरणादायक हैं राम की कथा समाज में चलना बोलना रहना सिखाती है यज्ञ संचालन कर रहे आचार्य सौरभ भारद्वाज जी ने बताया यज्ञ के तृतीय दिवस महावीर मंदिर में 11 वैदिक विद्वानों से क्षेत्र गूंजाय मान हो रहा है एवं ग्रामवासी छात्रवासियों के द्वारा यज्ञशाला की परिक्रमा लगाई जा रही है यज्ञ में झारखंड के धरा धाम से नीरज दुबे सहित अन्य भक्त भी शामिल हुए इश शुभ अवसर पर गांव के पूर्व प्रधान हृदय नारायण पाठक क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि प्रकाश पिंटू पांडे एवं वर्तमान प्रधान शैलेश पांडे अमरनाथ पांडे राधेश्याम पांडे आदि लोग सम्मिलित हुए।

## नए डीएम का फरमानः चार तहसीलों के एसडीएम को छोड़ने होंगे जिला मुख्यालय आवास

**संवाददाता, मथुरा ।** जिला मुख्यालय पर रात्रि बसेरा कर रहे जनपद के सभी एसडीएम को अब यह घर छोड़ने होंने। नवागत डीएम सीपी सिंह ने ग्रामीण अंचल के चारों एसडीएम के जिला मुख्यालय आवास के आवंटन को निरस्त करने के आदेश सिटी मजिस्टेट को दिए हैं। जनपद का दायित्व संभालने के साथ ही नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह ने अपनी तेज तर्रार कार्य शैली का रंग दिखाना शुरु कर दिया है। चार्ज लेने के 24 घंटे के दरम्यान ही उन्होंने जनपद के ग्रामीण अंचल की सभी तहसीलों के एसडीएम पर शिकंजा कस दिया है। शासन की व्यवस्था के बावजूद तहसील को छोड़कर जिला मुख्यालय पर रहने वाले सभी एसडीएम का जिला मुख्यालय आवास का आवंटन निरस्त करने के आदेश दे दिए हैं। इससे गोवर्धन के एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, छाता एसडीएम श्वेता, एसडीएम महावन आदेश कुमार और एसडीएम मांट जॉइंट मजिस्टेट अभिनव जे जैन को अब जिला मुख्यालय स्थित आवास को छोड़ना होगा। शासन की व्यवस्था के अनुसार तहसील मुख्यालय पर सभी एसडीएम को रहने के आदेश हैं, लेकिन एसडीएम तहसील के बजाय जिला मुख्यालय पर आवास आवंटित करा कर रह रहे हैं। उप जिलाधिकारी के जिला मुख्यालय स्थित सिविल लाइन कॉलोनी में रहने के कारण उनको अपने-अपने तहसील क्षेत्र में पहुंचने में काफी समय व्यतीत हो जाता है जिस कारण वहां फरियादी जनता परेशान होती है। जिला अधिकारी के संज्ञान में जब यह बात आई की एसडीएम जिला मुख्यालय पर रहते हो तो उन्होंने तत्काल उनके आवास आवंटन निरस्त करने के आदेश कर दिए हैं।

## डीएम ने समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं



**संवाददाता, मथुरा।** महावन तहसील परिसर में सोमवार को नवागत जिलाधिकारी चंदप्रकाश सिंह का पहला समाधान दिवस था। जिसमें उन्होंने गंभीरता से तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनने में रूचि दिखाई तो उनको समस्या बताने के लिए फरियादियों की लाइन लग गई। समाधान दिवस में कुल 65 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से जिलाधिकारी ने 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण करके फरियादियों को राहत दी। सोमवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय महावन तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे। उन्हें देखते ही शिकायतकर्ताओं की कतारें लग गई।

## डॉ राधिका ने एफएमजीई परीक्षा की उत्तीर्ण

**संवाददाता, मथुरा।** बरसाना कस्बा निवासी जगदीश प्रसाद की सुपुत्री डॉक्टर राधिका गोयल ने गत वर्ष यूक्रेन के इवानो विश्व विद्यालय से एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भारत में मेडिकल प्रेक्ट्रिस शुरू करने के लिए राष्ट्रीय बोर्ड ऑफ परीक्षा नई दिल्ली के द्वारा कराई गई फोरेन मेडिकल ग्रेजूएट परीक्षा (एफएमजीई) में उत्तीर्ण की है। इस परीक्षा में विदेश से एमबीबीए करने वाले 40 हजार छात्रों में से लगभग 10 हजार छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब राधिका गोयल भारत में डाक्टरी की प्रेक्ट्रिस शुरू कर सकेंगी। राधिका गोयल शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्रा रही है। राधिका ने कोसीकलां सरस्वती विद्या मंदिर से सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की । इंटरमीडिएट करने के बाद वह यूक्रेन में एमबीबीएस करने के लिए चली गई। रूस -यूक्रेन युद्ध के दौरान विषम परिस्थिति में यूक्रेन में रहकर एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण 24 को

**शाहजहाँपुर (संवाददाता)।** अमर शहीद परम वीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में 24 जनवरी शुक्रवार को आरएस कॉन्वेंट पब्लिक इंटर कॉलेज हेतमपुर, कलांन में संस्थापक राजेश्वर सिंह परिहार की पुण्य तिथि के अवसर पर सीतापुर नेत्र चिकित्सालय की मुख्य शाखा सीतापुर के वरिष्ठ चिकित्सको द्वारा आंखो का परिक्षण किया जाएगा। तदोप्रांत मोतियाबिंद के चिंहित रोगियो का ओप्रेशन फ्री में किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजक कुँवर मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि सभी लोग अपना मूल आधार कार्ड के साथ आधार कार्ड की एक छाया प्रति अवश्य लाएं। और यदि किसी के पास आयुष्मान कार्ड है तो वह और उसकी छाया प्रति भी साथ लेकर आएं और अधिक से अधिक लोगों को सुचना दे। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों व अभिभावकों ने दिखाए करतब




**संवाददाता, सताँव (रायबरेली)।** एसजेएस पब्लिक स्कूल गुरुबख्शगंज में रविवार को विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे अनेक रोमांचक प्रतिस्पर्धायें देखने को मिलीं। चेयर रेस प्रतियोगिता मे शामिल महिला प्रतिभागियों ने सभी को ताली बजाने के लिए विवश किया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ अभय सिंह व डॉ नीतू सिंह ने गणेश पूजन के साथ प्रतियोगिता का शुभारम्भ कियज्ञं प्रतियोगिता मे अवेयरनेस रेस, गार्लैंडिग रेस, अम्ब्रैला रेस, हिप-हिप हुर्रे रेस, चेयर रेस, रस्साकसी, बाल कलेक्शन व वेजीटेबल अवेयरनेस जैसे करीब दो दर्जन खेल, खेले गये। मुख्य अतिथि डॉ अभय सिंह, डॉ नीतू सिंह, प्रबन्धक अग्रज सिंह, सह प्रबन्धिका अनुश्री सिंह व प्रिन्सिपल प्रीती सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किये।


प्रबन्धक ने कहा कि खेलों में प्रतिस्पर्धा, खिलाड़ी में सफलता पाने की ललक पैदा करती है। यही ललक किसी को भी फर्श से अर्श तक पहुँचा सकती है। प्रिंसिपल प्रीती सिंह ने प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। खेल प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी आयुष्मान, अभिनव, रितिका, मयंक, अंशिका, कार्तिकेय, सिद्धि मान्या अयांश, पिहू, यश, यथार्थ, अभय, आरुषी, अंश आदि को पुस्कृत किया गया। प्राचार्या प्रीती सिंह ने सभी आगन्तुकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। देर शाम तक चले कार्यक्रम मे स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं के अलावा मनीष मिश्र, रजत कुमार व अनेक गणमान्य आमंत्रित लोग मौजूद रहे।

# फौजी का खूनी खेलः पत्नी को गोलियों से भूना , साली गंभीर रूप से घायल

**शाहजहांपुर (संवाददाता)।** थाना कलांन क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है। एक फौजी ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी और साली को भी गोली मार दी, जो गंभीर रूप से घायल है। साली को बरेली रेफर किया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद फौजी ने थाने जाकर सरेंडर कर दिया।

आपको बता दें कि फौजी अरविंद यादव ने इतनी बड़ी वारदात अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से कर दी। पत्नी मंजू यादव की गोली मारकर हत्या करने के बाद फिर उसने साली संगीता को भी गोली मार दी। साली की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया है। बताते हैं कि अरविंद का उसकी पत्नी से विदाई को लेकर विवाद हुआ था। घटना थाना कलान क्षेत्र के छिदड़ी गांव की है।

# एसएस कॉलेज के प्राचार्य, डा. राकेश दुबई में सम्मानित




**शाहजहांपुर(संवाददाता)।** एसएस कालेज के प्राचार्य डॉ आजाद ने दुबई में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में उन्होंने सत्र वक्ता के रूप में भी भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने शोध पत्र का भी वाचन किया । वहां आयोजित सम्मेलन में डॉ.राकेश कुमार आजाद को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के अनेको विद्वानों एवं शिक्षाविदों में प्रतिभाग किया।अबू धाबी विश्वविद्यालय द्वारा मिले सम्मान से न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ोतरी मिली है बल्कि उनके कार्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना भी मिली है। उनकी इस उपलब्धि पर स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिली है। डॉ. राकेश कुमार आजाद ने बताया कि उनके लिए यह सम्मान एक अद्वितीय अनुभव है इससे स्पष्ट हो गया है कि साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में भारतीयों की प्रतिभा को विश्व भर में पहचाना जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में डॉ आजाद ने अपनी उपलब्धि एवं सम्मान को मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज, प्रबंध समिति के सचिव डॉ एके मिश्रा,कॉलेज के सभी शिक्षकों के साथ मित्रों व परिवारजनों को समर्पित किया है।

# एम्स रायबरेली मूक बधिर दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने के लिए परीक्षण की सुविधा प्रारम्भ

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी माहेन त्रिपाठी ने बताया है कि जनपद रायबरेली में ऐसे दिव्यांग बच्चे जो मूक बधिरध्मानसिक दिव्यांगता से ग्रस्ति है उनकी चिकित्सीय परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था उन्हे अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता था मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की पहल से तथा मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली एवं चिकित्सा अक्षीक्षक एम्स रायबरेली के सहयोग से जनपद स्थित एम्स में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समन्वय से प्रत्येक सोमवार को ऐसे 536 दिव्यांग बच्चो का चिकित्सीय परीक्षण एम्स रायबरेली में प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु प्रत्येक ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्पेशल एजूकेटर को बच्चों को लाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को परीक्षण उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। जिसके क्रम में 20 जनवरी से अभियान चला कर उक्त कार्य प्रारम्भ हो गया है। इस प्रकार मानसिक मंदित एवं श्रवण बाधित (मूक बधिर) दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एम्स रायबरेली में परीक्षण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है।

## मधुमक्खियों के हमले से अधेड़ किसान घायल

**संवाददाता, बछरावां।** खेतों में खाद डालने जा रहे एक अधेड़ किसान के ऊपर मधुमक्खियां ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अधेड़ किसान बुधई पुत्र स्वर्गीय छेदी उम्र 47 वर्ष निवासी रामपाल खेड़ा मजरे बन्नावा उस समय मधुमक्खियां के हमले का शिकार हो गया, जब वह खेतों में खाद डालने के लिए जा रहा था। आनन फानन में सूचना पाकर पहुंचे पारिवारिक जनों के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया । जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मौजूद चिकित्सक डॉक्टर गणनायक पांडे ने उनकी हालत ठीक देखते हुए उसे डिस्चार्ज दिया है।

# बास कोठी में अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**संवाददाता, बछरावां।** गोझवा मनाखेड़ा मजरे शेखपुर समोधा गांव में बास कोठी में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। सोमवार दोपहर समोधा गांव के किनारे पर मौजूद एक बास कोठी में खेत जा रहे कुछ ग्रामीणों के द्वारा लगभग 8 फीट लंबे अजगर को देखा गया, जिसके बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। वहीं धीरे-धीरे अजगर बास कोठी के ऊपरी छोर के ऊपर पहुंच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम मौके पर अजगर को पकड़ने के लिए कड़ी मेहनत करती दिखाई , परंतु अजगर बास कोठी के बीचो-बीच घुस गया, जिससे वन विभाग की टीम उसे पकड़ने में असफल रही। वहीं अजगर के न पकडे जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह अजगर किसी भी समय खतरा उत्पन्न कर सकता है। फिलहाल वन विभाग की टीम ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही इस अजगर को पकड़ लेंगे।

# सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी : आजाद




**शाहजहांपुर(संवाददाता)।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने सत्र 2024-25 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात के महत्व को समझाना था। शिविर का शुभारंभ एनएसएस कार्यालय के समीप हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, ÷सड़क सुरक्षा केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज की भलाई के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। जागरूकता और अनुशासन ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मददगार हो सकते हैं। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन और संदेशों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. आदित्य कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा पर प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने यातायात नियमों के महत्व, सड़क पर सतर्कता, और दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में सड़क पर पैदल चलने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट के प्रयोग, तथा तेज गति से बचने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन जैसे ÷हेलमेट लगाएं, जीवन बचाएं÷ और ÷सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षक÷ तख्तियों पर लिखकर प्रस्तुत किए। रैली और व्याख्यान के माध्यम से स्थानीय समुदाय को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने स्वयंसेवकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रकार के शिविर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर प्रो. आलोक कुमार मिश्रा, प्रो, पूनम डॉ. शालीन कुमार सिंह, नीलू कुमार, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. अर्चना गर्ग, डॉ. प्रतिभा शर्मा, प्रज्वल पुंडीर सहित अन्य शिक्षकगण आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहेब एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया



**संवाददाता, सोनभद्र।** भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा दिया गया भारतीय संविधान को भाजपा द्वारा संविधान गौरव अभियान के रुप में दिनांक- 11 से 25 जनवरी तक मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर जिला गोष्ठी सम्पन्न हुयी। गोष्ठी में बतौर मुख्यअतिथि के रुप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव व विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री/ कार्यक्रम संयोजक कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अमरनाथ यादव ने कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्सव स्वरुपी अभियान है, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जिस पथ पर चलने का सपना देखा था आज भारतीय जनता पार्टी उस पथ पर चल रही है बाबा साहब की सोच थी की पूरे देश मे सामाजिक समरसता आर्थिक समरसता व लोगो मे सद्भाव बना रहे तभी देश की उन्नती संभव है जब वो कानून मंत्री थे तभी उन्होने लाये गये धारा 370 का जमकर विरोध किया था उन्होने सदन मे कहा कि कश्मीर अपने देश का अभिन्न हिस्सा है इसको धारा 370 जैसे बेडियो में डालकर देश से अलग करना बहुत ही अनुचित कदम है देश का संविधान बन रहा था तब उनकी सोच थी की इस देश के वे सभी नागरिक जो किसी भी जाति या पंथ के हो उनका जीवन समानरुप से हो इसके लिए उन्होने एक फैक्ट्री एक्ट भी बनाया था। और कहा कि बाबा साहेब एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया। कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेण्डे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था पिछले 75 वर्षो में कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लगातार अपमानित किया है। कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहेब को भारत रत्न नही मिला ना ही पुरानी संसद के सेण्ट्रल हॉल मे उनका चित्र लग पाया। आपातकाल और सामाजिक विभाजन की राजनीति कांग्रेस द्वारा बाबा साहब और उनकी धरोहर को अपमानित करने के कांग्रेसी एजेण्डे के उदाहरण है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, अशोक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, संतोष शुक्ला, बृजेश श्रीवास्तव, प्रमिला तिवारी, विनय श्रीवास्तव, अनुपम तिवारी, यादवेन्द्र द्विवेदी, , अनूप तिवारी, सीमा गुप्ता, विमलेश चौबे, मनीष पटेल, योगेन्द्र बिन्द, संदीप पटेल सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम जन की समस्याओं को निस्तारित को चेयरमैन ने दिए निर्देश

**संवाददाता, सोनभद्र।** सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा आम लोगो से कार्यालय में मुलाकात की गई जिसमें नगरीय क्षेत्र में जनसुविधाओं की उपलब्धता से सम्बन्धित लोगों द्वारा मॉग किया गया जिसके निस्तारण हेतु अध्यक्ष द्वारा सूचीबद्ध कर उन्हे सुविधाओं की उपलब्धता तथा समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है जिसके अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस दौरान नगर के वार्ड सदस्यगण मनोज चौबे, राकेश, अनवर अली तथा पालिका के अवर अभियन्ता मनीष कुमार,धर्मराज जैन, अजीत सिंह, विमलेश ,शन्त कुमार, शुजीत उपस्थित रहे।

# पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

## 6 सूत्री मांग को लेकर सौपा पत्र बुलंद की आवाज



**संवाददाता, सोनभद्र।** ग्राम पंचायत में नियुक्ति पंचायत सहायक के मानदेय वृद्धि और ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओ के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को किया विरोध प्रदर्शन जिलाधिकारी नामित ज्ञापन देखकर बुलंद की आवाज।

वहीं संगठन अध्यक्ष विशाल सरोज ने बताया कि दिसंबर 2021 को ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायक / एकाउंटेंट-कम-डाटा इंट्री आपरेटर की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति के बाद से ही पंचायत सहायक अपने दायित्वों और कार्यो के साथ अब तक संघर्ष करते आ रहे है। जिस प्रकार प्रदेश की सरकार का सपना है की ग्रामीणों को जिला ब्लाक के चक्कर न लगाना पड़े और उन्हे सारी सुविधाये उनके ग्राम पंचायत में ही मिल सके और इसीलिए मुख्यमंत्री ने हर ग्राम पंचायतों में एक पंचायत सहायक / एकाउंटेंट-कम-डाटा इंट्री आपरेटर की नियुक्ति किया, लेकिन अभी तक बहुत सी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट स्टेसनरी, और कम्पुटर संबंधित आवश्यक सामानों की व्यवस्था नहीं है जिससे ग्रामीणों तक सारी सुविधाओ को नहीं पहुंचाया जा सकता है और सरकार के योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है, 6000 के अल्प मानदेय में पंचायत सहायक कार्य कर रहे लेकिन उनको मानदेय भी समय से नहीं दिया जाता है पंचायत सहायक के पारिवारिक और आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानदेय समय से दिया जाय और मानदेय 6000 से बढ़ाकर 18000 रुपये किया जाय। इस मौके पर अनिता कुमारी वर्तिका मिश्रा ओमप्रकाश मुकेश कुमार ममता चौहान ज्योति कुमारी,विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# निर्धारित अवधि में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारण : डीएम

**संवाददाता, हाटा कुशीनगर ।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में सोमवार को तहसील हाटा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान




दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 70 में से 11 को तत्काल निस्तारित किया गया ,पुलिस विभाग से संबंधित 15, विकास विभाग से संबंधित 06 तथा अन्य विभाग के 21 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 112 में से 11 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 101 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हाटा योगेश्वर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया, परियोजना निदेशक, बीएसए राम जियावन मौर्य, तहसीलदार, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार,सहित डीएसओ, जिला कृषि अधिकारी, अधि 0अभि0 पीडब्ल्यूडी, के साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी एवं तहसील के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## तमकुही राज ने जीता उद्घाटन मैच

**संवाददाता, जटहा बाजार (कुशीनगर)।** चैती स्टेडियम में सोमवार को राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता उद्घाटन मैच खेला गया जिसमें तमकुही राज ने दो एक से उद्घाटन मैच जीतकर अपने नाम कर लिया। छः दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला उद्घाटन मैच सोमवार को तमकुहीराज व हँसनापुर बिहार के बीच खेला गया जिसका उद्घस्टन बिहार पश्चिमी चम्पारण से आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष इश्तियाक अहमद व बीरेन्द्र राम जिला परिषद सदस्य बगहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया तथा दोनों प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। मैच के आरम्भिक दौर में दोनों टीमें काफी रोमांचक स्थिति में एक दूसरे पर पर गोल दागने का जी तोड़ प्रदर्शन कीं जो मध्यावकाश होते दोनों टीमों ने एक एक गोल दाग कर बराबरी कर लीं किन्तु मध्यावकाश के बाद प्रारम्भ हुए रोमांचक मुकाबले के बीच तमकुहीराज राज की टीम ने हँसनापुर की टीम पर दूसरा गोल दाग कर दो एक से बढ़त बना ली जो खेल की समाप्ति होने तक मुकाबले को रक्षात्मक रूप से बढ़त बनाये रखी जिससे तमकुहीराज की टीम ने उद्घाटन मैच को जीत अगले दौर के लिये कामयाब रही।

# समस्त विभागीय संदर्भो का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान फरियादियों की शिकायतों/समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी को बुलाकर तत्काल अथवा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में वरासत, भूमि विवाद / अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फरियादियों को गंभीरता से लिया जाए, यदि कोई भी अधिकारी किसी भी शिकायतकर्ता/ फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान अथवा टालमटोल करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ जबाबदेही सुनिश्चित करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जायें, अपने विभाग से संबंधित योजनाओं / कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

खलीलाबाद तहसील अन्तर्गत विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर अवशेष 26 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों /थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। पुलिस अधिकारी जमीन /राजस्व से सम्बन्धित मामलों में राजस्व अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करते हुए शिकायतकर्ता का पक्ष सुनकर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दुबे, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं तहसील से सम्बन्धित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल सहित फरियादी आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न मामलों से सम्बन्धित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये।

## खबर कोना

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील फरेंदा में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद



**संवाददाता, महराजगंज।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद महराजगंज द्वारा आज दिनांक- 20 जनवरी, 2025 को तहसील फरेंदा में आयोजित *सम्पूर्ण समाधान दिवस* पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया । जनपद में भूमि विवाद के समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व मे ही भूमि विवाद सेल का गठन किया गया है । जिसमें राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु लगाई गयी है । पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा तहसील दिवस में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा तहसीलों पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारीगण के साथ फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

### आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एसडीएम निचलौल को दिया ज्ञापन



**संवाददाता, महराजगंज।** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिसवा विधानसभा 317 के प्रभारी जाहिद अली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने निचलौल तहसील पर प्रदर्शन किया और एसडीएम निचलौल को दो सूत्री मांग पत्र दिया गया और मांग किया गया कि नगर पंचायत निचलौल तथा नगर पालिका परिषद सिसवा में केवल कुछ चौराहों पर अलाव जल रहा है ठंड काफी बढ़ गई है ठंड को देखते हुए निचलौल तथा सिसवा नगर को जोड़ने वाले सभी मुख्य मार्गो पर और नगर के सभी मोहल्ले में तत्काल अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए प्रदर्शन के दौरान अमरनाथ दशरथ आदिल समसुद्दीन मोहन रमेश सत्तार गोरख रज्जाक रेखा समतुल्लाह सादिक बदरू राधेश्याम परदेसी मुस्तफा प्रहलाद हुसैन सीताराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने परदहा मिल में बन रहे औधोगिक पार्क का किया निरीक्षण

**जिला संवाददाता, मऊ।** जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस किया और कहा कि ज़िले में परदहा मिला के स्थान पर अधौगिक पार्क बनना पूरी तरह से गलत है यहां कोई मिल या मेडिकल कालेज की जरूरत था क्योंकि परदहा मिल के कुछ दूरी ताजोपुर में अधोगीक क्षेत्र था। जब यहां परदहा मिल था तब इस क्षेत्र के एवम आस पास के लोगो का परिवार की जीविका चलाने का मुख्य साधन था लेकिन अब यह अधोगिक पार्क बन रहा है और जिस तरीके से ताजोपुर अधौगिक क्षेत्र का हाल है उससे कोई उम्मीद नहीं है और जिस तरीके से परदहा मिल में अधौगिक पार्क में कार्यो का भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है और परदहा मिल में बन रहे औधोगिक पार्क में ईट,गिट्टी की क्वालिटी बेहद ख़राब है और बिना पीसीसी के ढल्लैया हो रहा है।उससे इस सरकार से उम्मीद कम ही है। यहां की जनता चाहती थी कि यहां मेडिकल कॉलेज या विश्वविद्यालय आदि बनाना चाहिए।जनपद मऊ जिले के नगर विकास मंत्री जी है और उनके नाक के नीचे इस तरीके से भ्रष्टाचार होना उनकी कार्यप्रणाली को दर्शाती हैं।अगर इस तरीके से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा तो हमलोग बड़े आंदोलन करेगे और विधानसभा का घेराव किया जाएगा क्योंकि जब गृह जनपद का यह हाल है तो अन्य जनपदों में क्या होता होगा इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता हैं। आज के कार्यक्रम में हिमांशु सिंह,अंकुर यादव, संजय राजभर,अमित सिंह,संजय कुमार,अवधेश सिंह आदि साथी उपस्थित रहे।

### भाजपा द्वारा संविधान गौरव गोष्ठी का आयोजन आज

**संवाददाता, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के अन्तर्गत 21 जनवरी मंगलवार को रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय संविधान गौरव गोष्ठी आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मिठौरा की बैठक संपन्न

**संवाददाता, महराजगंज।** सिंदुरिया संवाददाता ब्लॉक सभागार मिठौरा मे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष अभय कुमार दूबे की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक आहुत की गयीद्य संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे, बैठक का संचालन महामंत्री गोपाल पसवान ने किया द्यबैठक को जिला उपाध्यक्ष डॉ गिरिन्द्र नाथ मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा की महासंघ शिक्षक हित मे सदैव समर्पित है, कार्यकारी अध्यक्ष नंदलाल यादव ने अपने सम्बोधन मे कहा की संगठन एकजुटता एवम शिक्षक समस्याओं पर ध्यान दिया जाय, संयुक्त महामन्त्री राकेश मणि त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन मे शिक्षक समस्याओं के त्वारित् निराकरण पर जोर दिया द्य बैठक को सँगठन मन्त्री सतीश गोयल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, गिरिजेश मिश्र आदि ने सम्बोधित किया द्यअध्यक्ष अभय कुमार दूबे ने अपने सम्बोधन मे शिक्षक समस्याओं के हर सम्भव समाधान का अश्वाशन दिया। बैठक मे राकेश गुप्ता ,गिरिजा शंकर, सतीश कुमार,आशीष गुप्ता,अनुराग मणि, प्रिंस शुक्ला, विवेक गुप्ता ,साबिर अली, संदीप पांडेय, राजीव कुमार,आदि उपस्थिति रहे।

# क्षेत्र का विकास सर्वोच्य प्राथमिकता : पी.एन पाठक




**संवाददाता, कुशीनगर।** सोमवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने विधायक निधि से निर्मित एक सामुदायिक भवन, सीसी सड़क समेत स्मृति द्वार का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया । विधायक श्री पाठक ने लगभग 26.94 लाख की लागत से हुए निर्मित विकास कार्यो का उद्घाटन किया । इस दौरान लोगो ने विधायक को फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।

इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने सोमवार को बोहरापुर में राम जानकी मंदिर के पास 9.74 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया उसके उपरांत ग्राम पंचायत धर्मपुर खुर्द में पीच रोड से अनिल पांडेय के घर जाने वाले मार्ग तक 9 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड व दिघवा बुर्जुग स्थित 4.20 लाख की लागत से निर्मित पंडित द्वारका प्रसाद स्मृति द्वार का लोकार्पण विधायक श्री पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं।क्षेत्र का विकास सर्वोच्य प्राथमिकता है। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है।प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में बनी सरकार विश्व पटल पर भारत को मजबूती मिली है, तो मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने प्रदेश के विकास में कई योजनाएं संचालित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, भाजपा नेता सतीश मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष किनरेश चौबे राजेश प्रताप राव, आद्या पांडेय, अमरजीत कुशवाहा, प्रधान प्रतिदिन दुर्गवालिया विजय तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, अवर अभियंता पी.एन मिश्रा,दीपक सिंह, अमरनाथ कुशवाहा, दिनेश सिंह, , रितेश दुबे, दीपू पांडेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि के अवसर किया गया कंबल वितरण



**संवाददाता, मांसाछपर/ कुशीनगर।** विकास खण्ड विशुनपुरा के चिरइहवाँ में संचालित लालमती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रवन्धक व प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव के पिता की पाँचवीं पुण्यतिथि का आयोजन हुआ जिसमें गाँव के सैकड़ों जरूरत मन्दों एवं निराश्रितों के बीच कम्बल का वितरण कर परिवारीजनों ने आशिर्वाद प्राप्त किया। चिरइहवाँ में रविवार को आयोजित स्व रामपति यादव की पाँचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आमन्त्रित किये गये ग्राम पँचायत के करीब पाँच सौ से ज्यादे असहायों , निराश्रितों, एवं जरूरत मन्द लोगों की उपस्थिति में आयोजक श्रीमती लालमति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रवन्धक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव की अगुवाई में स्व पिता रामपति यादव के स्मृति चित्र पर स्वयं के साथ परिवारीजनों ने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इसके पश्चात इस मौके पर आये लोगों ने क्रमवार रूप पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान किये। इस अवसर पर सभी आमन्त्रित लोगों को भोजन व जरूरत मन्द पुरुष व महिलाओं को अंगवस्त्र के रूप में ठण्ड से राहत के लिये एक एक कम्बल प्रदान कर आयोजक व परिवार के लोगों ने सभी से आशिर्वाद प्राप्त किये। इस मौके पर परिवार के दीनानाथ यादव, अंगद यादव, श्यामबदन यादव, राजेन्द्र यादव, डॉ शैलेश यादव सहित घर की महिलाओं ने भी अपने कर कमलों द्वारा जरूरत मन्द महिलाओं को एक एक कम्बल प्रदान किया । इस अवसर पर आयोजक राजेन्द्र यादव ने कहा कि पिता की स्मृति में गरीबों असहायों व निराश्रितों के लिये प्रत्येक वर्ष इस तरह के आयोजन आयोजित किये जाते हैं और उनसे हम सभी पारिवारिक लोग आशिर्वाद प्राप्त करते हैं जिससे खुद को बड़ा आनन्द महसूश होता है।

## गोरखपुर को पराजित कर मेहा देवरिया फाइनल में

**संवाददाता, फाजिलनगर कुशीनगर।** क्षेत्र के नोनिया पट्टी सोनबरसा में हो रहे स्वर्गीया शांति देवी जिला स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट में छठवें दिन का सेमीफाइनल मुकाबले में मेहा देवरिया की टीम ने गोरखपुर स्टेडियम को पराजित कर फाइनल मुकाबले में पहुंच गई।मैच का शुभारंभ नोएडा में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ई.अजय सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके कराया। खेल के दस मिनट बाद ही मेहा देवरिया के खिलाड़ी धान सिंह ने गोल मारकर टीम का मनोबल बढ़ाया। उसके बाद देवरिया की टीम गोरखपुर की टीम पर पूरी तरह हावी हो गई।पूरे खेल के दौरान लगातार चार गोल मारकर मेहा देवरिया की टीम ने फाइनल मुकाबले के लिए अपना जगह सुरक्षित कर लिया।आयोजक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा.शुभम यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। आंखों देखी प्रसारण पंकज कुमार, अल्ताहिर व मोनू सिद्दीकी ने किया।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सरहरा जमीन सरहरा में लगाए गए फार्मर रजिस्ट्री कैंप

## कंपोजिट विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण






**जिला संवाददाता, मऊ।** आज जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र ने तहसील घोसी के ग्राम पंचायत सरहरा जमीन सरहरा में फार्मर रजिस्ट्री हेतु लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप के दौरान किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी खंड विकास अधिकारी घोसी को दिए। इसके अलावा उन्होंने लेखपाल एवं रोजगार सेवक से किसानों से संपर्क कर निकटतम जन सेवा केंद्र पर पहुंचाते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को जन सेवा केंद्र के ऑपरेटर से संपर्क कर पोर्टल के चलने की स्थिति के समय का पता लगाते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित कर केंद्रों पर भेज कर फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी घोसी से फैमिली आईडी बनाए जाने के प्रगति की भी जानकारी ली तथा शीघ्र ही गैप को खत्म करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित लेखपाल,तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी घोसी से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24, धारा 34,धारा 116 एवं 67 क के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पीठासीन अधिकारियों को धारा 24 एवं धारा 116 में बेहतर प्लान तैयार करते हुए शीघ्र ही मामलों केनिस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस हेतु उन्होंने संबंधित लेखपाल को अधिक से अधिक मामलों को सहमति के आधार पर निपटाने हेतु संबंधित पक्षों को प्रेरित करने को कहा जिससे अनावश्यक मुकदमों से दोनों पक्ष बच सके। इसके अलावा उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों को धारा 67 क के मामलों के निस्तारण हेतु अभियान चलाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने धारा 24 धारा,116 एवं धारा 67 क के मामलों के शीघ्र निस्तारण न होने पर संबंधित पीठासीन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। धारा 34 में बिना किसी सारवान आपत्ति के निस्तारण में विलंब पाए जाने पर उन्होंने संबंधित पीठासीन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी के कार्यों में तेजी लाने हेतु उन्होंने उप जिलाधिकारी घोसी एवं खंड विकास अधिकारी घोसी को बेहतर कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे इन कार्यों में तेजी लाई जा सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र सरहरा जमीन सरहरा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा एवं एएनएम से बच्चों के टीकाकरण की जानकारी लेते हुए उप जिला अधिकारी,खंड विकास अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधीक्षक को साथ मिलकर उन क्षेत्रों का भ्रमण करने को कहा जहां पर टीकाकरण में व्यवधान आ रहा है। साथ ही मौके पर पहुंचकर इन व्यवधानों को खत्म करने हेतु विशेष प्रयास करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय सरहरा जमीन सरहरा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कक्षा 8 एवं कक्षा 6 में पढ़ने वाले बच्चों से गणित एवं हिंदी के सवालों का जवाब लिया। साथ ही बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर कार्य भी कराए। कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यापक एवं खंड शिक्षा अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।साथ ही बच्चों को मध्याह्न भोजन भी गुणवत्तापूर्ण एवं मीनू के अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मध्याह्न भोजन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु उन्होंने प्रधानाध्यापक को संबंधित ग्राम प्रधान से भी सहयोग लेने को कहा,जिससे शत प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण कार्यों के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत से संबंधित कई शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिसे उन्होंने तत्काल निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी घोसी अभिषेक गोस्वामी, तहसीलदार घोसी के अलावा खंड शिक्षा अधिकारी घोसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, जिला कृषि अधिकारी सोमपाल गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घोसी तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

### मुख्य अतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और सदस्य श्री मधुसूदन त्रिपाठी शामिल



**जिला संवाददाता, घोसी।** तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह ब्रिगेडियर उस्मान अधिवक्ता हाल में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह में प्रशासनिक, न्यायिक अधिकारी, नेता, अधिवक्ता पत्रकार शामिल हुए। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और सदस्य श्री मधुसूदन त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में घोसी के उप जिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी, उप जिलाधिकारी न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल ने शिरकत की। यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और सदस्य श्री मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा कि अध्यक्ष और मंत्री का कर्तव्य है कि अधिवक्ता समाज के सम्मान को किसी तरह का ठेस पहुंचता है तो उसके सम्मान की लड़ाई आप की लड़ाई होगी।

एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता अपनी शक्ति लगा देता है। उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों, महिलाओं, नौजवानों को न्याय दिलाने के लिए बार और बेंच की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने Sorry की डेफिनिशन बताया, आदमी सॉरी बोले तो झगड़ा खत्म और डॉक्टर Sorry बोले तो आदमी खत्म। वरिष्ठ अधिवक्ता कालिका दत्त पाण्डेय ने कहा कि ÷यह बार एसोसिएशन हमेशा से न्याय के पक्ष में खड़ा रहा है और रहेगा। आगामी वर्ष के दौरान हम न्याय की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे और बार-बेंच की कड़ी को मजबूत बनाए रखेंगे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट बार ही नहीं जनपद के चारों तहसीलों में अगर अधिवक्ता के साथ अन्याय होगा तो हम चुप नहीं रहेंगे। हम अपने अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे।

पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय ने कहा कि जो कसम खाए हैं उसे पूरा भी करें ऐसा न हो कसमें वादे प्यार वफ़ा...रह जाय। दिनेश राय ने कहा कि हिंदुस्तान की आजादी का इतिहास जब लिखा जाएगा और उसमें अधिवक्ता को छोड़ दिया जाय तो कहानी अधूरी होगी, अधिवक्ता अपने पुरुषार्थ, परमार्थ के लिए जाना जाता है, उन्होंने महाभारत सीरियल का उदाहरण देते हुए अधिवक्ता की जीवटता का दर्शन कराया, अधिवक्ता के संघर्ष की कहानी उसके पुरुषार्थ और परमार्थ की कहानी है।

उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को भी घेरा और कहा कि बार काउंसिल ने अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों की तिलांजलि दे दी। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद पालीवाल ने कहा कि यदि वादकारी नहीं है तो अधिवक्ता और पीठासीन अधिकारी वजूद खत्म है इस लिए वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए दोनों को साथ - साथ चलना होगा। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनता का अधिवक्ताओं पर विश्वास होता है और अधिवक्ता ही ऐसा समुदाय है जो वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहता है।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिला बार एसोसिएशन मऊ के अध्यक्ष प्रमोद पालीवाल, महामंत्री रितेश कुमार श्रीवास्तव, शमशाद अहमद, ब्रह्मदेव उपाध्याय, अखिलेश सिंह, रमेश श्रीवास्तव, जनार्दन यादव, पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय, वरिष्ठ अधिवक्ता कालिका दत्त पांडे, रफीउल्लाह खान, नजमुल इकबाल, एजेड इस्लाम, जीयुत बंधन राम, तारिक जफर आजमी, अहमदुल्ला खान, इंद्रसेन उपाध्याय, उमाशंकर उपाध्याय, सतीश पाण्डेय, सुतीक्ष्ण मिश्र समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

इन्होंने ली शपथ- अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम प्रताप, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप यादव, महामंत्री राजेश कुमार सोनकर, मंत्री प्रशासन कैलाश नाथ, मंत्री प्रकाशन शहजादे अशरफ, मंत्री लाइब्रेरी दुर्गेश कुमार सिंह, ऑडिटर राजेश कुमार सदस्य कार्यकारिणी चंद्रदत्त यादव, नदीम अख्तर, सतीश कुमार पांडेय, अनिल कुमार राय, सुनील कुमार यादव ने शपथ ली। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एजेड इस्लाम ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## जिलाधिकारी के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील घोसी में संपन्न

**जिला संवाददाता, मऊ।** आज जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील घोसी में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि महीने के तीसरे शनिवार 18 जनवरी को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरण के कारण समाधान दिवस का आयोजन शासन के निर्देश पर स्थगित किया गया था जिसे अगले कार्य दिवस अर्थात सोमवार को मनाया जाना था।तहसील घोसी में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 48 शिकायतें आई, जिनमें से 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 6 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 29,पुलिस विभाग से 06 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थी। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नियमों की जानकारी के साथ उनका अनुपालन भी जरूरी : डीएम

## जिलाधिकारी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, छात्र-छात्राओं को किया गया सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक



**संवाददाता, बाराबंकी।** माध्यमिक स्तर (कक्षा 9-12) के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने के उद्देश्य से नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह उपस्थित थे। नोडल सड़क सुरक्षा माध्यमिक डॉ0 पूनम सिंह ने बताया इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, जमीलुर्रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज, पायनियर हाई स्कूल, सत्यप्रेमीनगर, पायनियर इंटर कॉलेज, लखपेडाबाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आरम्भ में आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। एआरटीओ अंकिता शुक्ला द्वारा जनपद में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। पायनियर इंटर कॉलेज, लखपेडाबाग में आयाजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी के साथ उनका अनुपालन भी करना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों का अनुपालन मृत्यु दर को कम तो करते ही हैं, साथ ही हमें जीवन के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश भी देते है। उन्होंने कहा, वाहन लेकर सड़क पर हमें तभी निकलना चाहिए जब लाइसेंस के साथ ट्रैफिक नियमों की पूरी जानकारी भी हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्यों/ शिक्षकों/ छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलवायी।

सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा आप इस देश के आने वाले कल हो, जब भी हमें मौका मिलता है. हम स्वयं आप तक आने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा तेज गति से वाहन चलाना, थकान, शराब पी कर गाड़ी चलाना, लापरवाही, संकेतों का उल्लंघन करना दुर्घटना के कारण बनते हैं, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें इनका ध्यान रखना चाहिए, तभी हम सड़क पर होने वाली मृत्यु दर को कम कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दिपांशु राजकीय हाई स्कूल भनौली, जेबा जमीलुर्रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं अहीद सिद्दीकी राजकीय हाई स्कूल न्यामतपुर को क्रमशः चित्रकला, क्विज़ एवं भाषण के लिए मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अंत में सभी अतिथियों का जिला विद्यालय निरीक्षक ने आभार प्रकट किया। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित प्रस्तुतियों के लिए संबंधित विद्यालय के शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में वंचित ने आवासीय पट्टा की करी मांग

**संवाददाता, रामसनेही घाट, बाराबंकी।** सोमवार आयोजित जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट में सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक व्यक्ति ने आवासीय पट्टा की मांग की है। पूरा मामला तहसील रामसनेही घाट के ग्राम सुखीपुर, परगना सूर्यपुर निवासी कल्लू पुत्र चुन्नी ने सोमवार आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आवासीय पट्टा की मांग की है। कल्लू के बताए अनुसार वह एक अनुसूचित जाति का गरीब व्यक्ति है। गाटा संख्या 336/0.2780 हे0 जो कि बंजर भूमि दर्ज है। उसी भूमि पर कल्लू का लगभग 1200 वर्गफीट में कब्जा पिछले लगभग 40 वर्षो से है और वह उस भूमि पर छप्पर व टीन शेड डालकर परिवार सहित जीवन यापन कर रहा है। पीड़ित कल्लू के मुताबिक वह गंभीर बीमारी से पीड़ित भी है उसके पास न ही आवास है और न ही कोई भूमि है। ऐसे में उसका आर्थिक एवं सामाजिक शोषण भी होता है।

# जिलाधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**संभल(बहजोई)(संवाददाता)**।जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को तहसील गुन्नौर में कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 02 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए।इसके उपरांत तहसील गुन्नौर के निकट स्थित शिव मंदिर के मार्ग को लेकर जिलाधिकारी द्वारा मंदिर के लिए पोस्ट ऑफिस एवं मंदिर के पास स्थित मार्ग का निरीक्षण किया सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे एवं मार्ग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उपजिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर कोना

### 1800 लीटर संदिग्ध सॉस व 45 लीटर विनेगर को विभाग ने कराया नष्ट

**संवाददाता, अमेठी।** सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान सस्ता एवं घटिया संदिग्ध सॉस और चटनी की आपूर्ति होने की खबर मिल रही थी, जिसके कारण काफी समय से जनपद में इसे सप्लाई करने वाले मुख्य कारोबारी को पकड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगी हुई थी किन्तु ठोस जानकारी न मिल पाने से अभी तक कारोबारी पकड़ में नहीं आ सका था। सोमवार को टीम को एक संदिग्ध वाहन द्वारा सॉस एवं विनेगर सप्लाई होने की जानकारी हुई, सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने, अमेठी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमा शंकर पटेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर की टीम के साथ लोदी बाबा मन्दिर के पास वाहनों की जॉच करना शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका तो उसमें कई गत्ते वेजिटेबल सॉस और विनेगर सप्लाई हेतु ले जाते हुए पाया गया, जो मौके पर पाए गए बिल के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ जा रहा था। वाहन पर उपस्थित सेल्समैन के पास सप्लाई किए जाने से सम्बन्धित कोई अनुज्ञप्ति या पंजीकरण भी नहीं पाया गया। वाहन पर लदे हुए सॉस के गत्तों पर और कई पीपे पर कुछ भी लिखा हुआ नहीं था कि सॉस किस प्रकार निर्मित किया गया है। बिल पर विनेगर के गत्ते पर उन्नाव के निर्माता का विवरण दिया हुआ था, जिसकी जॉच करने पर पता चला कि उन्नाव की इस निर्माता फर्म का लाईसेंस निलंबित है एवं इस दौरान वह किसी भी प्रकार के खाद्य उत्पाद को निर्मित अथवा आपूर्ति नहीं कर सकता है। टीम ने मौके पर ही वेजिटेबल सॉस एवं विनेगर का नमूना लेकर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया तथा लगभग 100 गत्ते में साढ़े चार लीटर के 4 पीपों में रखा लगभग 1800 लीटर संदिग्ध सॉस को एवं 10 गत्तों में 9 बोतल कुल 45 लीटर विनेगर को नष्ट कराया गया।

### चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मुसाफिरखाना में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, तहसील अमेठी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, तहसील गौरीगंज व तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 09 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 21 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

### भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल ने बूथ अध्यक्षों को दिया जीत का मंत्र




**संवाददाता, अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के महामंत्री धर्मपाल ने मिल्कीपुर उपचुनाव में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए आगामी 5 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चंद्रभान पासवान को भारी बहुमत से जीतने का मंत्र दिया उन्होंने उपस्थित सभी पार्टी के जनप्रतिनिधियों विधायकों जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नगर निगम के मेयर सहित उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों को मजबूत करने और एक-एक वोट पर निगाह रखे डलवाने की जिम्मेदारी दिया, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी के आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली पिछले दिनों राधेश्याम त्यागी अस्वस्थ थे।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जेपीएस राठौर विधायक रामचंद्र यादव डॉ अमित सिंह चौहान एमएलसी हरिओम पांडे मेयर गिरीश पति त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह पूर्व सांसद लल्लू सिंह पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू बाबा गोरखनाथ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से विकसित देश का सपना होगा पूरा : डॉ. शुक्ल

**संवाददाता, अयोध्या।** कर्तव्य भाव और समर्पण जिस समाज में होता है वह राष्ट उन्नति करता है। राष्ट सर्वोपरि की भावना किसी भी राष्ट को विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देश की श्रेणी में सहज ले जाने में समर्थ है। यह बात पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने कही। वह शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब एक दूसरे के सहयोग की भावना होती है तब कोई भी संस्थान और शिक्षा जगत प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए यह जरूरी है कि हम सामंजस्य और सहयोग की भावना से आगे बढ़े। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार सर्वथा श्रेष्ठ होते हैं। संस्कार से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि अच्छा सोचने वाला अच्छा कार्यकर्ता होता है। इसलिए हमेशा अच्छा विचार करें। उन्होंने कहा कि 92 वर्ष व्यतीत होने के बावजूद विद्यालय अपने पूर्ण यौवन पर है, जो श्रेष्ठता का प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने कहा कि जब स्वस्थ हृदय से कोई विचार और भाव मन में लाया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को परिश्रम और लगन से कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सर्वोत्तम मुकाम हासिल हो जाय तब उसपर बने रहना कठिन होता है।

# राजकीय हाईस्कूल मित्तई में स्वस्थ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संवाददाता, बारांबकी ।** सोमवार को स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाई स्कूल मित्तई देवा की प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा के नेतृत्व व देखरेख में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा डॉ राधेश्याम गौड़ के निर्देश के अनुपालन में देवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0मानवी राज सिंह की टीम के सदस्य धर्मेंद्र कुमार, सीनियर लैब असिस्टेंट (एसएलए) तथा अजय कुमार, लैब टेक्नीशियन(एलटी) द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं की एनीमिया जांच हेतु ब्लड टेस्ट किया गया।



छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित समस्त शिक्षिकाओं द्वारा एनीमिया जांच हेतु अपना भी ब्लड टेस्ट कराया गया।÷स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम ÷की विद्यालय नोडल आरती चौधरी सहित शिक्षिका अनीता रावत एवं अंजू शुक्ला द्वारा इस जांच से होने वाले फायदे के विषय में बच्चों को लगातार जागरुक करते हुए एनीमिया जांच हेतु प्रेरित किया गया जिससे बच्चों ने उत्साह पूर्वक जांच में सहयोग किया। जांच टीम के सदस्यों द्वारा जांच के तुरंत बाद जांच रिपोर्ट भी बताई गई तथा जांच में कम हीमोग्लोबिन वाले बच्चों के हीमोग्लोबिन बढ़ाए जाने हेतु उचित खान पान हेतु बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा द्वारा टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि एक दिन आएगा जब हमारा कोई भी बालक तथा बालिका एनीमिक नहीं रहेगा और इससे होने वाली सभी समस्याओं से हमारे बच्चों को मुक्ति मिलेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन

**चन्दौसी (संवाददाता)।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चंदौसी संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन पतंजलि बिहारीलाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ शीतल एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद सभी स्वयंसेविकाओ ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रीय एकता गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं को विभिन्न तरह के योगासन धनुरासन, बालासन, कोणासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, कटि चक्रासन एवं वृक्षासन आदि आसन कराए गए।

## पुलिस हिरासत में मौत से आक्रोश, लोगों ने घेरी पुलिस चौकी, टार्चर करने का आरोप



**सम्भल/चन्दौसी (संवाददाता)।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र की रायसत्ती पुलिस चौकी में मोहल्ला खग्गू सराय निवासी इरफान की मौत हो गई है। युवक को किसी मामले में पुलिस पकड़ कर लाई थी। मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा कर दिया। युवक की मौत के बाद पुलिसकर्मी भी मौके से भाग गए।एएसपी मौके पर पहुंचे और शव अस्पताल भेजा है।

पूरा मामला नखासा थाना क्षेत्र की रायसत्ती पुलिस चौकी का है जहां पुलिस एक महिला की शिकायत पर एक स्थानीय शख्स को पूछताछ को लाई थी। वहीं शख्स की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने शख्स को दवा न खाने देने का पुलिस पर आरोप लगाया है। पुलिस कस्टडी में मौत की सूचना के बाद परिजनों समेत भारी भीड़ पुलिस चौकी पहुंच गई जहां पुलिस एवं परिजनों के बीच खूब कहासुनी हुई। सूचना पर सीओ, एएसपी एवं एसपी भी मौके पर पहुंच गए एसपी ने बताया कि मारपीट से प्रताड़ित महिला ने शख्स की शिकायत की थी। पुलिस चौकी में दवा न खाने देने के आरोप को ग़लत बताते हुए एसपी ने कहा कि दवा खाने दी गई है तबियत बिगड़ने पर उसे पुलिसकर्मी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई वहीं शव को पीएम को भेजा गया है। वहीं परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपी को निराधार बताते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जारी किया है, जिसमें युवक पुलिस चौकी में दवाई खाता नजर आ रहा है।

# हाडियाकोल में गरीबों को मिलती है नई रोशनी : पूर्व मंत्री अरविंद सिंह



**संवाददाता, बाराबंकी।** गरीब कमजोर वर्ग के लिए वरदान है हंडियाकोल आश्रम में आयोजित होने वाला निःशुल्क ऑपरेशन शिविर। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने श्री राम वन कुटीर ÷हंडिया कोल÷ स्थित स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय मे आयोजित निःशुल्क ऑपरेशन शिविर में पहुंचकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर स्टाफ एवं सेवादारों द्वारा मरीजों की जा रही सेवा की सराहना कर आभार व्यक्त करते हुए कही। इसके पूर्व श्री गोप ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शिविर में इलाज करने आए भर्ती रोगियों से मुलाकात कर उनकी कुशल छेम लेते हुए मरीजों की सेवा में निस्वार्थ भाव लगे डॉक्टर नर्स एवं सेवादारों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप के साथ पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, मेराज प्रधान, हसमत अली गुड्डू, अमित चौरसिया के साथ आश्रम शिविर की देखरेख कर रहे पदाधिकारी व स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## भाकियू भानु गुट ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया

**संवाददाता, मसौली बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के तत्वावधान में सोमवार को बड़ागांव नर्सरी चौराहे पर ब्लाक अध्यक्ष राहुल गुप्ता के संयोजन में विचार गोष्ठी व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव बबलू ने कहा कि आप सभी लोग सामाजिक मतभेद समाप्त करके आपसी भाईचारा बनाए रखें तथा सामाजिक एकजुटता के बगैर अन्याय और शोषण से नहीं लड़ा जा सकता है। मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा ने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें क्योंकि आने वाला कल शिक्षित समाज का होगा। खिचड़ी भोज मे जिलाअध्यक्ष राधे रमण वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत ब्लाक महासचिव कवि शरण ब्लॉक सचिव राज नारायण सहित भारी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वीकृत भार से अधिक विद्युत भार का उपयोग सूत्र बाईपास चोरी कर मीटर में दिया जाता है कम लोड



## मीटर का स्वीकृत भार 20-40 तक अधिक भार 60-80 किलोवाट तक चल रहा सूत्र

**संभल/बहजोई(संवाददाता)।** बिजली का उपयोग ज्यादा और कनेक्शन कम लोड का है। तो विद्युत विभाग की बड़ी कार्रवाई होगी। विद्युत विभाग अब सतर्क है। विद्युत विभाग जगह-जगह छापेमारी कर बिजली चोरी पर रोक लगा रहा है। लेकिन विद्युत उपभोक्ता बाज नहीं आ रहे।सूत्रो से पता चला है कि बहजोई नया बाजार के पास बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का कार्य किया जा रहा है।

बताते चलें कागज में कम लोड देखा कर बिजली की अधिक खपत कर रहे हैं। इन दिनों जिले में बिजली विभाग के पदाधिकारी उपभोक्ताओं से अपने विद्युत कनेक्शन के अधिक लोड पर कनेक्शन के भार को बढ़ा दिया जाता है। जब भी विद्युत विभाग की टीम बिजली चेकिंग करने पहुंचती है। तो विद्युत उपभोक्ताओं को किसी के द्वारा पहले ही खबर हो जाती है। और वह पकड़ में नहीं आ पाते। अगर मीटर रीडर द्वारा मीटर का लोड लिया जाए तो बाईपास चोरी के कारण कम लोड आता है। इस तरह से लगभग 40 किलो वाट तक की बिजली चोरी की जा रही है।

**बर्जनः** वही इस मामले को लेकर जेई रोहित कुमार वरुण ने कहा अगर ऐसा कहीं पाया जाता है। तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। और साथ ही कहाकी एक कनेक्शन पर स्वीकृत भार से अधिक लोड या अधिक किलोवाट की मोटर पाई जाती हैं। तो विद्युत उपभोक्ता विभागीय कार्यवाही से नहीं बच सकता।

**अवर अभियंता**
**रोहित कुमार वरुण।**

# घर से चोरी की गयी स्कार्पियो बरामद, अभियुक्त फरार



**संवाददाता, चन्दौली।** घर के सामने से खड़ी स्कॉर्पियो वाहन को धानापुर पुलिस बरामद किया है। जबकि दो अभियुक्त अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।वादी लक्ष्मण प्रसाद पुत्र स्व0 बुद्धिराम प्रसाद निवासी ग्राम खड़ान थाना धानापुर जनपद चन्दौली ने रविवार को थाना धानापुर पर लिखित तहरीर दिया कि ग्राम खड़ान में वादी के घर के दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियों शनिवार की रात्रि में चोरी हो गयी है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 12/2025 धारा 303 बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनायी गयी।

आदित्य लांग्हे पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रचलित अभियान के क्रम में विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सदर व रघुराज क्षेत्राधिकारी सकलडीहा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धानापुर महेश कुमार सिंह द्वारा गठित टीम द्वारा घर से माने से चोरी गये स्कार्पियो की बरामदी की गई है।

उ0नि0 कृष्ण कुमार उपाध्याय मय हमराह को चोरी गयी स्कार्पियों के अपराध में त्वरित कार्यवाही के परिणाम स्वरूप मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी हुई स्कार्पियों खड़ान से धानापुर ब्लाक होते हुए जनपद वाराणसी कबाड़ की दुकान पर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर वादी मुकदमा को साथ लेकर योजनाबद्ध तरीके से खड़ान से ब्लाक मार्ग पर आने वाले वाहनों की तलाशी प्रारम्भ की गई। कुछ देर में एक वाहन आते दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया। वाहन चालक ने पुलिस टीम को देखकर वाहन को कुछ दूर पहले ही रोक दिया, जैसे ही पुलिस टीम वाहन के पास पहुंची और टार्च की रोशनी में देखा तो वाहन में आगे बैठे दोनों व्यक्तियों की वादी मुकदमा द्वारा पहचान लिया गया जिनेके नाम क्रमशः मनीष यादव उर्फ गुरुदयाल यादव पुत्र बुल्लु यादव निवासी ग्राम कवईपहाड़पुर खरहनिया थाना धानापुर जनपद चन्दौली व बब्लू विश्वकर्मा पुत्र श्यामबिहारी विश्वकर्मा निवासी हेतमपुर थाना धानापुर जनपद चन्दौली के रूप में की गयी।

दोनों अभियुक्त अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।मौके पर खड़ी/बरामद वाहन की तस्दीक किया गया तो रजि. नं. UP 66 D 1314 अंकित है, जिसकी वादी मुकदमा द्वारा भी अपनी वाहन के रुप में तस्दीक की गयी। उक्त वाहन को 20 जनवरी को समय 01.30 बजे रात्रि कब्जा पुलिस में लिया गया। फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

## समाधान दिवस में डीएम ने की जनसुनवाई

**संवाददाता,चंदौली।** चकिया तहसील सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 106 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से 6 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। समाधान दिवस में इलिया निवासी इम्तियाज ने हल्का लेखपाल रमेश पाल पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि गांव की बंजर की जमीन पर लेखपाल द्वारा फर्जी तरीके से धारा 80 करते हुए अतिक्रमण कर दिया गया है। वहीं बेलावर गांव में किसान राम सुधार, राम प्रताप वीरेंद्र ने उनकी जमीन पर फर्जी तरीके से मेड़ बंधी विभाग द्वारा मेड़ा बनाने और सिंचाई विभाग द्वारा मनमाने तरीके से उसका मत्स्य पालन के लिए पट्टा करने से संबंधित प्रार्थना पत्र देकर मत्स्य पालन के पट्टे को निरस्त करने की मांग की।इस दौरान मुख्य रूप से डीएफओ दिलीप श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा, तहसीलदार सुरेश चंद्र, डीपीआरओ ,नीरज सिंहा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# रामलला का दर्शन करके मन बहुत प्रसन्न है : मनोहर लाल




**संवाददाता, अयोध्या।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अयोध्या पहुंचे, पूर्व मुख्यमंत्री अयोध्या पहुंचकर सबसे पहले हनुमानगढ़ी और राम लला दर्शन पूजन किया।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बयान दिया कि 1980 से राम मंदिर आंदोलन से जुड़ा हुआ हूं, राम जानकी रथ यात्रा शिला पूजन कार्यक्रम में भी जुड़ा हुआ था,साल 2021 में जब यहां राम मंदिर की नींव भरी जा रही थी तब भी मैं यहां दर्शन करने आया था ,भव्य मंदिर के निर्माण के बाद पहली बार रामलला का दर्शन करके आया हूं, मन बहुत प्रसन्न है राम जी का स्थान सारे देश में एक ऐसा स्थान बना है जो सारे देश की जनता को सारे देश को जोड़ने का काम करता है मनोहर लाल ने प्रयागराज महाकुंभ में लगी आग को लेकर दुख जताया , कहा कोई जनहानि नहीं हुई है , गीता प्रेस गोरखपुर के स्टाल में लगी आग थी आग लगने की कारणों की जाँच की जा रहा है महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा मेला है करोड़ों की संख्या में लोग गंगा स्नान करेंगे, महाकुंभ देश की सांस्कृतिक धरोहर है , कुंभ मेला में उत्तर प्रदेश प्रशासन की तरफ से बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है स्वच्छता सफाई और स्नान घाटों की व्यवस्थाएं रुकने के लिए व्यवस्थाएं बहुत अच्छी की गयी है विपक्ष के द्वारा महाकुंभ को लेकर की जा रही राजनीति पर बोले मनोहर लाल खट्टर, शुद्ध अंतः विचार से जिसको आना होगा वह आएगा जिसको नहीं आना है वह इस तरीके की बात करता है, जिससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अनाथ बच्चों के लिए बनी सहारा

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी चिन्हित हुए 29,029 बच्चे, मिल रहा योजना का लाभ

**लखनऊ, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) अनाथ और जरूरतमंद बच्चों के लिए एक नई आशा लेकर आई है। अगस्त 2021 में शुरू की गई इस योजना से योगी सरकार बच्चों और किशोरों को सहायता प्रदान कर रही है, जिन्होंने कोरोना से इतर कारणों से अपने माता-पिता, किसी एक अभिभावक या संरक्षक को खो दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना अनाथ बच्चों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान नहीं कर रही है, बल्कि बच्चों और युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को हर माह पच्चीस सौ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। यह सहायता उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिन्हें माता-पिता के निधन के बाद आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। योगी सरकार ने इन बच्चों की आर्थिक और शैक्षिक आवश्यकताओं को समझते हुए इस योजना को लागू किया, जो अब लाखों बच्चों की मदद कर रही है।




इस योजना का लाभ केवल 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तक सीमित नहीं है। 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर और युवा, जिन्होंने कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और जो राजकीय डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय या तकनीकी संस्थानों से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत सहायता दी जाती है। यह कदम न केवल युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक है। नीट, जेईई और क्लैट जैसी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को भी इस योजना के अंतर्गत विशेष सहायता प्रदान की जा रही है। इन छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने तक या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, योजना का लाभ दिया जाएगा। योगी सरकार की इस योजना ने पहले ही हजारों बच्चों और युवाओं की जिंदगी बदल दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 29,029 बच्चों को इस योजना के तहत चिन्हित कर लाभान्वित किया गया है। ये आंकड़े बताते हैं कि योजना जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी और सफल रही है। इस योजना ने अनाथ बच्चों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है। आर्थिक सहायता के साथ-साथ, यह पहल उन्हें अपने जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने में मदद कर रही है। योजना न केवल उनके जीवन स्तर को सुधार रही है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और नई उम्मीदें जगा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) का यह कदम न केवल प्रभावित बच्चों और युवाओं के जीवन में बदलाव ला रहा है, बल्कि समाज में समावेशिता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दे रहा है।

# पद्मश्री बलबीर दत्त पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**रांची।** द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025 के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। द टाइम्स ऑफ इंडिया ने 17 जनवरी को झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में %टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025 के पहले संस्करण का आयोजन किया।समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला। झारखंड की पत्रकारिता में दत्त की पहचान भीष्म पितामह के रूप में है। बलबीर दत्त राज्य के पहले पत्रकार हैं, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। वे हिंदी दैनिक देश प्राण के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे कई पुस्तकों के लेखक भी हैं। दत्त पिछले 62 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता में हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में उन व्यवसायिक नेताओं, उद्यमियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम नवाचार, उत्कृष्टता और सफलता का जश्न मनाने के लिए समर्पित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने राज्य के संसाधनों का सामूहिक उपयोग और एकता पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि यह द टाइम्स ऑफ इंडिया की 16 वर्षों से चली आ रही प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण, निर्यात, कॉर्पोरेट, शिक्षा, रिटेल, आतिथ्य, रियल एस्टेट, खाद्य उद्योग सहित 36 श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है। इस कार्यक्रम ने उन नेताओं को उजागर किया, जिन्होंने राज्य की प्रगति और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कारों के परिणाम एक स्वतंत्र शोध एजेंसी, अवांस फील्ड एंड ब्रांड साल्यूशन एलएलपी द्वारा किए गए शोध पर आधारित हैं। यह विश्लेषण प्रतिभागियों द्वारा प्रदान की गई तथ्यों और धारणा आधारित डेटा के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार, पत्रकार कौशल किशोर जायसवाल और पर्यावरणविद् नंदिनी गुप्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा में पुराने वाहनों की होगी स्क्रैपिंग व रि-साइक्लिंग-राव नरबीर सिंह

**चंडीगढ़-** हरियाणा सरकार ने राज्य में पंजीकृत वाहन स्क्रैपेज एवं रि-साइक्लिंग सुविधा प्रोत्साहन नीति 2024 अधिसूचित की है। इससे राज्य में पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग व रि-साइकिलिंग सुविधा उपलब्ध होगी और जगह-जगह कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहनों के पुर्जों का दोबारा उपयोग हो सकेगा। इससे राज्य में ईको पर्यावरण में भी सुधार होगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एनजीटी द्वारा पुराने डीजल वाहनों की 10 व पेट्रोल वाहनों की 15 वर्ष तक पासिंग सीमा अवधि तय करने बाद कंडम वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और इसको देखते हुए हरियाणा सरकार ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल से वाहनों के पुर्जों की रि-साइक्लिंग होने से दोबारा से इस्तेमाल संभव हो सकेगा। इससे पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाव होगा और अर्थ व्यवस्था भी मजबूत होगी। इसके अलावा वाहन मालिकों को भी आर्थिक लाभ होगा और जनता को सड़कों, गलियों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कंडम वाहनों की पार्किंग से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि नीति को हरियाणा सरकार उद्योग का दर्जा देगी। हरियाणा में स्थापित की जाने वाली नई उद्योग इकाइयों को पूंजी अनुदान या राज्य जीएसटी में प्रतिपूर्ति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नीति के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंचरणा विभाग के माध्यम से 10 वर्ष की लीज पर देने का माड्यूल तैयार करेगा। मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार स्टार्ट अप्स, महिला उद्यमी, तथा अनुसूचित जाति श्रेणी के उम्मीदवारों को उद्यम पूंजी निधि स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाएगी। अवसंचरण विकसित करने के लिए 20 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें भूमि को छोड़कर संपूर्ण परियोजना की 10 प्रतिशत लागत तथा औद्योगिक श्रेणी के डी ब्लाक में शत प्रतिशत तथा बी व सी श्रेणी के ब्लाक में 75 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति की जाएगी उन्होंने बताया कि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जो अधिकतम 5 करोड़ रुपये तक का होगा। इसके अलावा राज्य के युवाओं के कौशल एवं रोजगार उपलब्ध कराने वाले 10 ऐसे उद्योगों को 50 लाख रुपये का अनुदान भी दिया जाएगा।

# सैफ अली खान पर हमला करने वाले शहजाद को लेकर हुआ बड़ा खुलासा, लोग हैरान

**मुंबई ।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शहजाद को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। आरोपी के अनुसार वह जिला के साथ ही नेशनल स्तर पर भी कुश्ती लड़ चुका है। आरोपी शहजाद ने पुलिस को बताया की वो बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था और कम भार वर्ग में कुश्ती खेलता था। आरोपी जिला स्तर और नेशनल चैंपियनशिप में अपना दम खम दिखाता था। कुश्ती का खिलाड़ी होने की वजह से वह सैफ अली खान पर हमला करने में कामयाब रहा। आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने 3 से 4 बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर,वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया। क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपी शहजाद पिछले साल सितंबर महीने में मुंबई आया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी मोहम्मद शहजाद ने सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले कई मशहूर हस्तियों के घरों की रेकी की थी। आरोपी रिक्शा चालक से हस्तियों के घरों के बारे में जानकारी लेता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने रिक्शा चालक से बांद्रा इलाके में रहने वाली हस्तियों के घर के बारे में जानकारी हासिल की थी। आरोपी ने शाहरुख खान-सैफ अली के अलावा अन्य कई हस्तियों के घर की रेकी की थी। 30 वर्षीय आरोपी शहजाद को पुलिस ने रविवार सुबह ठाणे शहर से पकड़ा था।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मियों ने मानव सेवा हेतु राशन सामग्री भेजी

## श्री अमिताभ, महाप्रबन्धक ने हरी झण्डी दिखाकर सामग्री की गाड़ियों को रवाना किया

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मचारीगण, घर से निष्कासित, निशक्तजन तथा शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिये कार्य कर रही संस्थाओं के लिये राशन सामग्री भेजते रहे हैं। सोमवार को दो गाड़ियों को राशन सामग्री भर कर मुख्यालय से रवाना किया गया। साथ ही मुख्यालय परिसर में बन रहे मल्टीपरपस हॉल और भूमिगत पार्किंग का भूमिपूजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार खाद्य सामग्री से युक्त 02 गाड़ियों को प्रधान कार्यालय में श्री अमिताभ, महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा मानव कल्याण एवं सेवा के उद्देश्य से एक संस्था ''पल्लव-एक उम्मीद'' बनाई गई है। श्री अमिताभ, महाप्रबन्धक ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्यों में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। ''पल्लव-एक उम्मीद'' संस्थान के तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों के सहयोग से लगभग 3 लाख रुपयों की 6700 किलो राशन सामग्री अपना घर




आश्रम, बस्सी/जयपुर, नेत्रहीन संस्थान, जयपुर, पतित पावन सेवा समिति/जयपुर तथा नया सवेरा जयपुर संस्थानों को भेजे गए। इस अवसर पर मुख्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सोमवार को ही मुख्यालय परिसर में बन रहे मल्टीपरपस हॉल और भूमिगत पार्किंग का भूमिपूजन किया गया। इस भूमिगत पार्किंग में लगभग 200 चौपहिया वहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही पार्किंग के ऊपर 12 इलेक्ट्रॉनिक चौपहिया वाहनों की चार्जिंग और निशक्तजनों के लिए पार्किंग की भी सुविधा होगी। भूमिपूजन में महाप्रबंधक श्री अमिताभ के साथ श्री वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) तथा मुख्यालय और निर्माण विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रतिबंध के बावजूद घुसा युवक

**चंडीगढ़-** लापरवाही बरतने पर गर्भगृह के निरीक्षक और नंदी हॉल प्रभारी को नोटिसउज्जैन, 20 जनवरी (हि.स.)। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित होने के बावजूद सोमवार को एक युवक बिना अनुमति के भीतर चला गया। इससे गर्भगृह के आसपास खड़े मंदिर के कर्मचारी और पुजारी हड़बड़ा गए। उन्होंने युवक को पकड़कर गर्भगृह से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर के प्रशासक अनुकूल जैन ने लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही सुरक्षा में तैनात दो सुरक्षाकर्मियों को हटाने के लिए पत्र निजी सुरक्षा कंपनी को भेजा है। महाकाल थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।



# खेल / अर्थव्यवस्था




# शुरुआती दबाव के बाद शेयर बाजार में आई मजबूती सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों और कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने आज बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार गिर कर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के बाद ज्यादातर इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। कैपिटल गुड्स, पीएसई, टेलीकॉम, बैंक और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 431.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 428.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.86 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,228 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,503 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,557 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 168 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,587 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,662 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 925 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 359.20 अंक उछल कर 76,978.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक पहले आधे घंटे में ही गिर कर लाल निशान में 76,584.84 अंक तक पहुंच गया।

# कॉल्विन तालुकदार कॉलेज के छात्रों ने 6 स्वर्ण 4 रजत और 9 कांस्य पदक जीते

## 7वीं ओपन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता संपन्न

लखनऊ। 7वीं ओपन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2025 मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम लखनऊ में 16 से 20 जनवरी तक सम्पन्न हुई । राष्ट्रीय तायक्वोंडो चैंपियनशिप में कॉल्विन तालुकदार कॉलेज के छात्र और छत्रो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 9 कांस्य पदक प्राप्त किए, जिसमें पूरे प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी कॉल्विन तालुकदार कॉलेज को मिली। प्रदान की गई इस अवसर पर पदक विजेताओं को ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ईशारी के गणेश, महासचिव मंगेशकर उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू एवं सचिव राजकुमार कश्यप द्वार बच्चों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के विशेषज्ञ अर्जुन



चौधरी भी मौजूद रहे। गोल्ड मेडलिस्ट बच्चों में आकाश ,कुसुम ,वशिष्ठ वर्मा ,यासीन इश्तियाक ,प्रबल रस्तोगी , विवान , रजत पदक विजेता में ओजसव रस्तोगी , श्रेया ,देविका कपूर ,आयशा इश्तियाक कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में शरण्या श्रीवास्तव ,कृष्ण असवाल ,अपराजिता निगम ,शिवांश गुप्ता ,प्रांश सिंह सिसौदिया ,हरेंद्र पांडे ,अबू हुरैरा ,हर्ष आदित्य चौधरी ,देवज चौरसिया आदि।


# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार



**लखनऊ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ 'ऐक्सैसिबल लक्ज़री' के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9; इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी ज़ेडएस। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दो नए मॉडल का अनावरण करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक, पार्थ जिंदल ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया विरासत और आधुनिकता को एकजुट करने वाले दो शानदार विशुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण करके देश में ऐक्सैसिबल लक्ज़री के कॉन्सेप्ट को नए सिरे से परिभाषित कर रही है।

# इंडिया ओपन 2025: विक्टर एक्सेलसन, एन से-यंग ने पुरुष और महिला वर्ग का जीता खिताब

**नयी दिल्ली, हिस।** एक सप्ताह तक चले लम्बे मैचों, अप्रत्याशित जीतों और स्थानीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रविवार को इंडिया ओपन का फाइनल रोमांचक रहा, जिसमें चार शीर्ष मुकाबलों का फैसला सीधे गेमों में हुआ। विक्टर एक्सेलसन और एन से-यंग ने रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एक्सेलसन ने पिछले साल के उपविजेता सिंगापुर के चेउक यिउ ली को 41 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर टूर्नामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही उन्होंने 10 वर्षों में छह फाइनल में मलेशियाई दिग्गज ली चोंग वेई के यहां सबसे अधिक खिताब जीतने की बराबरी कर ली। वहीं, एन ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-



12, 21-9 से हराकर 2023 के बाद अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही एक्सेलसन ने सीजन के पहले मलेशिया ओपन में ली से मिली अपनी पहले दौर की हार का बदला भी ले लिया और विश्व नंबर 20 के खिलाफ अपनी जीत का रिकॉर्ड 7-2 तक पहुंचा दिया। पेरिस में जीत के बाद से दोनों ओलंपिक चैंपियनों का समय अलग-अलग रहा है, लेकिन खचाखच भरे केडी जाधव इंडोर हॉल में, उन्होंने सुपर 750 इवेंट में इसी तरह अपना दबदबा कायम किया। जबकि एन ने महिला बैडमिंटन में अपना दबदबा बनाए रखा है। पेरिस के बाद से उनकी केवल दो हार चीन की ज़ी यी वांग के खिलाफ आई हैं। एक्सेलसन चोटों, प्रशिक्षण और प्रेरणा से जूझ रहे हैं, यहां तक ??कि पिछले दिसंबर में साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए। उन्हें यहां भी अपनी लय और फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन डेन ने अपने अभियान को समाप्त करने का सही तरीका ढूंढ लिया। धीमी शुरुआत और अनियमितता के कारण, 2017 और 2019 के चैंपियन 2-6 से पीछे थे, फिर 7-7 से बराबरी करने से पहले, छह अंक हासिल कर 13-8 से आगे हो गए और फिर 21-16 से जीत हासिल की। पहला गेम जीतने के बाद, एक्सेलसन ने दूसरे गेम में अलग ही धमाल मचाया, गेम और खिताब जीतकर 66,500 की राशि और 11,000 रैंकिंग पॉइंट्स अपने नाम की।

# स्की जंपिंग विश्व कप: त्शोफेनिग ने पुरुष वर्ग का जीता खिताब

**वारसॉ, (हि.स.)।** ऑस्ट्रिया के डेनियल त्शोफेनिग ने रविवार शाम पोलैंड के जाकोपेन में आयोजित एफआईएस स्की जंपिंग विश्व कप में पुरुषों की व्यक्तिगत एचएस 140 स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। पहले राउंड के बाद ऐसा लग रहा था कि स्लोवेनिया के एन्ज़े लैनिसेक ट्रॉफी जीत लेंगे क्योंकि उन्होंने 145 मीटर की छलांग लगाकर स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, अंतिम राउंड में, 28 वर्षीय खिलाड़ी केवल 130 मीटर ही बना पाए और चौथे स्थान पर पोडियम से चूक गए। हालांकि इसके बाद त्शोफेनिग ने अपना मौका भुनाया। पहले राउंड में 136 मीटर की छलांग लगाने के बाद, ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 139.5 मीटर की छलांग लगाकर 316.7 अंकों के साथ प्रतियोगिता जीत ली। नॉर्वे के जोहान आंद्रे फ़ोरफ़ैंग ने 137 मीटर और 136 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जो विजेता से 7.3 अंक कम था। ऑस्ट्रिया के जान होर्ल 136 मीटर और 140 मीटर की छलांग लगाकर 309.3 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद, त्शोफेनिग ने स्वीकार किया कि ज़कोपेन में विल्का क्रोकिव पहाड़ी पर उनकी जीत उनके लिए भी एक आश्चर्य थी।

हिन्दी दैनिक 'एक संदेश' लखनऊ- प्रकाशक एवं मुद्रक राहुल कुमार मिश्रा द्वारा सेवन हेवन इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में स्टार प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, म0नं0-166 पिपरौली, हैवतमऊ मवैया, रायबरेली रोड, लखनऊ से छपवाकर एम - 60 प्रथम तल, विकासदीप बिल्डिंग 22 स्टेशन रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। सम्पादक, लक्ष्मी नारायण पाठक, मो0:- 6307987975 स्थानीय संपादक-अशोक कुमार मिश्रा मोबाइल नंबर 9839666434
सह संपादक- आलोक कुमार त्रिपाठी, मो0:-7985698909
RNI. No. UPHIN/2015/64401 E-Mail:eksandeshlko@gmail.com,
Mob :- 9450638777, 9335806297 फोन नं0:- 0522-268022



# महाकुंभ 2025

## विश्व के सबसे बड़े अध्यात्मिक- सांस्कृतिक समागम पर विशेष प्रस्तुति



## एकता का महाकुंभ

# योगी सरकार द्वारा पहले से की गई तैयारी ने टाला बड़ा हादसा



- अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग की घटना को किया गया नियंत्रित
- सूचना मिलते ही महज 2 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचीं अग्निशमन की गाड़ियां
- जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों ने जान पर खेलकर 30 लोगों को किया रेस्क्यू
- योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भ के लिए अग्निशमन विभाग को किया गया वेल इक्विप्ड

**महाकुम्भ नगर संवाददाताः** महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन को लेकर योगी सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर पहले से ही जो तैयारी की गई थी उसकी मदद से रविवार को बड़ा हादसा टालने में प्रशासन को बड़ी मदद मिली। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गईं थीं उन्होंने अहम रोल निभाया। अग्निशमन विभाग की 45 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 1.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सबसे खास बात ये रही कि सूचना मिलते ही फायर यूनिट्स मात्र 2 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गईं और राहत कार्य शुरू कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। 30 लोगों को सुरक्षित निकला गया महाकुम्भ मेला के नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। आग ने तेजी से घास-फूस की बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मेला कंट्रोल रूम ने तुरंत आरटी सेट के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली झूसी और अन्य फायर यूनिट्स को सतर्क किया। आग की भयावहता को देखकर पास के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग बुझाने के दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग के जांबाज कर्मियों ने जान की परवाह किए बिना करीब 25-30 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।इसके साथ ही 200-300 अस्थायी पंडालों को पानी की बौछारें मारकर सुरक्षित रखा गया। उपनिदेशक अग्निशमन अमन शर्मा और स्वयं मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बचाव कार्य का नेतृत्व किया।

## विदेशी मीडिया ने जानी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की भव्यता

**प्रयागराज, संवाददाता।** प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ 2025 की भव्यता और महत्व को लेकर योगी सरकार देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय फ्रजवाहर लाल नेहरू भवनफ्र में विदेशी मीडिया के समक्ष महाकुम्भ की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज में आयोजित हो रहे विश्व के सबसे बड़े आयोजन को धर्म, संस्कृति और आत्म-खोज के प्रतीक के रूप में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों ने विदेशी मीडिया को महाकुम्भ की भव्यता की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया गया कि महाकुम्भ 2025 मानवता के इतिहास में सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समागमों में से एक है। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इसकी पौराणिक जड़ें समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हैं, जिसमें अमृत कलश से चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदें गिरी थीं। महाकुम्भ का स्नान आत्मा की शुद्धि और आत्मज्ञान का प्रतीक माना जाता है सरकार के आंकलन के अनुसार, इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, जिनमें करीब 15 लाख विदेशी पर्यटक भी होंगे। 2019 के कुंभ मेले में 25 करोड़ लोग शामिल हुए थे। यह आयोजन विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लोगों को एक साथ लाकर एकता और समानता का संदेश दे रहा है।

# हम श्री राम को मानते हैं, लेकिन उनके बताए रास्ते पर नहीं चलते : कोविंद

### पूर्व राष्ट्रपति ने परिवार समेत परमार्थ निकेतन में किया बापू की कथा का रसपान



**महाकुम्भ नगर, संवाददाता।** पूव राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महाकुम्भ परिसर में संत मोरारी बापू की मानस कथा में कहा कि आप सभी संत मेरा परिवार हैं। मेरे मन में एक ही बात है कि बापू की श्रीराम कथा श्रृंखला की 950वीं कथा है। यह एक सुखद संयोग है और हम एक हजार श्रीराम कथाओं तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैने देखा है कि हम श्रीराम को मानते हैं, उनके चरित्र को मानते हैं, उनके चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं, उनकी शिक्षाओं को जानने का प्रयास करते हैं, लेकिन राम की नहीं मानते हैं। उनके बताए रास्ते पर नहीं चलते। इस दौरान संत मोरारी बापू ने रामनाथ कोविंद के साथ अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आपके सान्निध्य में बिताए दृश्य अद्भुत और अलौकिक हैं। आज भी मुझे याद है, जब आप गुरूकुल आए थे। उस समय सभी व्यवस्थाएँ एक ओर थीं, पर आपकी आस्था एक ओर थी। आपने हमारे पूरे गांव से कहा था कि यदि कभी दिल्ली आओ तो कहीं और मत रुकना, राष्ट्रपति भवन में रुकना। इस प्रकार आपने राष्ट्रपति भवन को राष्ट्र भवन के रूप में सभी को दर्शन कराए। साधु संग पूर्व राष्ट्रपति के लिए सदैव प्रथम रहा है। उन्होंने कहा कि यह बात और है कि वह खामोश खड़े होते हैं, लेकिन जो बड़े होते हैं, वह बड़े ही होते हैं। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि रामनाथ कोविंद ने सत्ता से नहीं सत्य से परिवर्तन किया। यह सृजन से संगम की यात्रा है। अब समय आ गया है कि हमारे दिल और हमारे घर के आगे मोहब्बत लिखा हो। अब समय आ गया है कि हम न बटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न काटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। यही संगम के तट से संगम का संदेश है, जो हमारे देश के संगम को बचा के रखेगा। सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी सविता कोविंद और बेटी स्वाति कोविंद के साथ महाकुम्भ के पावन अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल, प्रयागराज पहुंचे थे। इस दौरान राममनाथ कोविंद और उनके परिवार ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती के पावन सान्निध्य में बैठकर मोरारी बापू के श्रीमुख से हो रही मानस कथा का रसपान किया। उनके आश्रम पहुंचने पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती, साध्वी भगवती सरस्वती ने कोविंद और पूरे कोविंद परिवार का इलायची की माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

# परिश्रम और अनुशासन से ही मिलती है सफलता : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

### महाकुंभ में राज्यपाल ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रेरित किया



**महाकुम्भ नगर,संवाददाता।** महाकुम्भ मेले के अंतर्गत रज्जू भैया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिक्षकों और विद्यार्थियों के संवाद एवं आशीर्वचन कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह केवल परिश्रम और अनुशासन से ही प्राप्त होती है। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और पूरे समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए उनके अनुभव और महाकुम्भ में किए जा रहे शोध कार्यों को सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि महाकुम्भ में सेवा का अवसर एक अनमोल अनुभव है, जिसे हरसंभव तरीके से भुनाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे उन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 144 वर्षों बाद यह महाकुम्भ आयोजित हो रहा है। इसमें रहने और सेवा करने का अनुभव अद्वितीय है और इसे जीवन में बार-बार प्राप्त करने का अवसर नहीं मिलता। उन्होंने विद्यार्थियों को महाकुम्भ के दौरान सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गरीबों की सच्ची सेवा वही है, जो उनके भविष्य को बदलने में सहायक हो। समाज में प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। समाज के सभी सदस्यों की यह जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को शिक्षित करें ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

## आरजी कर मामला : पीड़ित परिवार ने आर्थिक मदद लेने से किया इनकार

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को सियालदह अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया। हालांकि, पीड़ित के माता-पिता ने आर्थिक सहायता को लेने से इनकार कर दिया है पीड़ित के माता-पिता ने अदालत के बाहर कहा, हम इस सहायता को स्वीकार नहीं करेंगे। हमें न्याय चाहिए। यह केवल संजय की सजा नहीं, बल्कि पूरे तंत्र को जिम्मेदार ठहराने का मामला है अदालत ने इस मामले को विरलतम में विरल नहीं मानते हुए फांसी की सजा की बजाय आजीवन कारावास का फैसला सुनाया। दोषी संजय रॉय ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, मुझे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। मैंने कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमने पहले दिन से दोषी को फांसी देने की मांग की थी।

# राहुल को राहत सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही मानहानि कार्यवाही पर लगाई रोक



**नयी दिल्ली, (वार्ता)** । उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर 'हत्या का आरोपी' कहने के एक पुराने मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की एक निचली अदालत में चल रही मानहानि मुकदमे की कार्यवाही पर सोमवार को अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी की याचिका पर उन्हें यह राहत दी और झारखंड सरकार के साथ शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा, नोटिस जारी करें...अगले आदेश तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सभी कार्यवाहियों पर रोक रहेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने रांची की एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें मुकदमे के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी कि इस मामले से शिकायतकर्ता का कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति (श्री शाह) ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने शीर्ष अदालत के पिछले फैसले का हवाला दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। यह याचिका भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा द्वारा दायर की गई गई थी, जिसमें 18 मार्च, 2018 को राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने समेत (भाजपा) पार्टी नेताओं को 'झूठा' और 'सत्ता के नशे में चूर' कहने पर उनके (राहुल के) खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

## लखीमपुर खीरी हिंसाः आशीष मिश्रा पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप, दिया जांच का आदेश

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में आठ लोगों की हत्या से संबंधित मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा संबंधित गवाहों को प्रभावित करने के आरोपों की जांच करने का सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि वे (गवाहों को कथित तौर पर धमकाने) आरोपों से संबंधित सभी दस्तावेज संबंधित पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही पुलिस अधिकारी को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि आरोपी की ओर से अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है। इसके विपरीत आरोपी के वकील सिद्धार्थ दवे ने तर्क देते हुए कहा कि आवेदक मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसे आरोप लगाते रहे। उन्होंने दावा किया कि जहां तक आरोपों (गवाहों को प्रभावित करने) का सवाल है, प्रतिवादी मौके पर मौजूद भी नहीं था।

## आरजी कर मामले में कोर्ट के फैसले पर ममता ने जताया असंतोष

### बोलीं- फांसी होती तो मन को सुकून मिलता

**कोलकाता, (हि.स.)।** आरजी कर मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि यह मामला उनके पास होता तो दोषी को फांसी की सजा दिलवा देते मालदा जिले के दौरे पर पहुंचीं ममता बनर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। यदि यह मामला हमारे पास होता तो हम बहुत पहले ही फांसी की सजा दिलवा देते। मैं नहीं जानती कि सीबीआई ने इस मामले को कैसे लड़ा और क्या तर्क दिए, लेकिन मुझे संतोष नहीं मिला। फांसी होती तो मन को सुकून मिलता। ममता ने यह भी कहा कि आरजी कर मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए जयनगर, फरक्का और गुड़ाप के दुष्कर्म-हत्या मामलों का जिक्र किया, जहां पुलिस ने जांच पूरी कर दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई थी। ममता बनर्जी ने सीबीआई की कार्यशैली पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि हम चाहते थे कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, लेकिन यह मामला हमारे हाथ से लेकर सीबीआई को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि सीबीआई पर उन्हें भरोसा था, लेकिन वे उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। मुख्यमंत्री ममता ने राज्य पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि जयनगर, फरक्का और गुड़ाप मामलों में पुलिस ने प्रभावी जांच कर दोषियों को सजा दिलाई।

# नारायणगढ़ में खोला जायेगा बागवानी महाविद्यालय स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ भी लगेगा: नायब सैनी

### मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 43.28 करोड़ रुपये की लागत से किया 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एक बागवानी कॉलेज की स्थापना और स्थानीय स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा की। यह बागवानी कॉलेज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल से संबद्ध होगा जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को बागवानी के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा और शोध के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बड़ागढ़ स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के लिए हाई-मास्ट लाइटें भी लगाई जाएंगी ताकि सांयकाल के बाद भी हमारे खिलाडी अभ्यास जारी रख सकें। मुख्यमंत्री ने आज नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'नारायण तालाब' की भौतिक रिपोर्ट जांच कर इसे हरियाणा तालाब प्राधिकरण को देकर तालाब का जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने पतरहेड़ी से शहजादपुर-नारायणगढ़ तक सड़क को चार लेन का बनाने की भी घोषणा की। स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सड़कों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही, मार्केटिंग बोर्ड के तहत सड़कों की मरम्मत के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि लगभग 45 गांवों में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और आश्वासन दिया कि शेष गांवों में भी धीरे-धीरे इसी प्रकार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नारायणगढ़ में सहकारी चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है। किसानों की समस्याओं के मद्देनज़र राज्य सरकार इस मामले पर सक्रियता से चर्चा कर रही है और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है।

## शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच नहीं करेंगे किसान

**चंडीगढ़,(हि.स.)।** पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान अब मंगलवार को दिल्ली में कूच नहीं करेंगे। किसानों ने केंद्र सरकार से बैठक के लिए मिले न्यौते के बाद अपने कूच का फैसला टाल दिया है। उनके इस फैसले से यह साफ हो गया है कि अब किसान केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच पर आ सकते हैं। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फिलहाल दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले बैठक करे। ये बैठक चंडीगढ़ की बजाए दिल्ली में होनी चाहिए। फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। केंद्र से बातचीत का न्यौता मिलने के बाद एसकेएम ने कहा कि सभी किसान घेराव करने की बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को मांगों का ज्ञापन भेजें। 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। एसकेएम नेता दर्शनपाल सिंह ने कहा था कि सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संदेश भेजने का प्रयास किया जाएगा, ताकि किसानों से जल्द बातचीत शुरू हो सके। केंद्र सरकार की और से 14 फरवरी को बातचीत का प्रस्ताव आने के बाद भी डल्लेवाल ने साफ कर दिया है कि वे एमएसपी पर गारंटी कानून लागू न होने तक कुछ नहीं खाएंगे और उनका अनशन जारी रहेगा। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन सोमवार को 56वें दिन भी जारी रहा।